

लोकसभा में पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा, नहीं चला प्रश्नकाल - 12



इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ाने के लिए एफटीए का फायदा उठाना आवश्यक - 12



नई सरकार के कार्यकाल में मजबूत होंगे भारत और बांग्लादेश के संबंध - 13



जिम्बाब्वे ने आस्ट्रेलिया को हराकर किया उलटफेर - 14


आज का मौसम
26.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.46
सूर्यास्त 06.00

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वादशी 04:01 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 14 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 175, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 5 रुपये


# योगी की चेतावनी- वंदे मातरम नहीं गाने वालों को कान पकड़ कर करें बाहर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विधानसभा में मुख्यमंत्री के तीखे तेवर, कहा- हिंदुस्तान की खाएंगे लेकिन वंदेमातरम नहीं गाएंगे
- कहा-विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्षी सदस्यों का हंगामा मातृशक्ति का अपमान
- योगी ने गिनाई उपलब्धियां सपा को अपराधियों की जननी बताया बोले-देख सपाई बिटिया घबराई



विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्षी दलों पर बरसते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में शुक्रवार को विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वंदेमातरम का कोई अपमान नहीं कर सकता। वंदेमातरम का जो विरोध करता है उसका कान पकड़ करके धक्का देकर बाहर करना चाहिए। बोले कि 'वंदेमातरम का जो विरोध करेगा, वह वहीं जाए जहां पर उसको विरोध का स्वर दिखाई देता है, हिंदुस्तान की धरती पर रहने का अधिकार नहीं है'। योगी ने लोकसभा में कांग्रेस व सपा सांसद के बयान पर चेतावनी देते हुए कहा कि हिंदुस्तान की खाएंगे, लेकिन वंदेमातरम नहीं गाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी ने सदन में 2 घंटे 13 मिनट तक राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए सपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के दौरान हंगामा करके मुख्य विपक्षी दल सपा ने न केवल प्रदेश की संवैधानिक प्रमुख बल्कि मातृ शक्ति का भी अपमान किया। सनातन धर्म की परंपरा में मां की उम्र या अपनी उम्र से बड़ी महिला को मां के समान सम्मान देने का विधान है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तंज कसते हुए गालिब का शेर भी पढ़ा कि 'उम्र भर मैं ये भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आईना साफ करता रहा।'

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों की यात्रा अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन की यात्रा है। कर्फ्यू से कानून के राज की यात्रा है। उपद्रव से उत्सव की यात्रा है। समस्या से समाधान की यात्रा है और अविश्वास से आत्मविश्वास की यात्रा है। उन्होंने प्रदेश की उपलब्धियों, नीतिगत बदलावों और भविष्य की दिशा का व्यापक खाका प्रस्तुत किया। बताया कि आज यूपी बीमारू राज्य नहीं है, आज यह ट्रिपल-टी का एक प्रतीक बना है। ट्रिपल टी मतलब टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन। यानी एक त्रिवेणी बनकर के उभरा है। महिलाओं की सुरक्षा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहले देख सपाई बिटिया घबराई जैसी कहावत प्रचलित थी, लेकिन आज महिलाएं नाइट शिफ्ट में काम कर रही हैं। सपा पर सीधा हमला बोलते हुए उसे अपराधियों की जननी बताया। एनकाउंटर और कानून-व्यवस्था पर कहा कि कानून से बड़ा कोई नहीं है। हम कानून का पालन भी जानते हैं और पालन करवाना भी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस पर आधारित है। इंसेफेलाइटिस, माफिया और संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जैसे बीमारी को रौंद डाला गया, वैसे ही माफिया राज को भी खत्म किया गया है।

आटउसोर्सिंग की डकैती में अधिकांश लोग सपा के योगी ने कहा कि आउटसोर्सिंग की डकैती में सपा से जुड़े लोगों की भूमिका रही है। इसी कारण सरकार ने पारदर्शी व्यवस्था लागू कर मजदूरी और भुगतान को सुरक्षित किया है।

## गाजी के पाप का बदला कैसे लें महाराज सुहेलदेव से सीखिए

मुख्यमंत्री योगी ने महाराजा सुहेलदेव का उल्लेख करते हुए कहा कि गाजी के पापों का उत्तर इतिहास और शौर्य से मिलता है, तुष्टिकरण से नहीं। सपा पर आरोप लगाया कि राष्ट्रद्रोहियों को महिमा मंडित करते हैं और राष्ट्रनायकों का अपमान करते हैं। गाजी के मेले का समर्थन करते हैं। गाजी के पाप का बदला कैसे लिया जाए, यह महाराज सुहेलदेव से सीखिए। हमने उनके नाम से आजमगढ़ में विश्वविद्यालय बनाया है।

## ब्रीफ न्यूज

### रेलवे ने 2025 में तीन करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी बंद किए

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग में धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए 2025 में लगभग 3.03 करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी को बंद किया गया। उन्होंने साइबर हमलों से तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली की सुरक्षा के लिए रेल मंत्रालय द्वारा किए गए उपायों से अवगत कराया कि आधार ओटीपी सत्यापन ने वास्तविक यात्रियों के लिए टिकट की उपलब्धता में सुधार और पारदर्शिता बढ़ाने में योगदान दिया है।

### मादक पदार्थ तस्कर की डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को कुलगाम जिले में एक कथित मादक पदार्थ तस्कर की 1.5 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। कुर्क की गई संपत्तियों में मणिगम गांव में छह दुकानें, पांच गोदाम, एक टिन शेड और एक चबूतरा शामिल हैं। ये संपत्तियां कुलगाम के निपोरा इलाके के निवासी मोहम्मद अशरफ खंडे की हैं, जो कथित तौर पर बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल है। उन्होंने कहा कि यह साबित हो जाने के बाद कि ये संपत्तियां अवैध मादक पदार्थ के धंधे से अर्जित की गयी हैं, यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-एफ के तहत की गई।

### प्रमाणपत्र के बिना उड़ान संचालन पर एयर इंडिया पर एक करोड़ का जुर्माना

**मुंबई/नई दिल्ली।** विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने पिछले साल कम से कम आठ मार्गों पर आवश्यक उड़ान योग्यता प्रमाणपत्र के बिना एयरबस ए320 नियो विमान का संचालन करने के लिए टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने पिछले साल दो दिसंबर को कहा था कि वह एयर इंडिया द्वारा बिना वैध प्रमाणपत्र के विमान उड़ाने की घटना की जांच कर रहा है। नियामक द्वारा की गई इस कार्रवाई पर एयर इंडिया ने एक बयान में कहा, एयर इंडिया डीजीसीए के उस आदेश की प्राप्ति स्वीकार करती है, जो 2025 में स्वेच्छा से रिपोर्ट की गई एक घटना के संबंध में है।।

# अब सेवा तीर्थ से चलेगी सरकार

## प्रधानमंत्री ने नए कार्यालय का किया उदघाटन, किसानों-महिलाओं के कल्याण को लिए अहम निर्णय

- यहां पर पीएमओ, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय होंगे

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली में सेवा तीर्थ परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल एवं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सेवा तीर्थ परिसर का उद्घाटन किया, जहां प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय स्थित होंगे। प्रधानमंत्री का कार्यालय अब रायसीना हिल पर राष्ट्रपति भवन के निकट स्थित औपनिवेशिक काल की साउथ ब्लॉक इमारत से सेवा तीर्थ परिसर में स्थानांतरित हो गया। यह बदलाव 13 फरवरी को हुआ, जब 1931 में नई दिल्ली को भारत की आधुनिक राजधानी के रूप में औपचारिक रूप से उद्घाटन किए जाने के 95 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

शुक्रवार को प्रधानमंत्री केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल और जितेंद्र सिंह तथा पीएमओ के शीर्ष अधिकारियों के साथ सेवा तीर्थ परिसर पहुंचे और इस परिसर का उद्घाटन किय। इस दौरान मोदी ने प्रत्येक नागरिक को जीवन रक्षक सुरक्षा प्रदान करने और लखपति दीदी की संख्या को दोगुना करके छह करोड़ करने के लिए 'पीएम राहत योजना' की शुरुआत को मंजूरी देने वाली फाइल पर हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने बताया कि 'पीएम राहत योजना' के तहत, दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि तत्काल चिकित्सा सहायता न मिलने के कारण किसी की जान न जाए। सरकार ने मार्च 2027 की समयसीमा से एक साल से भी अधिक पहले तीन करोड़ लखपति दीदियों का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। प्रधानमंत्री ने अब मार्च 2029 तक छह करोड़ लखपति दीदियों का एक नया, महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी के रूप में, कृषि अवसंरचना निधि को दोगुना करके दो लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।

इस कदम का उद्देश्य भारत की संपूर्ण कृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत करना है। मोदी ने 10,000 करोड़ की निधि के साथ 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को भी मंजूरी दी। एक अधिकारी ने कहा, भारत के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को, विशेष रूप से डीप टेक, उन्नत विनिर्माण और अभूतपूर्व प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में, सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ 'स्टार्टअप इंडिया एफओएफ 2.0' को मंजूरी दी है। इससे पहले मोदी ने नए परिसर में सेवा तीर्थ की पट्टिका का अनावरण किया। यह नाम देवनागरी लिपि में परिसर की दीवार पर अंकित है। इसके नीचे 'नागरिक देवो भव' का आदर्श वाक्य लिखा है।

### सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन विकसित भारत की यात्रा में मील के पत्थर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पीएमओ और केंद्रीय सचिवालय के नए भवन विकसित भारत की दिशा में देश की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं और ये नागरिक-केंद्रित शासन एवं राष्ट्रीय प्रगति के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि इन इमारतों का निर्माण भारत के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम 'सेवा तीर्थ' रखा गया है जबकि केंद्रीय सचिवालय की दो इमारतों को 'कर्तव्य भवन' 1 और 2 कहा जाएगा। ये नागरिक-केंद्रित शासन और राष्ट्रीय प्रगति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी ऐतिहासिक इमारतें, जिनमें अब तक प्रधानमंत्री कार्यालय के अलावा रक्षा, गृह और वित्त जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय स्थित हैं, ब्रिटिश साम्राज्य के आदर्शों को मूर्त रूप देने के लिए बनाई गई थीं, लेकिन सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन का निर्माण देश की जनता की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए किया गया है।

# मेडिकल कॉलेजों के फोरेंसिक विशेषज्ञों की निगरानी में होगा पोस्टमार्टम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पोस्टमार्टम प्रक्रिया में बड़ा बदलाव, सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर इससे मुक्त

**अमृत विचार :** प्रदेश में पोस्टमार्टम (शव-विच्छेदन) प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और वैज्ञानिक बनाने के लिए राज्य सरकार ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब पोस्टमार्टम मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेजों के फोरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञों द्वारा कराए जाएंगे। दिशा निर्देश के बाद सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर शव विच्छेदन प्रक्रिया से मुक्त कर दिए गए हैं।

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के सभी सरकारी, स्वायत्तशासी और निजी मेडिकल कॉलेजों में फोरेंसिक विभाग के चिकित्सकों को निर्धारित शर्तों के तहत पोस्टमार्टम प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। यूपी शरीर रचना परीक्षण अधिनियम-1956 के तहत लावारिस शवों का पोस्टमार्टम निजी मेडिकल कॉलेजों में होगा। लेकिन, अपराध या मेडिकल बोर्ड से जुड़े मामलों को निजी संस्थानों को नहीं सौंपा जाएगा। राज्य सरकार का दावा है कि नई व्यवस्था से पोस्टमार्टम प्रक्रिया अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी और विधिसम्मत है। नए निर्देशों के मुताबिक पूरी प्रक्रिया यूपी मेडिकल मैनुअल और राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगी। रिपोर्टिंग की जिम्मेदारी सीएमओ और संबंधित संस्थान के फोरेंसिक विभागाध्यक्ष की होगी। निजी मेडिकल कॉलेजों में पोस्टमार्टम शुरू करने से पहले उच्च स्तरीय समिति का निरीक्षण अनिवार्य रहेगा। प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित होगी, जो थानों के आवंटन और निगरानी की जिम्मेदारी संभालेगी।

### बदलाव से सरकारी अस्पतालों को राहत

पोस्टमार्टम प्रक्रिया में किए गए बदलाव का सकारात्मक असर सरकारी अस्पतालों पर पड़ने की उम्मीद है। अब फोरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञों की निगरानी में शव-विच्छेदन होने से स्वास्थ्य विभाग के सरकारी अस्पतालों में तैनात सर्जन व अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों को पोस्टमार्टम ड्यूटी से राहत मिलेगी। इससे उनकी ओपीडी और ऑपरेशन थिएटर (ओटी) की सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी और मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा।

# बांग्लादेश में तारिक रहमान का पीएम बनना तय

ढाका, एजेंसी

### 20 साल बाद सत्ता में वापसी



बांग्लादेश में गुरुवार को हुए 297 सीटों पर हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीएनपी गठबंधन ने 209 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को करीब 68 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। इस चुनाव में 59.44 प्रतिशत मतदान हुआ।

ये चुनाव ऐसे समय में हुए हैं, जब देश उथल-पुथल भरी राजनीतिक शून्यता, अस्थिरता और सुरक्षा की नाजुक स्थिति से गुजर रहा है। देश में पिछले साल अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद अल्पसंख्यकों पर व्यापक पैमाने पर हमले हुए हैं। छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के कारण पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को 15 साल के शासन के बाद सत्ता से हटना पड़ा था। यूनुस के कार्यकाल में ढाका के नई दिल्ली से रिश्तों में काफी गिरावट आई।

# मुख्तार अंसारी के शूटर रहे बॉबी की गोली मारकर हत्या



- दिनदहाड़े 10 गोलियां मारी शोएब को तीन से चार गोलियां लगीं लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग पर असेनी मोड़ पर घटी घटना

**बाराबंकी।** 27 साल पहले हुए जेलर हत्याकांड में आरोपी व मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य रहे शोएब किदवई उर्फ बॉबी की शुक्रवार दोपहर गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी गई। लखनऊ से कचेहरी आते समय बदमाशों ने कार को घेर बाबी पर ताबड़तोड़ 10 राउंड फायर किया। बॉबी को तीन से चार गोलियां लगीं। इस घटना से अधिवक्ता समाज आक्रोशित है। वहीं मौके पर पहुंचे एडीजी प्रवीण कुमार व एसपी ने घटनास्थल की पड़ताल की।

अयोध्या राजमार्ग पर असेनी मोड़ पर शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे डीएम आवास से कुछ ही दूरी पर रहने वाले अधिवक्ता शोएब किदवई उर्फ बॉबी लखनऊ से अकेले ही कार चलाकर बाराबंकी वापस आ रहे थे। अभी वह असेनी मोड़ पर पहुंचे ही थे कि एक बाइक पर सवार दो बदमाश अचानक कार के आगे आ गए और फायरिंग शुरू कर दी। करीब दस राउंड फायरिंग में कई गोलियां कार का शीशा पार कर गईं, वहीं तीन गोलियां लगने से बॉबी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस दौरान ओवरब्रिज के ऊपर भी दो बदमाश खड़े हुए थे। इस बीच हमलावर भाग निकले। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस ने कार से निकालकर खून से लथपथ शोएब को अस्पताल भिजवाया जहां मृत घोषित कर दिया गया। इस बीच एसपी अर्पित विजयवर्गीय घटनास्थल की पड़ताल कर ही रहे थे कि एडीजी लखनऊ प्रवीण कुमार भी बाराबंकी आ गए और घटना की जानकारी ली। एसपी बोले कि मुख्तार गैंग से जुड़े बॉबी शहर कोतवाली के हिस्ट्रीशीटर थे और उन पर हत्या और गैंगस्टर सहित पांच मुकदमे दर्ज हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। उधर पूर्व ब्लॉक प्रमुख व अधिवक्ता बॉबी की हत्या से वकील आक्रोशित हो गए और विरोध जताया।

# लखनऊ, अयोध्या व वाराणसी समेत 19 कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी

- सभी जिला जज के आधिकारिक ई-मेल पर भेजे गए धमकी भरे संदेश
- लखनऊ सिविल कोर्ट खाली कराकर चार घंटे चला सर्च अभियान

**लखनऊ।** लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी समेत प्रदेश के 19 जिला कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी शुक्रवार सुबह दी गई। यह धमकी सभी जिला जज के आधिकारिक ई-मेल के जरिये भेजा गया।

जानकारी होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पूरा कचहरी परिसर खाली कराया गया। पुलिस व बम निरोधक दस्ते ने सर्च अभियान चलाया। वहीं साइबर क्राइम की टीम ई-मेल भेजने वाले के बारे में जानकारी जुटा रही है। लखनऊ में जिला कचहरी में चार घंटे तक सर्च अभियान चला, हालांकि कुछ भी हाथ नहीं लगा। परिसर की सुरक्षा के बंदोबस्त किए गए। जिला जज के आधिकारिक मेल आईडी पर शुक्रवार की दोपहर एक धमकी भरा ई-मेल आया, जिसमें कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डाग स्क्वायड टीम ने पूरे परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आम लोगों का परिसर में प्रवेश रोक दिया गया। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी के मुताबिक इस मेल के बारे में जिला जज की तरफ से सूचना दी गई थी। आधा दर्जन से अधिक टीमों ने पूरे कचहरी परिसर की तलाशी ली। अंदर मौजूद कई संदिग्ध दिखने वाले लोगों से पूछताछ की गई। मेल भेजने वाले के बारे में आईपी एड्रेस की मदद से जानकारी जुटाई जा रही है। साइबर क्राइम टीम की मदद भी ली जाएगी।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव पूरे कचहरी परिसर की तलाशी ली गई है। साइबर क्राइम व सर्विलांस की टीमों को मेल भेजने वाले के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए लगाया है। इस मामले में अन्य जिलों की पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है।

## खगोल विज्ञान

चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना 3 मार्च को होगी, जो भारत से देखी जा सकेगी

# मंगलवार को लगेगा वर्ष का पहला वलयाकार सूर्यग्रहण

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** मंगलवार 17 फरवरी को लगने जा रहा वर्ष का पहला सूर्यग्रहण रिंग ऑफ फायर यानि वलयाकार होगा। यह ग्रहण मुख्य रूप से अंटार्कटिका के ऊपर दिखाई देगा। भारत में यह ग्रहण नहीं देखा जा सकेगा। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होगा, जो भारत से देखा जा सकेगा।

यह वलयाकार सूर्यग्रहण दक्षिणी गोलार्ध में लगने जा रहा है। जिसका पाथ अंटार्कटिका से होकर जाएगा। इसका पाथ बहुत संकरा है, जो लगभग 616 किमी चौड़ी पट्टी का होगा, जबकि इसकी लंबाई में 4282 किमी का क्षेत्र कवर करेगा। भारतीय समयानुसार दोपहर 3.26 बजे सूर्यग्रहण लगना शुरू होगा। इस ग्रहण में सूर्य का सिर्फ बीच का हिस्सा ग्रहण की चपेट में आता है, जबकि किनारे ग्रहण से मुक्त रहते है। जिसके चलते यह आग का छल्ला जैसा दिखाई देता है। देखने में ग्रहण का यह दृश्य मनमोहक लगता है। चंद्रमा और सूर्य के बीच की दूरी अधिक होने के कारण वलयाकार सूर्य ग्रहण होता है, जबकि पूर्ण सूर्य ग्रहण में चंद्रमा सूरज को पूरी तरह ढक लेता है। वलयाकार सूर्य ग्रहण की अवधि दो मिनट की रहेगी। इसके बाद आंशिक ग्रहण बना रहेगा।

भारतीय समयानुसार ग्रहण की शुरुआत दोपहर 3.26 बजे होगी। शाम 5:42 बजे ग्रहण मध्यस्था में होगा। शाम 7.57 बजे सूर्यग्रहण के साए से मुक्त हो जाएगा। भारत में सूर्य नीचे होने के कारण ग्रहण दिखाई नहीं देगा।इसके बाद अगला सूर्य ग्रहण 12 अगस्त 2026 को लगेगा, जो पूर्ण सूर्यग्रहण होगा। यह ग्रहण भी भारत में दिखाई नहीं देगा। इसके बाद चंद्र ग्रहण तीन मार्च को लगने जा रहा, हो भारत से देखा जा सकेगा।

### मनमोहक होगा नजारा

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक डॉ. वहाबउद्दीन के अनुसार ग्रहण की घटना अद्भुत होती है। वलयाकार सूर्य ग्रहण मनमोहक होता है, जबकि पूर्ण सूर्य ग्रहण वैज्ञानिक दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण होता है, जिसमें सूरज के कोरोना को देखा जा सकता है। वैज्ञानिक अध्ययन के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण होता है।

विधानसभा की कार्यवाही

## शंकराचार्य की परंपरा मर्यादा से चलती है, मनमर्जी से नहीं: मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर पहली बार पूरी मजबूती से सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने सनातन परंपरा की मर्यादाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शंकराचार्य का पद भारत की सनातन परंपरा में सर्वोच्च और अत्यंत पवित्र माना जाता है। यह कोई सामान्य उपाधि नहीं है, जिसे कोई भी व्यक्ति स्वयं ग्रहण कर ले। सवाल उठाया कि यदि संबंधित व्यक्ति वास्तव में शंकराचार्य थे, तो उन पर सपा सरकार में लाठीचार्ज और एफआईआर क्यों हुई? योगी ने कहा कि नैतिकता की बात करने वालों को पहले परंपरा और व्यवस्था का सम्मान करना चाहिए। माघ मेला में मौनी अमावस्या के अवसर पर साढ़े चार करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे अवसरों पर कड़ी व्यवस्था लागू करनी होती है। प्रवेश और निकास मार्ग निर्धारित होते हैं और उनका पालन सभी के लिए अनिवार्य है। नियमों की अनदेखी भगदड़ जैसी स्थिति पैदा कर सकती है, जिससे श्रद्धालुओं की जान खतरे में पड़ सकती है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि कानून सबके लिए समान है। मुख्यमंत्री का पद भी कानून से ऊपर नहीं है। कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि सरकार कानून के शासन में विश्वास करती है और मर्यादा व व्यवस्था बनाए रखना उसकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम मर्यादित लोग हैं, कानून के शासन पर विश्वास करते हैं। कानून के शासन का पालन करना भी जानते हैं, पालन करवाना भी जानते हैं। दोनों चीजों को एक साथ लागू करवाना जानते हैं, लेकिन इसके नाम पर गुमराह करना बंद करिए।

- **कहा-कानून सबके लिए समान, मुख्यमंत्री का पद भी कानून से ऊपर नहीं**

**झूठ को मुद्दा बनाना विपक्ष की प्रवृत्ति :** मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह बार-बार एक ही बात को दोहराकर उसे मुद्दा बनाने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि जो विषय वास्तविक मुद्दा नहीं था, उसे जानबूझकर विवाद का रूप दिया गया। सदन में तथ्यात्मक चर्चा होनी चाहिए, न कि भ्रम फैलाने का प्रयास।

## सामाजिक पेंशन बढ़ेगी, सोमवार तक होगी घोषणा : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि लाभार्थियों की सामाजिक पेंशन राशि बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बजट में इसके लिए आवश्यक धनराशि का प्रावधान कर दिया गया है, हालांकि औपचारिक घोषणा अभी नहीं की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमवार तक पेंशन वृद्धि की घोषणा कर दी जाएगी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 1.06 करोड़ निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को प्रतिमाह 1000 रुपये पेंशन दी जा रही है, यानी सालाना 12,000 रुपये की आर्थिक सहायता मिलती है। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार सामाजिक सुरक्षा के दायरे को और मजबूत करते हुए इन सभी वर्गों के लिए पेंशन राशि में बढ़ोतरी करने जा रही है। सरकार का उद्देश्य कमजोर, असहाय और जरूरतमंद वर्गों को आर्थिक संबल देकर सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना है। पेंशन वृद्धि से लाभार्थियों को बढ़ती महंगाई के बीच सीधी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## सतीश महाना भाजपा विधायक केतकी पर भड़के, हेड फोन फेंका

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान सपा विधायक रागिनी सोनकर के सवाल पर भाजपा विधायक केतकी सिंह के टोकने से स्पीकर सतीश महाना नाराज होकर सदन से बाहर चले गए। 10 मिनट बाद लौटने पर माहौल खुशनुमा हो गया। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा की तारीफ और सपा विधायक कमल अख्तर की शायरी ने सदन में ठहाके गूंजा दिए, जिससे तनाव खत्म हो गया। सपा विधायक रागिनी सोनकर लोक सेवा आयोग से जुड़ी भर्तियों पर सवाल उठा रही थीं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने जवाब दिया, लेकिन रागिनी के दोबारा सवाल पूछने पर भाजपा विधायकों ने टोका-टोकी की। इस दौरान भाजपा विधायक केतकी सिंह को रोकने के बाद भी टोका-टाकी करने से स्पीकर सतीश महाना नाराज हो गए और भाजपा विधायक केतकी सिंह पर भड़कते हुए कहा कि ''क्या आप हाउस चलाएंगी? सदन चलाना मेरा काम है।'' गुस्से में उन्होंने हेडफोन/माइक फेंका और सदन से बाहर चले गए, जिससे कार्यवाही प्रभावित हुई। 10 मिनट तक सदन की कार्यवाही प्रभावित रही। 10 मिनट बाद स्पीकर महाना सदन में लौटे, लेकिन अब माहौल पूरी तरह बदल चुका था... खुशनुमा और हल्का-फुल्का। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा ने स्पीकर की तारीफ की और कहा कि ''आप मुस्कुराते हैं तो पूरा सदन मुस्कुरा उठता है।'' उन्होंने वित्त मंत्री से शायरी सुनाने की अपील की। तभी सपा विधायक कमल अख्तर ने रोमांटिक अंदाज में शायरी सुनाई... ''तुम रूठा न करो, सबकी जान चली जाती है। तुम हंसते रहते हो तो बिजली-सी चमक जाती है।'' वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, ''महबूबा वाली शायरी न सुनाया करो।'' इस पूरे सीन से सदन में ठहाके गूंज उठे और तनाव हंसी-मजाक में बदल गया।



# गरीबी रेखा से बाहर आए छह करोड़ लोगों को सभी सुविधाएं पूर्ववत

## नेता प्रतिपक्ष ने पूछा था सवाल, योगी बोले- यूपी बना भारत के विकास का इंजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा में विस्तृत जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से छह करोड़ से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि उनसे सरकारी सुविधाएं छीनी जाएंगी। योगी ने कहा कि भारत के विकास का इंजन यूपी बना है। इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, स्वास्थ्य व टेक्नोलॉजी में बड़ी छलांग लगाई है। साइबर अपराधियों को नापने के सभी इंतजाम किए जा रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद ने सुविधाएं छीनने, साइबर अपराध आदि सवाल पूछे थे। योगी ने नीति आयोग के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि गरीबी रेखा से बाहर आए लोगों को राशन, आवास, स्वास्थ्य, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा की सभी योजनाएं पूर्ववत जारी रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था और पुलिस सुधारों पर जोर देते हुए कहा कि 2017 से पहले पुलिस की प्रशिक्षण क्षमता तीन हजार से भी कम थी, जबकि आज 60 हजार से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को एक साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिला पुलिसकर्मियों की संख्या 10 हजार से बढ़कर 44 हजार हो चुकी है। साइबर अपराध से निपटने के लिए सभी 75 जिलों में साइबर थाने और हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। फॉरेंसिक साइंस इकोसिस्टम को मजबूत कर जांच को अधिक वैज्ञानिक बनाया गया है।



विधानसभा में विपक्ष के सवालों का जवाब देते मुख्यमंत्री योगी।

आर्थिक मोर्चे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार सदन में आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत हुआ है, जो विचार से व्यवस्था और व्यवस्था से विकास की यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले केंद्र सरकार की योजनाओं का सबसे बड़ा बॉटलनेक उत्तर प्रदेश माना जाता था, लेकिन आज यूपी उन्हीं योजनाओं को गति देने वाला अग्रणी राज्य बन चुका है। प्रदेश अब देश की टॉप-3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और 13 लाख करोड़ से बढ़कर अर्थव्यवस्था 36 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गई है, वह भी बिना कोई नया टैक्स लगाए। इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के 55 प्रतिशत एक्सप्रेसवे वाला राज्य बन चुका है। सबसे बड़ा रेल नेटवर्क, पांचवां इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर), देश की पहली रैपिड रेल, इनलैंड वाटरवे, रोपवे और सबसे अधिक मेट्रो सिटीज यूपी की पहचान बन चुकी हैं। ईस्टर्न-वेस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर और मल्टीमॉडल टर्मिनल से लॉजिस्टिक्स को नई ताकत मिलेगी।

कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर किसानों को कर्जदाता बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि स्पष्ट कृषि नीति के कारण आज कम लागत, अधिक उत्पादन और डीबीटी के माध्यम से सीधे भुगतान सुनिश्चित हुआ है।

### सपा पर मुख्यमंत्री के तीखे हमले

- सपा पर आरोप : किसानों को उत्पादक से कर्जदाता बनाने का पाप
- कांग्रेस-सपा शासन में अन्नदाता कर्ज, पलायन और एमएसएमई बंदी का शिकार
- माफिया और अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप, राजू पाल-उमेश पाल हत्याकांड का जिक्र
- तुष्टिकरण के नाम पर आक्रांताओं का महिमामंडन करने का आरोप
- समाजवाद अब त्याग नहीं, संपत्ति और संतति का प्रतीक बन गया
- जातीय वैमनस्यता फैलाने का आरोप, कहा- देश की गुलामी भी इसी कारण हुई
- गोमती रिवर फ्रंट, जेपीएनआईसी, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे में भ्रष्टाचार गिनाया
- आउटसोर्सिंग की "डकैती" में सपा से जुड़े लोगों की भूमिका का आरोप

# अफसरों पर भ्रष्टाचार की रिपोर्ट सदन में रखे सरकार: माता प्रसाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में उठाया लोकायुक्त की रिपोर्ट का मुद्दा**
- **कार्यवाहक डीजीपी पर उठाए सवाल, एनकाउंटर और रोजगार पर विपक्ष ने सरकार को घेरा**

**अमृत विचारः** विधानसभा सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सरकार को कई मोर्चों पर घेरा। उन्होंने भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, एनकाउंटर नीति और रोजगार जैसे अहम मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगते हुए कहा कि चार आईएएस अधिकारियों समेत विभिन्न विभागों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़ी लोकायुक्त की रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सदन में भ्रष्टाचार जैसे गंभीर विषय पर कोई ठोस चर्चा नहीं हुई, जबकि आम जनता सबसे ज्यादा इसी समस्या से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि आईएएस अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच के कई मामले लोकायुक्त के पास लंबित हैं। इसके अलावा जिला पंचायत, नगर पंचायत, समाज कल्याण विभाग समेत अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें भी दर्ज हैं, लेकिन सरकार ने इन मामलों की वर्तमान स्थिति पर सदन को कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि यदि लोकायुक्त की सिफारिशों और रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाता, तो सभी सदस्य उसकी समीक्षा कर सकते थे। उन्होंने सदन में एक आईएएस अधिकारी,



नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय

लखनऊ के जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा संभल की नगर पंचायत की अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी का नाम भी लिया। उन्होंने कहा कि अन्य आईएएस अधिकारियों के नाम भी लिए जा सकते हैं, लेकिन इससे सरकार को असुविधा होगी। उन्होंने लोकायुक्त के कार्यकाल पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि लोकायुक्त का कार्यकाल कब तक है। लोकायुक्त पिछले आठ वर्षों से पद पर हैं, ऐसे में सरकार को इस विषय पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

कानून-व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हाल के दिनों में आपराधिक घटनाओं में पुलिसकर्मियों के नाम सामने आना बेहद चिंताजनक है।

# शिक्षा व्यवस्था और स्कूल बंदी पर सदन में हंगामा, सपा का बहिर्गमन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधान परिषद में शुक्रवार को नियम-105 के तहत प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों के उत्पीड़न और स्कूल मर्जर का मुद्दा गरमा गया। सपा सदस्यों में डॉ.मान सिंह यादव ने आरोप लगाया कि बीते 7 वर्षों में मर्जर के नाम पर करीब 36 हजार प्राथमिक विद्यालय बंद कर दिए गए, जिससे ग्रामीण और गरीब छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने सरकार पर गुमराह करने का आरोप लगाया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी के बीच सपा सदस्यों ने बहिर्गमन किया।

सपा के ही आशुतोष सिन्हा ने प्रदेश में 1.20 लाख शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती न होने का आरोप लगाया।

### राज्यपाल के अभिभाषण पर भी टकराव

दोपहर में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान भाजपा और सपा के बीच तीखी बहस हुई। भाजपा के विजय बहादुर पाठक समेत अन्य सदस्यों ने कानून व्यवस्था को बेहतर बताया, जबकि सपा के राजेंद्र चौधरी ने भ्रष्टाचार और बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। अंत में सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई।

- **बजट सत्र के पांचवें दिन नियम 105 के तहत सदन में सत्ता पक्ष व विपक्ष में हुई तीखी बहस**

कहा, बिना गुरू बने ही, विश्वगुरू बनने की दिशा में भाजपा अग्रसर है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि शिक्षकों को कैशलेस इलाज सहित कई सुविधाएं दी जा रही हैं। जिन विद्यालयों में छात्र संख्या 50 से कम थी, उनका मर्जर किया गया है। छात्र संख्या बढ़ने पर विद्यालय बहाल भी किए गए हैं और मर्ज किए गए भवनों में बाल वाटिका संचालित है।

विधान परिषद

# शिक्षक के निलंबन का मामला गूंजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधान परिषद के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को बदायूं में शिक्षक दिवस (5 सितंबर 2023) के दिन एक शिक्षक के निलंबन का मामला जोरदार ढंग से उठाया गया। प्रश्नकाल के दौरान शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने यह मुद्दा उठाया और निलंबन की कार्रवाई के औचित्य पर सवाल खड़े किए।

मामले में राज्य सरकार के जवाब से असंतुष्ट सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने तत्कालीन बीएसए अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि कार्रवाई में किसी तरह का अगर-मगर नहीं चलेगा। पूरे प्रदेश में जो भी अधिकारी अपने अधिकारों का दुरुपयोग करेगा, उसके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

- **शिक्षक नेता ने निलंबन पर सवाल खड़े किए, बीएसए पर कार्रवाई के निर्देश**

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने सदन को बताया कि 5 सितंबर 2023 को बदायूं के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार शर्मा को बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित पाए जाने, पिछले तीन दिनों से मिड डे मील वितरण न होने, बिना अनुमति बीएसए कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करने और अवांछनीय आचरण के आरोप में निलंबित किया गया था। हालांकि 19 सितंबर को जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें सवेतन बहाल कर दिया गया और समस्त अनुशासनिक कार्रवाई समाप्त कर दी गई।

इस पर शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने गलत तथ्यों के आधार पर निलंबन करने वाले बीएसए अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। नेता सदन एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार गुरुजनों का सम्मान करती है और किसी भी शिक्षक का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सभापति ने संबंधित बीएसए के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी दौरान सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा के प्रश्न के उत्तर में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्या ने बताया कि वित्त विभाग की सहमति से अग्निशमन तथा आपात सेवा विभाग की सेवा नियमावली तैयार हो चुकी है और जल्द जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले तीन-चार माह में स्वीकृत पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

## भाजपा ने 'नए माफिया' पैदा किए : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर प्रदेश में "नए-नए माफिया" पैदा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने "एनकाउंटर माफिया, कफ सिरप माफिया, नीट माफिया और स्कैम माफिया" जैसे नए संस्करण तैयार किए हैं। कानपुर में मीडिया से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि बीते 9 वर्षों में बिजली उत्पादन नहीं बढ़ा और वर्तमान आपूर्ति पूर्ववर्ती सपा सरकार की परियोजनाओं पर निर्भर है। कानपुर में निवेश न आने के लिए आधारभूत संरचना की कमी को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि भाजपा कमजोर पड़ने पर सांप्रदायिक राजनीति करती है।

# सेमीकंडक्टर संयंत्र का शिलान्यास 21 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश को देश के सेमीकंडक्टर हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में 21 फरवरी को एक बड़ा कदम उठाया जाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के सेक्टर-28 में इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर संयंत्र का शिलान्यास होगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव परियोजना स्थल पर उपस्थित रहेंगे।

यह संयुक्त उद्यम एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप द्वारा स्थापित किया जा रहा है। 48 एकड़ भूमि पर स्थापित होने वाली यह इकाई केंद्र सरकार के सेमीकंडक्टर मिशन और उप्र. सरकार के सहयोग से विकसित की जा रही है। यह देश की पहली डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट ओसैट सुविधा होगी, जहां चिप्स की उन्नत पैकेजिंग, असेंबली और परीक्षण किया जाएगा। परियोजना से देश के सकल घरेलू उत्पाद में प्रतिवर्ष लगभग 45,000 करोड़ रुपये के संभावित योगदान का अनुमान है।



लखनऊ छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती रैली के दौरान कतार में बैठे अभ्यर्थी। अमृत विचार

## अग्निवीर बनने को 794 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भर्ती कार्यालय लखनऊ द्वारा छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में आठवें दिन शुक्रवार को अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी की भर्ती रैली कराई गई। हमीरपुर जिले के अंतर्गत हमीरपुर, राठ, सेरीला और मौदहा तथा उन्नाव के अंतर्गत सफीपुर, हसनगंज, उन्नाव, पुरवा, बीघापुर और बांगरमऊ तहसील के अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया।

इस रैली में कुल 1083 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया था। इसमें 794 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया और दमखम दिखाया। देर रात से ही पहुंचे अभ्यर्थियों में काफी उत्साह रहा। सुबह दौड़, कूद व अन्य शारीरिक परीक्षण की परीक्षा दी। इसी तरह 14 फरवरी को अग्निवीर जनरल ड्यूटी श्रेणी के लिए भर्ती कार्यालय, लखनऊ के तहत गोंडा जिले के अंतर्गत गोंडा, तरबगंज, मनकापुर और कर्नलगंज तथा बांदा जिले के अंतर्गत बांदा, बबेरू, अतर्रा, नरैनी और पैलानी तहसीलों के लिए भर्ती रैली कराई जाएगी।

पहल | डेटा सेंटर और रोबोटिक्स मिशन से डिजिटल अर्थव्यवस्था को रफ्तार

# नई तकनीकों से प्रशिक्षित होंगे 25 लाख युवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृक विचारः** प्रदेश की युवा आबादी को भविष्य की उन्नत तकनीक आधारित वैश्विक अर्थव्यवस्था के अनुरूप तैयार करना है। इसी दिशा में 'टेक युवा–समर्थ युवा' योजना के तहत प्रदेश के 25 लाख युवाओं और छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऑगमेंटेड रिएलिटी (एआर), वर्चुअल रिएलिटी (वीआर) और एक्सटेंडेड रिएलिटी (एक्सआर) जैसी उभरती तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा।

योगी सरकार का लक्ष्य उद्देश्य पारंपरिक डिग्री आधारित शिक्षा से आगे बढ़कर कौशल आधारित दक्षता विकसित करना है, ताकि प्रदेश का युवा वैश्विक वर्कफोर्स का हिस्सा बन सके। इसके साथ ही लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर में विश्वस्तरीय 'यू-हब' की स्थापना कर स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत किया जाएगा। डिजिटल अवसंरचना को गति देने के लिए बजट में महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए गए हैं। 5 गीगावाट क्षमता वाले 4 से 5 डेटा सेंटर क्लस्टर स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रारंभिक प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में पूरे देश की डेटा सेंटर क्षमता लगभग 1.6 गीगावाट है। वहीं नोएडा और ग्रेटर नोएडा को रोबोटिक्स हब के रूप में विकसित करने के लिए 100 करोड़ रुपये के उत्तर प्रदेश रोबोटिक्स मिशन की शुरुआत की जा रही है।

## मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना से 16 हजार को मिलेगा रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना और पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत बड़े प्रावधान किए हैं। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत 800 नई इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य तय किया है, जिसके माध्यम से प्रदेश में करीब 16,000 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

योजना के तहत 40 करोड़ रुपये के बैंक ऋण के माध्यम से लघु, कुटीर और ग्रामोद्योग आधारित इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

## दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 की तिथि 18 तक बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने की पहल को विस्तार देते हुए "दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0" की अवधि 18 फरवरी तक बढ़ा दी है। यह जानकारी व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि पहले यह अभियान 6 से 13 फरवरी 2026 तक संचालित होना था, लेकिन अधिकाधिक दिव्यांगजनों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इसकी तिथि बढ़ाई गई है। कौशल विकास मंत्री ने शुक्रवार को कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता के लिए प्रतिबद्ध है।

# 3069 करोड़ की 15 परियोजनाएं मंजूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, आगरा, मथुरा, मुरादाबाद व अलीगढ़ जिलों में मिली स्वीकृति**
- **विकसित की जाएंगी 3923 आवासीय, व्यावसायिक एवं मिश्रित उपयोग इकाइयां**

**अमृत विचार :** उप्र. रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण ने लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, आगरा, मथुरा, मुरादाबाद और अलीगढ़ में 15 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इनमें में 3,923 आवासीय, व्यावसायिक एवं मिश्रित उपयोग की इकाइयों में फ्लैट, विला, प्लॉट और व्यावसायिक दुकानें बनाकर बिक्री की जाएंगी। इन परियोजनाओं पर 3,069.10 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

शुक्रवार को न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय पर अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में 195वीं प्राधिकरण बैठक हुई। इस दौरान प्रमोटरों ने अपनी परियोजनाओं के प्रस्ताव रखे। इसमें लखनऊ की 414 इकाई वाली दो आवासीय परियोजनाएं स्वीकृत की गईं। जो 328.04 करोड़ से विकसित की जाएंगी। गौतमबुद्ध नगर को सर्वाधिक चार परियोजनाओं की स्वीकृति मिली है। इनमें 396 इकाइयों की दो आवासीय व 433 इकाइयों की दो व्यावसायिक परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। चारों परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 1,092.19 करोड़ है। आगरा में 133.17 करोड़ की लागत से एक मिश्रित उपयोग परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसमें 432 इकाइयां शामिल हैं। गाजियाबाद में तीन आवासीय परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल अनुमानित लागत 1,119.22 करोड़ है और इनमें 1,193 आवासीय इकाइयां विकसित की जाएंगी। अलीगढ़ में 243.62 करोड़ की लागत से एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति मिली है, जिसमें 512 इकाइयों का विकास प्रस्तावित है। मथुरा में 40.61 करोड़ की लागत से एक आवासीय एवं एक व्यावसायिक परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें 347 इकाइयां विकसित की जाएंगी। वहीं, मुरादाबाद में 112.25 करोड़ की लागत से दो आवासीय परियोजनाएं स्वीकृत की गईं। इनमें 196 इकाइयों का विकास किया जाएगा।

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# छिबरामऊ की 96 ग्राम पंचायतों में महज 6 स्कूलों में ही नर्सरी!

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज







पोर्टल बता रहा है कि कहां कितनी सीटें छिपाई गईं हैं। अमृत विचार

- नगर पालिका क्षेत्र में हैं 25 वार्ड लेकिन आरटीई पोर्टल पर पंजीकृत हैं 12 निजी विद्यालय
- जरूरतमंदों को लाभ दिलाने के मामले में जनपद के जनप्रतिनिधियों ने भी मुंह फेर लिया है

**अमृत विचार।** निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के पोर्टल की हकीकत जाननी है तो छिबरामऊ आइए। पोर्टल की माने तो छिबरामऊ विकास खंड क्षेत्र में 96 ग्राम पंचायतें हैं। निजी स्कूलों की संख्या 86 है लेकिन प्री-प्राइमरी (नर्सरी) की कक्षाओं वाले महज 06 कॉन्वेंट विद्यालय ही पंजीकृत हैं।

आरटीई को जमीन पर उतारने व जरूरतमंदों को लाभ दिलाने के मामले में जनपद के जनप्रतिनिधियों ने भी मुंह फेर लिया है। अधिकारी भी चुप्पी साधे हैं। लोगों का मत है कि अगर सही तरीके से जांच हो जाए तो व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी निकलेगी। बात अगर नगर पालिका परिषद छिबरामऊ क्षेत्र की हो तो यहां 25 वार्ड हैं। पोर्टल पर महज 12 निजी स्कूल ही पंजीकृत हैं।

इसमें 03 ही ऐसे विद्यालय हैं जहां महज 28 सीटें प्री-प्राइमरी की आरटीई के तहत रिजर्व हैं। कक्षा 01 से योजना के तहत प्रवेश 09 विद्यालयों में मिलेगा। इसी तरह विकास खंड छिबरामऊ में 06 विद्यालय ही ऐसे हैं जहां आरटीई से प्री-प्राइमरी में प्रवेश दिया जाएगा। अन्य 80 विद्यालयों यह सुविधा नहीं मिलेगी।

पोर्टल के मुताबिक इन स्कूलों में कक्षा 01 से ही प्रवेश मिल सकेगा। हालांकि इसकी हकीकत किसी से छिपी नहीं है। यानि आंकड़ों की माने तो ब्लॉक व नगर पालिका छिबरामऊ इलाके में नर्सरी की आरटीई में 80 सीटें भी उपलब्ध नहीं कराई गईं हैं। सूत्रों के मुताबिक ज्यादातर विद्यालयों में उपलब्ध सीटों की संख्या व कक्षाएं छिपाई हैं।

### पालिका क्षेत्र में यह तीन स्कूल ही नर्सरी के

- सिटी पब्लिक स्कूल, गांधीनगर, 08 सीट
- आरबीएस विद्यालय, जवाहरनगर, 10 सीट
- उत्कर्ष एकेडमी शिक्षण संस्थान, नेहरू नगर, 10 सीट

### ग्रामीण इलाके के यह छह विद्यालयों में नर्सरी

- आशा पब्लिक स्कूल, सलेमपुर, 07 सीटें
- मदरसा गोसुलवारा, विर्रा, 07 सीटें
- सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, प्रेमपुर, 04 सीटें
- मुन्ना लाल अबुल कलाम आजार, रनवीरपुर, 08 सीटें
- वीरेंद्र पब्लिक स्कूल स्कूल, रामपुर बैजू, 03 सीटें

### भाजपा विधायक के इलाके का भी हाल खराब

- **कन्नौज।** छिबरामऊ क्षेत्र से भाजपा की विधायक अर्चना पांडेय हैं। उनके इलाके के भी निजी व कॉन्वेंट स्कूलों में दुर्बल व अलाभित वर्ग के बच्चों को 25 फीसदी कोटे का हक नहीं मिल पा रहा है। इसका कारण विद्यालयों में आंकड़ों व कक्षाओं में खेल कर दिया है। हालांकि जनप्रतिनिधि सरकार की योजनाओं को गिनाते जरूर हैं लेकिन जमीन पर उताने का ठोस प्रयास नहीं करते हैं। इस वजह से हर साल हजारों जरूरतमंद बच्चों का हक मारा जाता है।

## अवैध खनन में पांच वाहन पकड़े

**कन्नौज।** जिला खनन अधिकारी ने जिलाधिकारी के निर्देश पर अभियान चलाकर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। इस क्रम में कुल पांच वाहन जो गिट्टी व मिट्टी से भरे थे को वैध प्रपत्र के बिना पकड़ा। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन जुर्माना जमा कराया।

शासन एवं जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर जिला खनन अधिकारी संदेश कुमार पटेल ने शुक्रवार को तड़के करीब 03 बजे औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सौरिख-छिबरामऊ मार्ग पर 02 वाहन गिट्टी तथा 03 वाहन मौरंग से भरे पकड़े। इन सभी वाहनों का ऑनलाइन चालान कर 3,38,690 रुपये की धनराशि जमा कराई गई है। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों को निर्देशित किया कि सभी वाहनों के साथ उप खनिज से संबंधित परिवहन प्रपत्र हर हाल में रखें।

## न्यूज ब्रीफ

### कांवड़ियों को जलाभिषेक कराने की तैयारी

**तिर्वा।** रविवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री दौलेश्वर धाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु तथा कांवड़िया जलाभिषेक को पहुंचेंगे। सीओ डॉ. कुलवीर सिंह ने बताया कि शनिवार की देर रात्रि के बाद फगुहा भट्ठा से लेकर श्री दौलेश्वर मंदिर तक के मार्ग पर जगह-जगह पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगे। कई जगह बैरिकेडिंग भी लगाई जाएगी। वहीं सुलभ दर्शन कराने के लिए मंदिर प्रबंधन समिति स्वयं सेवक तैनात करेगा। कांवड़ियों के जलाभिषेक के लिए अलग मार्ग भी बनेगा।

### रात 10 से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक का प्रयोग न करें

**कन्नौज।** जिलाधिकारी ने गेस्ट हाउस में डीजे साउंड सिस्टम एवं आतिशबाजी के उपयोग पर नियंत्रण को लेकर निर्देश जारी किए हैं। कहा कि रात के 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तेज आवाज में संगीत तथा आतिशबाजी का प्रयोग न किया जाए। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गेस्ट हाउस संचालकों, आयोजकों एवं संबंधित व्यक्तियों के साथ बैठक कर नियमों की जानकारी प्रदान करें। कहा, उच्चतम न्यायालय के निर्देशों एवं शासनादेशों के अनुपालन में यह सुनिश्चित किया जाए कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों, साउंड सिस्टम एवं आतिशबाजी का प्रयोग रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे के मध्य न किया जाए। इसके लिए आयोजकों से लिखित अंडरटेकिंग भी प्राप्त की जाएगी।

### किशोर ने पीया कीटनाशक, रेफर

**सौरिख।** थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी आशिक यादव (16) पुत्र राजेंद्र सिंह की गुरुवार को घर में किसी बात को लेकर परिजनों से कुछ कहासुनी हो गई। इसके बाद गुस्से में उसने घर में रखा कीटनाशक पी लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। इस पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### आउट ऑफ स्कूल बच्चों का प्रवेश कराया

**कन्नौज।** सदर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सहिल्लापुर में आउट ऑफ स्कूल बच्चे मिले हैं। इनको शारदा कार्यक्रम के तहत चिह्नित कर प्राथमिक विद्यालय सहिल्लापुर में नामांकन कराया गया। शुक्रवार को नामांकन कराने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार एवं खंड शिक्षा अधिकारी मधुलिका बाजपेयी ने योजना के तहत बच्चों को निशुल्क पुस्तकें वितरित कीं। बीईओ ने बताया कि आयु के हिसाब से बच्चों को कक्षा में नामांकित किया गया है। बच्चों में सौरभ पुत्र श्याम बाबू, कृष्ण पुत्र श्याम बाबू, यश पुत्र बलराम, अमित पुत्र सुखलाल, खुशी पुत्री राम सिंह, कृष्ण पुत्र राम सिंह, गुड़िया पुत्री अर्जुन, नैना पुत्री अर्जुन शामिल हैं।

# चार बंद मकानों पर चोरों का धावा दो से जेवरऔर नकदी की पार

## सीसीटीवी खंगाल चोरों की तलाश में जुटी क्षेत्र की पुलिस

संवाददाता सौरिख



एक घर में खुला पड़ा बक्सा व बिखरा सामान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चोरों ने चार बंद मकानों के ताले चटका दिए। दो जगह लोगों के जाग जाने से चोरी नहीं कर सके तबकि अन्य दो स्थानों से जेवर व नकदी पार कर दी। सुबह घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।

नगर के सकरावा रोड अम्बेडकर नगर निवासी चरन सिंह पुत्र श्रीराम प्रजापति के दो मकान हैं। गुरुवार शाम को चरन सिंह की तबीयत खराब हो गई तो मकान में ताला लगाकर पत्नी व बेटा उनके पास चले गए। इस बीच रात में किसी समय चोर गेट का ताला तोड़कर घर में घुस गए। अंदर कमरे का ताला तोड़ रहे थे लेकिन खटपट सुन पड़ोसी राजकिशोर जाग गए। उन्होंने शोर मचाया तो चोर भाग गए। इसके बाद सरमन कुमार पुत्र बुद्ध सेन के मकान का ताला तोड़ दिया। यहां कुत्तों के भौंकने पर लोग जाग गए चोर खाली हाथ भागे। चोरों ने तीसरा निशाना आकाश पाल पुत्र रामचन्द्र पाल के बंद घर को बनाया। यहां से एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ी पायलें और पीतल के बर्तन पार कर दिए। इसके बाद सकरावा रोड पर एकांत में बने संजय नगर निवासी नीलेश चतुर्वेदी के मकान में किराए पर रह रहे यूपीडा में कार्यरत चित्रकूट जनपद के थाना सर धुआ के गांव पुरवल निवासी राजेन्द्र यादव पुत्र शिव प्रताप यादव के कमरे को निशाना बनाया। राजेन्द्र भतीजे की शादी में शामिल होने परिवार समेत 7 फरवरी की दोपहर मकान में ताला लगा कर गांव चले गए थे। गुरुवार रात में चोर गेट का ताला तोड़ कर दाखिल हुए और बिजली स्टेबलाइजर के अलावा बक्से का ताला तोड़ कर 20 हजार रुपये नकद तथा सोने की बाली ले गए। सुबह घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। थाना प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### पुलिस चौकी से 100 मीटर की दूरी पर हजारों की चोरी

**कन्नौज।** मकरंदनगर में चोरों के हौसले बढ़े हैं। दुकानों में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं है। अब पुलिस चौकी से 100 मीटर की दूरी पर चोरों ने किराना दुकान मे नकब लगा कर हजारों रुपये का माल पार कर दिया। सदर कोतवाली के मोहल्ला मकरंदनगर पुलिस चौकी से कुछ ही दूर जीटी रोड पर अनिल श्रीवास्तव की किराना स्टोर की दुकान है। गुरुवार की शाम वह दुकान में ताला लगा कर घर चले गये। रात किसी समय चोरों ने दुकान के पीछे की दीवार में सेंध लगा दी और करीब 50 हजार रुपये का किराना सामान पार कर दिया। सुबह वह दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर घुसते ही देखा कि सेंध लगी और सामान बिखरा पड़ा है। बताया कि चोर करीब 50 हजार रुपये का माल चोरी कर ले गये। सूचना मिलते ही चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। दुकान मालिक ने बताया कि इससे पहले भी तीन बार दुकान में चोरी हो चुकी है। यही नहीं मकरंदनगर में मुख्य तिराहे पर चोर तीन माह पहले चोरी कर चुके हैं। पुलिस अभी तक एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर सकी है।

## 26 ओवरलोड वाहनों के चालान, 3 लाइसेंस होंगे निलंबित

**कन्नौज।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के क्रम में परिवहन विभाग की ओर से अब तक 26 ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई, जिसमें लगभग 19.76 लाख रुपये प्रशमन शुल्क के रूप में वसूला गया है। इसके साथ ही तीन लोगों के लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की गई है।

एआरटीओ इज्या तिवारी ने बताया कि ओवरलोड परिवहन में लिप्त पाए गए चालकों राघवेन्द्र पुत्र भगवानदास, निवासी ब्रह्मरौली, झांसी, मोहन सिंह पुत्र भारत सिंह, निवासी सुल्तानपुर, भोगनीपुर, कानपुर देहात और येदराम पुत्र परभती, निवासी ग्राम इन्दरौली, तहसील कमान, भरतपुर, राजस्थान के खिलाफ ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन/ निरस्तीकरण की संस्तुति की गई है। बताया कि ओवरलोड वाहनों से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती है तथा सड़कों को भी गंभीर क्षति पहुंचती है।

इसे दृष्टिगत रखते हुए इस प्रकार के वाहनों के विरुद्ध सघन एवं निरंतर प्रवर्तन कार्रवाई जारी रखी जाएगी।



अभियान के संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता व अन्य।

## 16 से 27 तक मिजिल्स रूबैला टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** 16 से 27 फरवरी तक एमआर (मिजिल्स रूबैला) अभियान चलाया जायेगा। इसमें 05-10 वर्ष तक के स्कूली बच्चों को दोनों रोग से बचाने के लिये डोज दिया जायेगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने शुक्रवार को जानकारी दी कि जिले के 05 से 10 वर्ष तक के स्कूली बच्चों को एमआर टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा। इसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। स्कूली बच्चों को चिंहित कर लिया गया है। इन में 1459 सरकारी स्कूल हैं। इनमें 05 से 10 वर्ष तक के 67463 बच्चे हैं। प्राइवेट स्कूलों की संख्या 434 और 37122 बच्चे हैं। इसी तरह मदरसों की संख्या 49 हैं। यहां पर 1724 बच्चे हैं। जिले में डोज देने के लिये लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 106309 बच्चों को एक डोज दे कर खसरा व रूबैला से होने वाले रोगों के बचाया जायेगा। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जितेंद्र नाग, डा. वृजेश शुक्ला, अपर शोध अधिकारी वाईके मंजुल, इरशाद वेग समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



मनरेगा के बचाव के लिए तहसील गेट पर धरना देते कांग्रेसी। अमृत विचार

## मनरेगा को लेकर कांग्रेस की पदयात्रा

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** मनरेगा के बचाव को लेकर कांग्रेस ने पदयात्रा निकालतहसील गेट पर धरना दिया।

शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पदाधिकारियों ने मनरेगा बचाव को लेकर कस्बे में पदयात्रा निकाली। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन ने कई बार पदयात्रा को रोकने का प्रयास किया। इसके विरोध में तहसील गेट पर धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

पदयात्रा की अगुवाई जिलाध्यक्ष शाकिर हुसैन ने की। कार्यक्रम की शुरुआत गांधी चौराहे पर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद पदयात्रा तहसील मुख्यालय पहुंची। आरोप लगाया कि नाम में बदलाव कर भाजपा सरकार ने महात्मा गांधी के नाम का अपमान किया है।

## सीडीओ पहुंचे ब्लाक कार्यालय

**तिर्वा।** मुख्य विकास अधिकारी ने ब्लाक कार्यालय के सभी पटलों का औचक निरीक्षण कर एस आई आर को निर्धारित समय से पूरा करने का निर्देश दिया।

शुक्रवार को तीसरे पहर मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के सभी पटलों के कार्यों की समीक्षा की तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को समय से पूरा करने का निर्देश दिया। उसके उपरांत खंड विकास कार्यालय परिसर में कराए गए सुंदरीकरण कार्य व अन्य सुविधाओं को देखा। इसके उपरांत एस आई आर की प्रकिया को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

## बाल वाटिका के निपुण बच्चों का बढ़ाया उत्साह

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



बच्चे को पुरस्कार देतीं बीईओ मधुलिका बाजपेयी, साथ में मौजूद आंगनवाड़ी कार्यकत्री प्रेमलता पाल। अमृत विचार

- सदर ब्लॉक क्षेत्र के सभी न्याय पंचायत से बुलाए गए 05- 05 निपुण बच्चे
- हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में बीईओ व बीडीओ सदर ने पुरस्कृत किया

**अमृत विचार।** बीआरसी सदर परिसर में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम हुआ। इसमें विकास खंड क्षेत्र की प्रत्येक न्याय पंचायत से को-लोकेटेड आंगनवाड़ी/ बालवाटिका से 05-06 वर्ष उम्र के 05- 05 निपुण बच्चे शामिल हुए।

प्री-प्राइमरी कक्षाओं में बच्चों की क्षमता संवर्धन के लिए कार्यक्रम चल रहा है। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बालवाटिका के निपुण बच्चों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्री, नोडल शिक्षक, नोडल संकुल शिक्षक को प्रमाणपत्र दिए गए। जनपद स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकत्री ममता पाल आंगनवाड़ी केंद्र बरौली, नोडल संकुल शिक्षक मदनलाल, नोडल शिक्षक नंदनी गंगवार प्राथमिक विद्यालय बरौली तथा दो निपुण बच्चे यश व जानवी आंगनवाड़ी केंद्र बरौली के चयनित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ दिनेश चंद्र, बीईओ मधुलिका बाजपेयी, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की सुपरवाइजर नीति तिवारी, शिवानी, एसआरजी संजीव कटियार, एआरपी दिनेश चंद्र, मंजेश कुमार व मुकेश कुमार, प्रधानाध्यापक शुचि पांडेय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन अनुराग मिश्रा ने किया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## रघुवीर सिंह फिलिंग स्टेशन को किया सील

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित बायोडीजल पंप के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार देर रात औसेर-रसूलाबाद मार्ग पर स्थित रघुवीर सिंह फिलिंग स्टेशन पर छापेमारी कर उसे सील कर दिया गया। पंप संचालक पेट्रोल-डीजल बिक्री से जुड़े कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

रात में पहुंचे एसडीएम राजेश कुमार, सीओ कुलवीर सिंह भदौरिया सहित पूर्ति विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने पंप का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर में एक डिस्पेंसिंग यूनिट मिली, जिसमें पेट्रोल और डीजल के लिए दो नोजल लगे थे। लाइसेंस, अनुमति पत्र और अन्य अभिलेख मांगे जाने पर संचालक कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। अभिलेख न मिलने पर अधिकारियों की मौजूदगी में भूमिगत पेट्रोल और डीजल टैंकों को सील कर पंप संचालन पर रोक लगा दी गई। पंप को सुपुर्दगी में देते हुए निर्देश दिए गए कि सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना संचालन न किया जाए।पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर ठठिया पुलिस ने इंदरगढ़ क्षेत्र के नादेमऊ गांव निवासी राहुल कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कि पंप पूरी तरह अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था ।

राहत — 28 दिन से 14 वर्ष तक के बच्चों को मिलेगा उपचार, सीएमएस ने सभी व्यवस्थायें कीं पूरी

# जिला अस्पताल में अगले सप्ताह चालू होगा 32 बेड पीकू वार्ड

योगेंद्र मिश्रा कन्नौज



जिला अस्पताल में बना पीकू वार्ड का भवन अमृत विचार

**अमृत विचार।** अगले सप्ताह जिला अस्पताल में बने पीकू वार्ड को शुरू कर दिया जायेगा। यहां पर 32 बेड की व्यवस्था की गई है। मशीनों की जांच कर वार्ड में स्थापित कर दिया गया है।

अब जिला अस्पताल में भी 28 दिन से 14 वर्ष तक के बच्चों को बेहतर उपचार मिलेगा। इसके लिये पीकू (पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट) वार्ड तैयार कर दिया गया है। अगले सप्ताह शुरू होने वाले इस वार्ड में बच्चों को हृदयगति समेत अन्य तरह की समस्याओं के बेहतर उपचार की व्यवस्था होगी। अभी तक गंभीर बच्चों को जिला अस्पताल से रेफर कर दिया जाता था। अब बीमार बच्चों को इसी वार्ड में भर्ती कर विशेषज्ञ डाक्टरों की निगरानी में उपचार किया जाएगा। सीएमएस डा. शक्ति बसु ने बताया कि पीकू वार्ड अस्पताल का विशेष हिस्सा है, जहां 28 दिन से लेकर 14 वर्ष तक के गंभीर रूप से बीमार बच्चों का सघन इलाज और गहन देखभाल की जाती है। यहां वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सपोर्ट और हृदय गति मॉनिटरिंग जैसी उन्नत सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध रहती हैं। यह सामान्य वार्डों से अलग होगा। इसका संचालन विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा किया जायेगा।

**केजीएमयू के डाक्टरों की निगरानी में मिलेगा उपचार:** यहां भर्ती होने वाले गंभीर बच्चों को केजीएमयू के डाक्टरों की निगरानी में उपचार दिया जायेगा। डाक्टर ऑन काल केजीएमयू के विशेषज्ञ डाक्टरों से संपर्क करेंगे। उसे बीमारी की जानकारी व जांच रिपोर्ट भेजेंगे। इसके बाद उनकी सलाह से तैनात डाक्टर इलाज करेगा।

### वार्ड में होंगे चार बेड आईसीयू, 08 होंगे एचडीयू

पीकू वार्ड में कुल 32 बेड होंगे। इसमें 04 बेड आईसीयू, 08 बेड एचडीयू (उच्च निर्भरता इकाई) होंगे। 20 बेड जनरल के रखे गये हैं।

### इस तरह के बच्चों का इलाज होगा

- गंभीर रूप से बीमार या घायल बच्चों को त्वरित और सघन चिकित्सा सहायता प्रदान की जायेगी।
- गंभीर संक्रमण, सांस लेने में दिक्कत (अस्थमा), दुर्घटना, सर्जरी के बाद की स्थिति या हृदय संबंधी समस्याओं वाले बच्चों का उपचार।
- लगातार हृदय गति, ऑक्सीजन लेवल, और रक्तचाप की निगरानी, वेंटिलेटर (सांस की मशीन), और विशेष दवाएं।
- वार्ड में प्रति बच्चा नर्सों की संख्या सामान्य वार्ड से अधिक रहेगी

### इस तरह होगा पीकू वार्ड का उपयोग

- सांस लेने में अत्यधिक दिक्कत होने पर बच्चे को ऑक्सीजन सपोर्ट या वेंटिलेटर के लिए रखना।
- गंभीर चोट या एक्सीडेंट के बाद नाजुक स्थिति वाले बच्चों का इलाज।
- टाइफाइड, पीलिया या निमोनिया जैसी बीमारियों के कारण स्थिति बिगड़ने पर या बड़ी सर्जरी के बाद निगरानी के लिए।

अमृत विचार

कानपुर, शनिवार, 14 फरवरी 2026



न्यूज ब्रीफ

## निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरी, दो घायल

**छिबरामऊ।** मोहल्ला कोलियान गली में निर्माणाधीन मकान की कच्ची दीवार गिरने से मकान मालिक सहित राजमिस्त्री दबकर घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें सौ शैया से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। नगर के मोहल्ला कोलियान निवासी अफरोज पुत्र अनवर हुसैन के मकान का निर्माण चल रहा है। यहां खोजपुर निवासी ओमपाल पुत्र उजागर सिंह राजमिस्त्री का काम कर रहा था। शुक्रवार को मकान मालिक व राज मिस्त्री कच्ची दीवार के पास खड़े होकर बात कर रहे थे। तभी दीवार भरभराकर उनपर आ गिरी, मलबे में दबने से वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर देख दोनों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

## पीआरडी जवान को दी भव्य विदाई

**छिबरामऊ।** विकासखंड के मिघौली गांव स्थित 'खेलो इंडिया' स्टेडियम में युवा कल्याण विभाग के पीआरडी जवान रामविलाश की सेवानिवृत्ति पर एक भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उनके साथी और अधिकारी उन्हें फूल-मालाओं से लादकर सम्मानित किया। अंगवस्त्र, उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आकाश सिंह ने उनकी निष्ठावान सेवाओं की सराहना की। अतिथियों में उमेश चंद्र शाक्य, मुखराम, अरविंद, जीतू, रामनिवास, रामवीर, सुरेंद्र, किरण, राजवीर, प्रमोद यादव उपस्थित रहे।

## तिर्वा में खेलकूद प्रतियोगिताएं आज

**कन्नौज।** तिर्वा के डीएन इंटर कॉलेज मैदान में उमर्दा विकास खंड क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों के बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिताएं 14 फरवरी यानि आज सुबह 11 बजे से शुरू होंगी। बीईओ विपिन कुमार ने बताया कि चयनित छात्र-छात्राओं को शिक्षक- शिक्षिकाओं की देखरेख में बुलाया गया है। कार्यक्रम में विधायक कैलाश राजपूत व ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा को भी आमंत्रित किया गया है।

## एटीएम बदलकर किए साढ़े तेरह हजार पार

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र के कस्बा तिराहा के पास स्थित एटीएम पर युवती आन्या का एटीएम कार्ड को बदलकर उसके खाते से साढ़े तेरह हजार रुपये निकाल लिए। राजेपुर निवासी आन्या पुत्री शरद कुमार ने राजेपुर थाने में अपने साथ हुई धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर में बताया कि जब वह एटीएम से 1500 रुपये निकालने गई, तो वहां पहले से दो युवक मौजूद थे। युवती को संदेह हुआ और उसने उनसे बाहर जाने को कहा। एक युवक बाहर चला गया, लेकिन दूसरा एटीएम के अंदर ही खड़ा रहा। युवती के पैसे निकालने के दौरान, अंदर खड़े युवक ने चालाकी से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। घर पहुंचने पर आन्या के पिता के मोबाइल पर खाते से 13 हजार 500 रुपये निकाले जाने का संदेश आया। पिता ने तुरंत युवती से संपर्क किया, जिसके बाद उसे ठगी का पता चला। जब युवती वापस एटीएम पर पहुंची, तब तक दोनों युवक वहां से फरार हो चुके थे। राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## डब्बन व बब्बन न्यायालय में पेश

**फर्रुखाबाद।** इंस्पेक्टर हत्याकांड में जेल में निरुद्ध अनुपम दुबे के भाई अमित दुबे उर्फ बब्बन एवं अनुराग दुबे उर्फ डब्बन समेत सभी गिरफ्तार आरोपियों को शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच न्यायालय में पेश किया। सुरक्षा की दृष्टि से न्यायालय परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा और आने-जाने वाले लोगों की गहन जांच की गई। पुलिस टीम आरोपियों को शुक्रवार सुबह ही भारी पुलिस बल के साथ कोर्ट लेकर पहुंची। किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा घेरा बनाकर आरोपियों को न्यायालय कक्ष तक पहुंचाया। पेशी के दौरान अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के विरुद्ध दर्ज मुकदमों, आपराधिक इतिहास और जांच की प्रगति का हवाला दिया। सुनवाई के उपरांत रिमांड मजिस्ट्रेट ने सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर आरोपियों को जिला कारागार भेज दिया है।

# सुरक्षित यातायात पर खर्च होंगे 12.15 करोड़

## सड़क सुरक्षा समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में सड़क सुरक्षा उपायों पर 12 करोड़ 15 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। शासन को प्रस्ताव भेज दिया गया है।

यह जानकारी अपर जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में शुक्रवार को ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक में दी। इस दौरान कहा, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने व आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिये रोडमैप तैयार कर कार्य किया जाए। रोड सेफ्टी के लिये स्टेक होल्डर विभागों से प्रस्ताव तैयार कराकर संकलित प्रपोजल शासन को भेज दिया गया है। इससे दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर चेतावनी संकेतक, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर इत्यादि कार्य किए जाएंगे। कहा कि यूपीडा अंडरपास एवं इंटरसेक्शन पर रम्बल स्ट्रिप/रिपीटेड का कार्य कराया जाये। साथ ही अनाधिकृत कट बंद कराने की बात कही। कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग पर विशेष बल दिया। साथ ही ओवरलोडिंग तथा नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा। ड्रिंक एंड ड्राइविंग के तहत 10 हजारा रुपये का जुर्माना एवं लाइसेंस निलंबन के संबंध में भी बताया। बैठक में एआरटीओ इज्या तिवारी, अधिशाषी अभियंता लोकनिर्माण विभाग निर्माण खंड-1 संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते अपर जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह व मौजूद अधिकारी।

## प्रधान पर तमंचे से हमला, जान से मारने की धमकी

**छिबरामऊ।** छिबरामऊ से वापस गांव जा रहे प्रधान पर उनके गांव के ही दबंगों ने रास्ता रोक कर जान से मारने की धमकी देते हुए तमंचे से हमला कर दिया।

विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धरनी धर पुर नगरिया निवासी गौरव प्रधान पुत्र चंदगीराम ने बताया कि वह अपने साथी अजय पुत्र विनोद के साथ छिबरामऊ से गांव लौट रहा था। नादनपुर ऊँची पुलिया और बम्बा के बीच पहले से घात लगाए खड़े गौरव यादव, अभय यादव उर्फ टिन्कू (पुत्र अशोक यादव उर्फ मुनुआ) सहित चार-पांच अन्य लोगों ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने अपनी मोटरसाइकिल तिरछी कर भागने की कोशिश की। तभी आरोपियों ने प्रधान पर पीछे से तमंचे से फायरिंग कर दी और गालियां देते हुए लगभग 10 मीटर तक पीछा किया। आरोपियों ने कहा, 'आज निकल गया, अगली बार मिला तो जान से मार देंगे।' पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## रमजान और बोर्ड परीक्षा के चलते डीजे पर लगा प्रतिबंध

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** आगामी त्योहारों को देखते हुए कोतवाली परिसर में शांति कमेटी की बैठक हुई। इसमें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर ध्यान न देने के साथ शांति से त्योहार मनाने की अपील की। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

शुक्रवार को कोतवाल अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में हुई पीस कमेटी की बैठक में नगर व क्षेत्र के लोग शामिल हुए। सभी से आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ आगामी त्योहार शिवरात्रि, रमजान को मनाने की अपील की। बोर्ड परीक्षा के चलते देर रात तक बजने वाले डीजे को प्रतिंबधित कर गेस्ट हाउस संचालक, कार्यक्रम के आयोजकों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस मौके पर अतिरिक्त निरीक्षक सीपी तिवारी, एसआई दीपक चौधरी, दीपक कुमार सिंह, शहर काजी हाफिज जुम्मन, मुनीर कुरैशी, सुगम दुबे, हरीओम,हारून सिद्दीकी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### शांति से मनाएं महाशिवरात्रि, होली व रमजान

- बरामऊ। विशुनगढ़ थाना परिसर में आगामी त्योहारों महाशिवरात्रि, होली और रमजान को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार और थाना प्रभारी भागमल ने की। अधिकारियों ने सभी से आपसी भाईचारा, सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील की। भाजपा नेता रामबक्स लोधी, सयूम सिद्दीकी, शिवम खटीक, साविर हुसैन, रामवीर राजपूत, प्रदीप वर्मा, नेम कुमार, विवेक त्रिपाठी सहित गौरव, प्रशांत, अभिषेक, रिंकू आदि उपस्थित रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही पर दी नोटिस, मांगा जवाब

**कन्नौज।** किसानों के लिए बनाई जा रही फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति खराब मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब- तलब किया है।

सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए किसान के पहचान पत्र (फार्मर आईडी) बनवाना जरूरी है। जनपद के 02 लाख 20 हजार 51 किसानों की फार्मर आईडी बनाई जानी है। अब तक 01 लाख 70 हजार किसानों की आईडी बन चुकी है। इस हिसाब से करीब 77 फीसदी प्रगति हुई है। प्रगति बढ़ाने के लिए इसकी समीक्षा डीएम करते हैं। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर कई कर्मचारियों पर कार्रवाई हुई है। 10 फरवरी को सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश से स्पष्टीकरण तलब किया है। नोटिस में कहा है कि सूबे में जनपद की प्रगति खराब होने से छवि भी धूमिल हो रही है। फार्मर रजिस्ट्री बनाने को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## खेल प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने दिखाया दमखम

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** नेहरू कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ की गई। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. राजीव कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व विभिन्न प्रतियोगिताएँ हुईं। 100 मीटर दौड़ गौरी शाक्य प्रथम, हिमांशी द्वितीय, शौर्या तृतीय, 200 मीटर दौड़ गौरी शाक्य प्रथम, दीप्ति द्वितीय, अंशिका तृतीय, 200 मीटर दौड़ छात्र में विकास प्रथम, कृष्णा दुबे द्वितीय, नवीन यादव तृतीय, 400 मीटर दौड़ छात्राओं में कल्पना यादव प्रथम, गौरी शाक्य द्वितीय, वंदना तृतीय, 400 मीटर दौड़ छात्र में नवीन यादव प्रथम, आदित्य कुमार द्वितीय, प्रवल यादव तृतीय, 800 मीटर दौड़ छात्र कौशल प्रथम, प्रवल यादव द्वितीय, नवीन यादव तृतीय, लंबी कूद छात्र नवीन यादव प्रथम, प्रवल यादव द्वितीय, विकास तृतीय, लंबी कूद छात्रा शौर्या प्रथम, वंदना द्वितीय, कल्पना यादव तृतीय, शॉट पुट छात्रा सृष्टि दुबे प्रथम, कल्पना यादव द्वितीय, वैष्णवी दीक्षित तृतीय, शॉट पुट छात्र अनुज प्रथम, रजत दीक्षित द्वितीय, सौम्य द्विवेदी तृतीय, डिस्कस थ्रो छात्रा सृष्टि दुबे प्रथम, कल्पना यादव द्वितीय, वैष्णवी दीक्षित तृतीय, डिस्कस थ्रो छात्र सौम्य द्विवेदी प्रथम, अनुज द्वितीय, कृष्णा दुबे तृतीय, जेवलिन थ्रो छात्रा वैष्णवी दीक्षित प्रथम, शौर्या द्वितीय, गौरी शाक्य तृतीय तथा जेवलिन थ्रो छात्र रजत दीक्षित प्रथम, नवीन यादव द्वितीय, गौरव तृतीय स्थान पर रहे।

# बार बेंच के सम्मान को और मजबूत करेगी कन्नौज बार एसोसिएशन

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** बार बेंच के सुरक्षित सम्मान को कन्नौज बार एसोसिएशन और मजबूत करेगी। अधिवक्ता लोकतंत्र के सजग प्रहरी होते हैं। यह बात जिला जज ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष महामंत्री समेत नवीन कार्यकारिणी के 22 सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने के बाद कही।

शुक्रवार को जनपद न्यायालय परिसर में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि जिला जज नरेंद्र कुमार झा, विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक परिषद् सदस्य अंकज मिश्रा व अनुराग पांडेय की उपस्थिति में शपथ समारोह हुआ। जिला जज ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रावेन्द्र कुमार त्रिवेदी, महासचिव आरके यादव, कोषाध्यक्ष अमित यादव समेत नवीन कार्यकारिणी के 22 सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला जज ने कहा कि बार और बेंच में सामंजस्य बनाए रखते हुए वादों के निपटारे में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। विशिष्ट अतिथियों अंकज मिश्रा व अनुराग पांडे ने कहा कि वादकारियों को न्याय दिलाने में बार बेंच के बीच बेहतर समन्वय बने रहने की आवश्यकता है। इस दौरान एडवोकेट संजय शुक्ला, अरविंद दुबे, रवितोष पांडेय, मुशीर अहमद खान, विशाल पांडे, पीयूष मिश्रा, विमल दोहरे, शैलेंद्र यादव, अनवर हसन, उबैदुल हसन हाशमी, सुशील पटेल, रोहित पाठक, विजय बहादुर वाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।



कन्नौज बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी प्रमाणपत्र के साथ।

## विधान परिषद में उठा तिर्वा मेडिकल कॉलेज का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- मेडिकल कालेज में कैंसर संस्थान को टाटा मेमोरियल सेंटर (मुंबई) से संबद्ध कर चलाने को कहा

**अमृत विचार।** राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज में कैंसर एवं हृदय रोग संस्थान को शीघ्र प्रारंभ कराने, विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियमित भर्ती सुनिश्चित करने तथा कैंसर संस्थान को टाटा मेमोरियल सेंटर (मुंबई) से संबद्ध कर संचालित करने के संबंध में एक महत्वपूर्ण प्रश्न विधान परिषद में उठाया गया।

यह प्रश्न व्यापार सभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अंशुल गुप्ता के प्रयासों के फलस्वरूप विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने सदन में उठाया। उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने सरकार की ओर से विस्तृत जवाब देते हुए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने चर्चा के दौरान कहा कि कैंसर और हृदय रोग जैसे गंभीर एवं विशेषज्ञता-आधारित संस्थानों को देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों से जोड़कर संचालित किया जाना दूरदर्शी कदम होगा। सपा के मुख्य जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी ने बताया कि राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज में कैंसर एवं हृदय रोग संस्थान पूर्ण रूप से क्रियाशील हो जाते हैं और उन्हें टाटा मेमोरियल सेंटर जैसे राष्ट्रीय स्तर के संस्थान से तकनीकी सहयोग प्राप्त होता है, तो यह पूरे क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य क्रांति का कार्य करेगा। अंशुल गुप्ता ने कहा कि उनका उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य की मजबूती है।

# ...जस दूलहु तसि बनी बराता कौतुक विविध होहिं मग जाता

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जस दूलहु तसि बनी बराता, कौतुक बिबिध होहिं मग जाता...शुक्रवार को शहर में निकाली गयी भगवान शंकर की शोभा यात्रा में कुछ ऐसा ही नजारा था। दुल्हा बने भगवान शंकर की पुष्पवर्षा के साथ जय-जयकार हुई।

पांचाल की नगरी में श्री महाकाल सामाजिक सेवा समिति की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि उत्सव के क्रम में द्वितीय दिन बाबा महाकाल जी की बारात के रूप में पालकी यात्रा निकाली गयी। दूल्हा बने भगवान शंकर सबको लुभा रहे थे। श्री महाकाल पालकी यात्रा विधि विधान व हर्षोल्लास के साथ श्री पाण्डवेश्वर नाथ द्वादश ज्योतिलिंग मठ से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होकर माता सिद्धिधात्री मंदिर (मठिया देवी) पर जयमाल रस्म होकर पुनः श्री पाण्डवेश्वर नाथ शिवालय पर विश्राम हुई। जस दूलहु तसि बनी बराता, पालकी यात्रा में सर्वप्रथम शंकर जी की झांकी एवं बाल हनुमान के स्वरूप, महाकाल जी का धूना, बाबा की पालकी के साथ गौरी-शंकर के स्वरूप नगर के भक्तों को मंत्रमुग्ध एवं आकर्षित कर रहे थे। नगर श्रद्धालुओं ने बडे ही उत्साह के साथ जगह-जगह आरती व पुष्प वर्षा कर नगर का वातावरण शिवमय कर यात्रा में युवक एवं युवतियो जमकर ढोल नगाड़े पर डांस कर माहौल को शिवमय बना दिया। हर हर महादेव के उद्घोष से नगर गूंज उठा।


पालकी यात्रा में भगवान शंकर व माता पार्वती के स्वरूप। अमृत विचार

- शहर में निकाली गयी भगवान शंकर की शोभा यात्रा, उल्लास

## किसान की संदिग्ध हालात में मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना जहांनगंज क्षेत्र के बेहटा गांव में शुक्रवार सुबह एक किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला।मृतक की पहचान 45 वर्षीय सुनील वर्मा पुत्र हेतराम वर्मा निवासी बेहटा के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, सुनील शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे खेत पर आलू खुदाई करने के लिए गए थे। करीब आधे घंटे बाद उनका छोटा भाई अनिल भी खेत पर पहुंचा।

अनिल ने बताया कि खेत में कुछ आलू खुदे हुए पड़े थे, जबकि सुनील कुछ दूरी पर अचेत अवस्था में जमीन पर पड़े थे। जब वह पास गया तो देखा कि उनके सिर पर गहरे चोट के निशान थे और उनकी सांसें थम चुकी थीं। जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू कर दी।थाना प्रभारी राजेश राय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# श्रृंगीरामपुर मेले में 'बम बम भोले' के जयकारों की गूंज

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कमालगंज में महाशिवरात्रि पर्व से पूर्व ही तीर्थस्थली श्रृंगीरामपुर मेले में बम बम भोले के जयकारे गूंजने लगे हैं। महाशिवरात्रि का पर्व रविवार 15 फरवरी को मनाया जाना है, लेकिन उससे पूर्व ही श्रद्धालुओं की आवाजाही तेज हो गई है।

शुक्रवार को कमालगंज और कन्नौज की तरफ से सैकड़ों श्रद्धालुओं को कांवड़ लाते देखा गया। मध्य प्रदेश के ग्वालियर, दतिया, मुरैना और भिंड जिलों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया। इसके बाद उन्होंने श्रृंगी ऋषि मंदिर में जल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। कांवड़ियों ने गंगाजल भरकर 'बम भोले' के जयकारों के साथ अपनी पैदल यात्रा शुरू की। बता दें कि श्रृंगीरामपुर आकर जल भरना उनके लिए परंपरा और श्रद्धा दोनों का विषय है।

गंगा तट और मुख्य बाजार क्षेत्र में मेले की तैयारियां पहले ही पूरी हो चुकी हैं। सौ से अधिक अस्थायी दुकानें सज गई हैं, जहां पूजन सामग्री, कांवड़ सजाने का सामान और घुंघरुओं की बिक्री हो रही है। दुकानदारों के अनुसार, आगामी दो दिनों में भीड़ और बढ़ने की संभावना है। रात्रि के समय घाट पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था के लिए निजी स्तर पर जनरेटर लगाए गए हैं। बुधवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मेले में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिये थे। जिसके बाद से पुलिस और प्रशासन यहां मुश्तैद है। घाट पर मोटरबोट की व्यवस्था की गयी है। गोताखोरों का दल तैनात है तथा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।


श्रृंगीरामपुर घाट पर जल भरने के लिए जाते कांवड़िये। अमृत विचार

आयोजन | टैबलेट से विद्यार्थियों की पढ़ाई होगी और अधिक स्मार्ट : डॉ अनीता यादव

# मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में 587 को बांटे टैबलेट

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में शासन की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण के अंतर्गत विभिन्न संकायों के 587 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। विश्वविद्यालय प्रबंधन के हाथों टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रति कुलाधिपति डॉ अंचल सिंह, कुलपति डॉ अनिल चौहान एवं कुलसचिव रणजीत यादव ने आयुर्वेद संकाय के 17, श्रीबाबू सिंह दद्दूजी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज के 33, कला, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के 71, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के 30 तथा यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक के 23 विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किए।

फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के सभागार में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में कुलाधिपति डॉ अनार सिंह, चेयरपर्सन डॉ अनीता यादव, विश्वविद्यालय के सलाहकार डॉ रंगनाथ मिश्रा तथा डीन डॉ बिंदु राठौर ने 233 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए, जिसमें बी फार्मा के 81 तथा डी फार्मा के 152 विद्यार्थी शामिल हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन के हाथों टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर चेयरपर्सन डॉ अनीता यादव ने कहा कि तकनीक के माध्यम से शिक्षा को और प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि टैबलेट विद्यार्थियों के लिए डिजिटल दुनिया का सशक्त माध्यम साबित होंगे और विश्वविद्यालय हमेशा उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रति कुलाधिपति डॉ अंचल सिंह ने कहा कि सरकार की यह योजना युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी उप कुलसचिव मानवेन्द्र सिंह चौहान, डीन आयुर्वेद डॉ अम्बरीश बाथम, नर्सिंग फैकल्टी की डीन प्रो. शेरीन पी एलेक्स, डीन इंजीनियरिंग डॉ निखिल श्रीवास्तव, कला संकाय के डीन डॉ ललित यादव, डीन पॉलीटेक्निक धीरेंद्र सिंह, शिवम कश्यप सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक मौजूद रहे।



आयुर्वेद संकाय में विद्यार्थियों को टैबलेट देते प्रति कुलाधिपति डॉ अंचल सिंह व अन्य।

## केंद्रीय कारागार के कैदी ने फांसी लगाकर खुदकुशी की, हड़कंप

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार में शुक्रवार को आजीवान कारावास की सजा काट रहे एक कैदी ने फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार कैदी द्वारा फांसी लगाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मृत्यु का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। मृतक की पहचान सीटी संख्या 29157 कैदी प्रभात (उम्र 39 वर्ष) पुत्र रामकुमार राजपूत के रूप में हुई है। वह सेंट्रल जेल फतेहगढ़ में निरुद्ध था और वर्तमान में सजा काट रहा था। जेल प्रशासन के अनुसार प्रभात को जेल वार्डन अवधेश साहू एवं जेल वार्डन अजय प्रदीप शर्मा द्वारा दोपहर 3.56 बजे डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना तत्काल संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। प्रारंभिक तौर पर फांसी लगाने की बात सामने आ रही है, लेकिन आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस एवं जेल प्रशासन मामले की जांच में जुट गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मृत्यु आत्महत्या के कारण हुई या किसी अन्य परिस्थिति में। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

न्यूज ब्रीफ

### अपहरण व जान से मारने की धमकी दी

**भरथना।** कस्बे में एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने अभद्रता करते हुए जान से मारने तथा उठवा लेने की धमकी दी। पीड़ित ने थाना पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए कार्यवाही की मांग की है। कस्बा के मोहल्ला आजाद रोड निवासी सुनील कुमार दीक्षित पुत्र रमेश दत्त दीक्षित ने बताया कि मैं गुरुवार की दोपहर करीब एक बजे आवश्यक काम से थाने आया था। थाने से बाहर निकलते समय कस्बा के ही एक मोहल्ले निवासी नामजद तथा एक अज्ञात ने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस जांच में जुटी है।

### बैठक 16 को

**महेवा।** स्थानीय क्षेत्र पंचायत महेवा की बैठक आगामी 16 फरवरी दिन सोमवार को 12 बजे से ब्लॉक प्रमुख महेवा पवित्रा दोहरे की अध्यक्षता होगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी महेवा बृज बिहारी त्रिपाठी ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों तथा सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से बैठक में शामिल होने का आवाहन किया है।

### सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना पछायगांव क्षेत्र के अंतर्गत जमुनापार जैतपुर में सड़क दुर्घटना में ममता देवी पत्नी शेर सिंह निवासी बख्शीपुरा फूफ भिंड मध्य प्रदेश, संध्या पत्नी विद्याराम व देवी चरन पुत्र प्रहलाद निवासीगण जैतपुरा पछायगांव घायल हो गये। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत पूठन सकरौली के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार गीतम सिंह पुत्र परशुराम निवासी जैतपुर कुंझना रूपपुरा आगरा घायल हो गया।

### मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए जिनका जिला अस्पताल में डॉक्टरी परीक्षण किया गया। थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत तकिया पर दवंगों ने मारपीट कर किशन तिवारी पुत्र प्रमोद कुमार निवासी तकिया आजाद गान को घायल कर दिया। थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हथनोली निवासी अवधेश कुमार पुत्र श्याम स्वरूप को दवंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थाना चकरनगर क्षेत्र के अंतर्गत नोगंवा निवासी लक्ष्मी नारायण पुत्र सोने लाल को गांव में दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

### महिला के वैग से जेवर पार

**बकेवर।** औरैया जिले के बाबरपुर से अपने पुत्र के साथ थ्रीव्हीलर में सवार होकर इटावा में शादी समारोह में भाग लेने जा रही महिला के पर्स से उसके ही बगल सीट पर बैठी एक लड़की ने सोने के आभूषण पार किए। महिला के प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

सरिता देवी निवासी जुआ हाल पता फफूंद चौराहा निवासी ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ बाबरपुर से आटो में बैठकर इटावा शादी समारोह में जा रही थी। बताया कि उसके पास 5 अगूंठी लेडिज व एक चेन व एक मंगल सूत्र सोने के लेकर आयी थी, और जेवर को अपने पर्स में रखा था। बताया उसके बराबर में एक लड़की बैठी थी जिसने बराबर में बैठकर पर्स गहने चुरा लिए और महेवा चौराहे पर उतर गयी। जिस कारण मुझे शक हुआ जब मैंने महेवा चौराहे पर ही अपना जेवर देखा तो नहीं मिला तब तक वह लड़की वहां से जा चुकी थी। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अधिवक्ता सुरक्षा कानून को लेकर वकीलों ने दिया ज्ञापन

**भरथना।** बार एसोसिएशन तहसील भरथना के अधिवक्ताओं ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भरथना उपजिलाधिकारी काव्या सी. को सौंपा। भरथना तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की बैठक के बाद अध्यक्ष हरीशचंद्र पाण्डेय और महामंत्री राकेश सिंह चौहान के नेतृत्व में यह ज्ञापन दिया गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि कचहरी परिसरों में लगातार बढ़ रही हिंसक घटनाओं और हाल में रामपुर में वरिष्ठ अधिवक्ता की चैंबर में घुसकर हत्या की घटना से रोष है। ज्ञापन में अधिवक्ताओं और उनके परिवार की सुरक्षा के लिए एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू करनेकी मांग की गई। ज्ञापन देने के दौरान राज कुमार तिवारी, राजीव श्रीवास्तव, राघवेन्द्र श्रीवास्तव, श्री कृष्ण निराला रहे।

# साले ने जीजा को पत्थर मारा उपचार के दौरान थमीं सांसें

## मातम में बदलीं खुशियां, कोतवाली क्षेत्र के करनपुरा का मामला

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला करनपुरा में शादी के दिन घर में रुके रिश्तेदारों के बीच मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। शराब के नशे में साले ने अपने जीजा के सिर पर पत्थर मार दिया। मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। गंभीर घायल जीजा को जिला अस्पताल से सैफई आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय रेफर कर दिया गया । यहां गुरुवार रात को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मारपीट की घटना बुधवार की है।


अस्पताल में पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

पुलिस के अनुसार उमेश बाथम (50) की नातिन (बेटी की बेटी) की शादी एक मैरिज हॉल में थी। इसलिए घर पर उमेश बाथम उनके चचेरे भाई गुड्डू बाथम निवासी गोपियागंज और साले पिंटू बाथम निवासी भीखनपुरा जसवंतनगर मौजूद थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। पहले बहस हुई फिर गाली गलौज होने लगी और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि घर में शोर शराबा होने लगा। आसपास के लोगों ने आवाज सुनकर परिजनों को सूचना दी। उमेश बाथम के बेटे सोनू बाथम ने बताया कि उनकी पिता की भांजी काव्या की बुधवार को शादी थी। इसी वजह से पिता, चाचा और मामा घर पर ही रुके थे। पड़ोसियों ने बताया कि घर में झगड़ा हो रहा है। जब वह मौके पर पहुंचे तो उनके पिता खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़े थे। चाचा गुड्डू और मामा पिंटू भी घायल थे। सोनू के अनुसार पिंटू ने उनके पिता के सिर पर पत्थर की सिल से हमला किया जिससे उनका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद तीनों घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने तीनों को सैफई आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के लिए रेफर कर दिया। वहां उमेश बाथम की गुरुवार देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है पुलिस जांच कर रही है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

### शादी से इंकार पर युवती ने प्रेमी के घर जाकर खाया जहर

**भरथना।** कस्बे में एक युवती ने प्रेम संबंध के बाद शादी से इंकार किए जाने से आहत होकर प्रेमी के घर के बाहर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

इकदिल क्षेत्र की रहने वाली युवती का करीब दो वर्ष पहले सोशल मीडिया के जरिए संपर्क हुआ। इसके बाद उसकी भरथना निवासी एक युवक से बातचीत शुरू हुई। धीरे-धीरे दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। युवती का कहना है कि युवक उससे लगातार शादी का भरोसा देता रहा और इसी विश्वास में वह उसके साथ संबंध में रही। युवती के अनुसार हाल ही में उसने युवक से विवाह की बात दोबारा कही। बीती रात फोन पर हुई बातचीत के दौरान युवक ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए शादी करने से इंकार कर दिया। इससे आहत होकर युवती सीधे उसके घर पहुंच गई। वहां दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई। इसी दौरान युवती ने घर के बाहर ही जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ गई।


स्व. अशोक दुबे के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता साथ में अंशुल दुबे। अमृत विचार

# पूर्व विधायक अशोक दुबे की 5वीं पुण्यतिथि मनाई

**इटावा।** पूर्व विधायक व एमएलसी स्व. अशोक दुबे की 5वीं पुण्य तिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन उनके अशोक नगर आवास पर किया गया। इस मौके पर जिले के कोने-कोने से आए लोगों ने उन्हें यादकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस मौके पर वृंदावन से पधारे स्वामी हंसानंद गिरि महाराज व पिलुआ महावीर मंदिर के महंत हरभजनदास महाराज ने प्रवचन व रसमय कीर्तन किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण गुप्ता अन्नू ने कहा कि स्व अशोक दुबे हम सबके प्रेरणास्रोत रहे है। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता थे। विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने भाजपा को मजबूती प्रदान की। उन्हें सदैव याद रखा जाएगा। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व विधायक केकेराज, कृपा नारायण तिवारी, मनीष यादव पतरे, जितेंद्र गौड, अरविंद दीक्षित पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक चौबे, सीपू चौधरी अरुणेश दीक्षित, संतोष चौधरी, गजेंद्र मिश्रा इंद्रेश दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष शिव महेश दुबे, संजीव राजपूत अजय धाकरे, विमल भदौरिया, इंद्रेश दीक्षित के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

इस मौके पर स्व अशोक दुबे के पुत्र अंशुल दुबे कुसुम दुबे, संध्या दुबे भाई प्रमोद दुबे ने श्रद्धांजलि सभा में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। बाद में प्रसाद का वितरण किया गया।

### तीमारदार से ट्रॉमा सेंटर में मारपीट का आरोप

**सैफई।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के ट्रॉमा सेंटर में गुरुवार देर रात तीमारदार के साथ कथित मारपीट का मामला तूल पकड़ गया। इमरजेंसी वार्ड में भीड़ अधिक होने पर युवक को बाहर जाने के लिए कहने को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद विवाद बढ़ गया और आधी रात तक ट्रॉमा सेंटर परिसर में हंगामा चलता रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए तीन सुरक्षाकर्मियों को कार्य से विरत कर जांच समिति गठित कर दी है।

ग्राम गोवेपुरा निवासी विजय पाल की पत्नी को सांप ने काट लिया था, जिन्हें ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। गुरुवार रात करीब 11 बजे विजय पाल इमरजेंसी वार्ड पहुंचे। बताया गया कि वार्ड में तीमारदारों की भीड़ अधिक थी। इस पर ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बाहर जाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर सुरक्षाकर्मियों ने विजय पाल के साथ मारपीट की। विश्वविद्यालय प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 3 सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी है। जांच में तीन सुरक्षाकर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्य से विरत कर दिया।


हजारी महादेव मंदिर का निरीक्षण करते डीएम व एसएसपी अमृत विचार

# अधिकारियों ने हजारी महादेव मंदिर का किया निरीक्षण

संवाददाता ताखा (इटावा)

- सीसीटीवी कैमरा, सफाई व पर्याप्त रोशनी किए जाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के अवसर पर हजारी महादेव मंदिर में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। शुक्रवार को डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला व एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने तथा साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला कमेटी अध्यक्ष पंचम सिंह यादव को निर्देशित किया कि गंगाजल से भरी कांच की बोतलों को एक स्थान पर संकलित कर ही जलाभिषेक कराया जाए, ताकि परिसर में बोतलें टूटने से अव्यवस्था न फैले। एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शिवरात्रि पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए सात थानाध्यक्ष, दस इंस्पेक्टर, 105 सिपाही और 60 महिला कांस्टेबल तैनात रहेंगे। इसके अतिरिक्त दो सेक्शन पीएसी के जवान भी चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहेंगे। अराजकतत्वों पर नजर रखने के लिए मेले में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी, जबकि मंदिर परिसर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मंदिर तक जाने वाले प्रमुख मार्गों पर 14 स्थानों पर बैरियर लगाए जाएंगे। बाहर से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग स्थल समय से पहले तैयार किए जाएं। चार स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। सभी चार पहिया वाहनों को बैरियर पर रोककर निर्धारित पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम ताखा श्वेता मिश्रा, सीओ रामदवन मौर्य समेत थानाध्यक्ष ऊसराहार बलराज सिंह भाटी मौजूद रहे।

### बकेवर से निकली भव्य कांवड़ यात्रा पुष्पवर्षा से स्वागत

**बकेवर।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर युवा उत्थान समिति के तत्वावधान में कस्बा बकेवर से विशाल व भव्य कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हुआ। लगभग दो दर्जन युवाओं की टोली जब नगर मुख्य चौराहे पर पहुंची तो व्यापारियों व समाजसेवियों ने पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया। नगर के व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं समाजसेवी शीलू शर्मा के नेतृत्व में अनिल चौधरी, अंकित पाठक, अनिल तिवारी (पूर्व सभासद) रवि अवस्थी, चोटाला, नंदू शुक्ला, आशाराम शर्मा, हल्लू शर्मा प्रवेश शर्मा आदि ने पुष्पमाला व अंगवस्त्र पहनाकर उत्साहवर्धन किया। युवा उत्थान समिति के सदस्य राहुल तिवारी ने बताया कि यह कांवड़ यात्रा बकेवर से रवाना होकर श्रृंगी रामपुर पहुंचेगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता, जसवन्तनगर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोनई-नोरमई गांव के बीच शुक्रवार दोपहर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर इटावा से आगरा जाने वाली सड़क पर इटावा की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एनएचआई एम्बुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान जेब में मिले आधार कार्ड से आकाश (26) पुत्र कृष्ण कुमार निवासी ग्राम चंदरपुरा थाना लवेदी के रूप में हुई। सीएचसी पहुंचे मृतक के ताऊ महेश कुमार ने बताया कि आकाश शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे अपने गांव से निकला था। वह मोटरसाइकिल अपनी बुआ मिथलेश से मांगकर लाया था और पहले इटावा के शांति कॉलोनी में उनसे मिला। इसके बाद वह बाइक शिकोहाबाद में बुआ को वापस देने जा रहा था, जहां से अन्य वाहन से गुरुग्राम नौकरी पर जाना था। दोपहर करीब दो बजे जैसे ही वह जोनई-नोरमई मार्ग के बीच पहुंचा, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। आकाश की दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी और उसकी एक वर्ष की मासूम बेटी है। वह परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। हादसे की सूचना मिलते ही पत्नी निकिता और छोटे भाई का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

**सडक हादसों में महिला समेत दो घायल:** जसवंतनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक वृद्ध महिला समेत दो लोग घायल हो गए। पहली घटना में क्षेत्र के ग्राम नगला हुलासी निवासी 80 वर्षीय राम बेटी पत्नी राम नरेश अपने पुत्र अरविंद कुमार के साथ मोपेड से बाजार जा रही थीं। होटल के समीप आगे चल रही कार के चालक ने अचानक दरवाजा खोल दिया। इससे उनकी मोपेड कार के दरवाजे से टकरा गई और दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां उपचार जारी है। चालक रफूचक्कर हो गया।

दूसरी घटना में ग्राम शुकुरुल्लापुर थाना करहल निवासी 18 वर्षीय राजा पुत्र विजय पाल को कठफोरी के पास हाईवे पर इटावा की ओर से आते समय अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

### गोमती एक्सप्रेस से कटकर महिला की मौत

**इटावा।** थाना जीआरपी क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास स्थित माल गोदाम के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संगीता 28 वर्ष पत्नी जनवेद कुमार निवासी अड्डा पाय थाना फ्रेंड्स कालोनी सुबह इटावा रेलवे स्टेशन स्थित माल गोदाम के पास पटरी पार कर रही थी तभी वह गोमती एक्सप्रेस की चपेट में आ गई और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मृतका के परिजन रोते बिलखते घटना स्थल पहुंचे। जीआरपी को जैसे ही घटना की सूचना मिली वह मौके पर पहुंची और शव को रेलवे ट्रेक से उठाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।


बैठक करते अधिवक्ता सभा के अध्यक्ष अभिनव यादव साथ में अन्य अधिवक्ता।

### सपा अधिवक्ता सभा की बैठक, विस्तार पर चर्चा

**इटावा।** समाजवादी अधिवक्ता सभा जिला इटावा की मासिक बैठक अध्यक्ष अभिनय यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रामपुर में अधिवक्ता फारुख अहमद खान की गोली मारकर की गई हत्या की घोर निंदा कर शोक संवेदना प्रकट की गई। बैठक में कार्यकारिणी का और विस्तार करने के लिए आए प्रार्थना पत्रों पर विचार कर उनको कार्यकारिणी में शामिल किए जाने पर विचार किया गया। इसके अलावा बैठक में अन्य विषयों पर चर्चा की गई। ,बैठक में कोषाध्यक्ष /मीडिया प्रभारी मैराज अली खान एडवोकेट ,रविंद्र यादव ,जगवीर यादव ,अनिल कश्यप ,लक्ष्मण सिंह यादव ,नफीस खान ,हरि शंकर सक्सेना ,मदीना सिद्दीकी ,अनूप शर्मा आदि मौजूद रहे।

# तनावमुक्त परीक्षा के दिए टिप्स

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा ज्ञान स्थली एकेडमी कटरा शमशेर खां में आगामी बोर्ड परीक्षाओं से पहले विद्यार्थियों के लिए तनावमुक्त परीक्षा विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रखते हुए सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करना रहा। मुख्य अतिथि सीओ सिटी अभय नारायण राय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा जीवन का केवल एक चरण है, इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास के साथ किया गया प्रयास ही सफलता की कुंजी है, उन्होंने बताया की पढ़ कर नहीं लिखना है बल्कि लिख के पढ़ना है लिखने से मस्तिष्क जल्दी सीखता है व लेखन गति का अभ्यास परीक्षा से एक दिन पहले अधिक से अधिक करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार ने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य, योग, ध्यान और संतुलित दिनचर्या के महत्व के बारे में बताया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संस्कार ने विद्यार्थियों को पढ़ाई की सही रणनीति बताते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध ढंग से अध्ययन करने से तनाव स्वतः कम हो जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

(नमूना काबिज फरोख्त)

**सम्मन वास्ते करारदाह उमूर तनकीह तलब**

श्रीमान जिलाधिकारी महोदय कर्वी जिला–चित्रकूट
नम्बर मुकदमा– 540
मुददई
धारा– 38 (2)
तारीख पेशी–16.02.2026

साकिन मुरका
बनाम
साकिन – ग्रामसभा
मुद्दालेह

(1) प्रेमनरायन पुत्र रामसूरत नि0–मुरका तह0 मऊ, (2) कुलदीपपुत्र रामसूरत नि0–मुरका तह0 मऊ दरगाह रमेश चन्द्र ने आपके नाम एक नालिक बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि मारफत वकील के जो सन् 20 ई0 बवक्त बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार बाकई बाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्श हो जो कि जवाब ऐसे अवालात को दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और दरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर हो वास्ते ईनफिसाल कतई मुकदमा के तजबीज हुई है आप को लाजिम है कि उस रोज जुमला दस्तावेज की जिनकी आप अपनी जवाब देही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकुर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैर हाजिरी मसमूर और फैसला होगा बरख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आपत तारीख मास सन् 20 ई0 जारी किया गया।

आज्ञा से –न्यायालय

कार्यक्रम | अतिथियों ने कृषि विज्ञान प्रदर्शनी के स्टॉलों का किया अवलोकन

# प्रदर्शनी से किसानों को मिलती नवीन तकनीकों की जानकारी

संवाददाता, बकेवर

**अमृत विचार।** जनता कॉलेज बकेवर एवं कृषि विभाग के द्वारा कृषि विज्ञान प्रदर्शनी एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।


कृषि विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ करते उप निदेशक कृषि व अन्य। अमृत विचार

इस अवसर पर मुख्य अतिथि उप निदेशक कृषि डॉ. आरएन सिंह ने कहा कि आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों, जैविक खेती तथा फसल विविधीकरण को अपनाकर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। अति विशिष्ट अतिथि संस्थापक हवेला ग्रुप यूएसए डॉ. स्टीफन जान ने भारतीय कृषि पर चिंतन कर प्रति व्यक्ति आय बढ़ाना, ग्रीन एनर्जी के प्रोजेक्ट तथा अमेरिका की तुलना करते हुए भारतीय किसानों की दशा में सुधार पर विस्तार से चर्चा की। अध्यक्षता करते हुए डॉ. केके दीक्षित सदस्य प्रबंध समिति ने कहा कृषि विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को नवीन तकनीकों की प्रत्यक्ष जानकारी मिलती है, जिससे खेती अधिक लाभकारी बनती है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने कहा प्रदर्शनी केवल उत्पादों का प्रदर्शन नहीं बल्कि ज्ञान, तकनीकी और अनुभवों का सामंजस्य है। कॉलेज ग्रामीण उन्नयन, वैज्ञानिक नवाचार, कृषि आत्मनिर्भरता, पशुपालन आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में सतत प्रयास करता रहता है। मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं समस्त विशिष्ट अतिथियों ने कृषि विज्ञान प्रदर्शनी के स्टॉलों का भ्रमण किया।

इस मौके पर उन्नतशील किसान अमर सिंह, लालाराम दोहरे, चंद्रभान यादव, रामनरेश गौतम आदि ने किसानो की समस्याएं एवं समाधान पर अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मनोज यादव ने किया। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी ओंकार सिंह, उपनिदेशक मृदा संरक्षण राजेंद्र प्रसाद, डीडीएम नाबार्ड अरुण कुमार सिंह, एलडीएम डॉ एम एम ठेले, मुख्य प्रबंधक, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया डॉ आर के कनौजिया, प्राचार्य तिलक महाविद्यालय औरैया डॉ रवि कुमार, एजीएम आरसीएफ इंडिया डॉ कप्तान सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मैरिज होम में बारातियों ने कैटरिंग कर्मियों को पीटा

**जसवन्तनगर।** सैफई रोड स्थित एक मैरिज होम में बारात के चार युवकों द्वारा कैटरिंग कर्मियों के साथ मारपीट की। लुधपुरा निवासी 32 वर्षीय संजीव कुमार उर्फ संजू पुत्र मुकुट सिंह ने पुलिस बताया कि वह अपने साथी छोटे पुत्र बड़े लाल, निवासी डूडा कॉलोनी लुधपुरा के साथ मैरिज होम में कैटरिंग का कार्य कर रहा था। रात दो बजे बारात पक्ष के पंकज पुत्र रामवीर निवासी यदुवंश नगर थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद अपने साथियों तरुण, गुलशन और सौरभ के साथ मिलकर मारपीट की।

**ग्राम पंचायत सुरवल विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट**

**निविदा सूचना**

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुरवल में मनरेगा योजना अंतर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी ।दिनांक – 14/2/2026से 16/2/2026

| क्र.सं. | कार्य | लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन से लाला के घर तक इंटरलाकिंग खरंजा निर्माण | 848209 | 16500 | 500 |
| 2 | राजेन्द्र सिंह के घर के पास से वीर बहादुर के घर की ओर इंटरलाकिंग खरंजा निर्माण | 842813 | 16500 | 500 |

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत सुरवल विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक चालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई

**अयाना।** झांसी के शांति नगर निवासी कृष्ण चंद्र ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि कन्नौज के छिबरामऊ थाना क्षेत्र के रौरी निवासी दामाद विक्रम सिंह कार से एक फरवरी को दिल्ली से उरई आ रहे थे। बुंदेलखंड के किलोमीटर संख्या 241 पर चित्रकूट की ओर जाने वाली लेन पर ट्रक चालक ने लापरवाही कर हाईवे की लेन पर ट्रक खड़ा कर दिया। कोहरा होने के चलते दामाद को आगे खड़ा ट्रक नहीं दिखा और उनकी कार पीछे से ट्रक में टकरा गई। इससे दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही उनकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। थानाध्यक्ष जय प्रकाश पाल ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### चोरी करने का वीडियो वायरल

**अछल्दा (औरैया)।** कस्बे के पुराना अछल्दा में बीती रात एक जलपान की खोखे से नकदी चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, 'बालाजी मंदिर' के सामने स्थित पंकज कुमार पुत्र स्व. बैजनाथ की दुकान में रात करीब 12:15 बजे अज्ञात चोर घुस गया और गल्ले में रखे लगभग 8300 नकद लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने थाना अछल्दा में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चोरी का वीडियो भी वायरल हुआ है।

### ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर में चार लोग घायल

**रुरुगंज, औरैया।** रुरुगंज-कुदरकोट मार्ग पर शुक्रवार शाम ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा गांव इकघरा मोड़ के पास हुआ, जहां दोनों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। मसूदपुर गांव निवासी अमित दीक्षित बुधवार शाम ई-रिक्शा से टेंट का सामान लेने कुदरकोट जा रहे थे। रुरुगंज-कुदरकोट मार्ग पर इकघरा मोड़ के नजदीक पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा और बाइक दोनों सड़क के नीचे गड्ढे में जा गिरे। हादसे में ई-रिक्शा चालक अमित दीक्षित के साथ बाइक सवार एहसान तथा बाइक पर बैठी महिलाएं सोनी और मरियम नीचे दब गईं। गड्ढे में गिरने से चारों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

# भाजपा बूथ अध्यक्ष ने फंदे से लटककर दे दी जान

## शव का पोस्टमार्टम होने के बाद किया गया अंतिम संस्कार

संवाददाता, बेला, औरैया


मोहित चतुर्वेदी।

- पत्नी से काफी समय से विवाद था
- पत्नी दो महीने से मायके में ही थीं

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव नुनारी निवासी मोहित चतुर्वेदी (32) जो कि भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं,उनका अपनी पत्नी से काफी समय से विवाद चल रहा था। विवाद के कारण उनकी पत्नी ज्यादातर अपने मायके में रहती थी। कभी कभी ही ससुराल आती थी। लेकिन पिछले दो महीने से वो मायके से नहीं आयी थी। बताया जा रहा है कि इसी बात को लेकर मोहित मानसिक रूप से परेशान था।

बृहस्पतिवार की रात मोहित ने अपने कमरे में छत पर लगे पंखे के हुक से प्लास्टिक की केबल बांधी और फंदे से लटक गया। रात में ही परिजन ने उसे लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण भी जमा हो गए। पिता की सूचना पर थानाध्यक्ष गंगादास गौतम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के साथ परिजन से पूछताछ की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए चिचोली स्थित मेडिकल कॉलेज भेज दिया। सूचना मिलते ही पत्नी शिवानी अपने परिजन के साथ गांव पहुंची जहां उसका रो रोकर बुरा हाल था। अन्य रिश्तेदार भी गांव पहुंच गये। मां मालती देवी रो रोकर कहे रही थी की अब मेरा बुढ़ापा कैसे गुजरेगा। डॉक्टरों ने शव का पोस्टमार्टम कर दोपहर में शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे तो गांव में कोहराम मच गया। दोपहर करीब दो बजे परिजन शव जनपद कन्नौज के मेहंदी घाट पर अंतिम संस्कार करने के लिए ले गये।

देर शाम शव का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक अपने माता-पिता का अकेला बेटा था। अन्य दो छोटी बहनों मोहिनी व मंदाकिनी की भी शादी हो चुकी है। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया है कि शव का पोस्टमार्टम होने के बाद अंतिम संस्कार हो गया है। किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है।

## किशोरी को फुसलाकर ले जाने का आरोप मुकदमा दर्ज कराया

**बेला (औरैया)।** थाना बेला क्षेत्र के ग्राम महू निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 17 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पीड़ित पिता के अनुसार 13 फरवरी 2026 को सुबह करीब 4 बजे उनकी पुत्री को गांव का ही एक युवक पुनीत चौबे भगा ले गया। आरोप है कि घटना में मोनू चौबे व सुमित चौबे ने भी सहयोग किया। परिजनों का कहना है कि आरोपी का गांव में आना-जाना लगा रहता था। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि पुत्री घर से लगभग 60 हजार रुपये भी साथ ले गई है। पिता ने बताया कि उनकी पुत्री नाबालिग है और उसकी उम्र लगभग 17 वर्ष है। थाना बेला पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि किशोरी की बरामदगी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

# मदद को पहुंची 'विचित्र पहल' की टीम

कार्यालय संवाददाता, औरैया


जरूरतमंद को आर्थिक सहायता देते संगठन के लोग। अमृत विचार

- गरीब परिवार की बेटी को आर्थिक मदद मुहैया कराई

**अमृत विचार।** समाजसेवी संगठन विचित्र पहल सेवा समिति ने शुक्रवार को आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी की शादी में मदद की।

धीरजपुर, औरैया निवासी तारावती व कमल घरों में पुट्टी पेंट, मजदूरी करके परिवार का जीवकोपार्जन करते हैं। उनकी बेटी किरन का विवाह बबीना-औरैया निवासी देवकरन के साथ 15 फरवरी को संपन्न होना है। आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं के विवाह, निराश्रित व वास्तविक जरूरतमंदों की मदद करने वाली समाजसेवी संस्था विचित्र पहल सेवा समिति के सदस्य शुक्रवार को धीरजपुर स्थित किरन के दरवाजे पहुंचे। सखी ग्रुप की अध्यक्ष लक्ष्मी बिश्नोई के साथ सखी ग्रुप की सदस्यों ने किरन के मस्तक पर रोली चावल से तिलक, माल्यार्पण व पुष्प वर्षा करते हुए उसका हृदय से अभिनंदन किया। उसके बाद समिति व जन सहयोग से उसको साड़ियां, ज्वेलरी, 10 किलो गेहूं का आटा, सूट, स्टील के बर्तन, ऊनी कंबल, बेडशीट, कैसरोल, कुकर, नाश्ता किट, सीलिंग फैन, कटोरी सेट, प्रेस, चूड़ी कंगन सेट, पुडिंग सेट, जेंट्स व लेडीज घड़ी, चाय कप सेट, कांच की कटोरी सेट, टिफिन, बिछिया, श्रृंगार सामग्री आदि गृह उपयोगी सामग्री व आर्थिक मदद की गयी। समिति द्वारा सहयोग पाकर परिवारीजनों के चेहरों पर खुशी झलक रही थी। मौजूद लोगों ने गरीब लड़कियों के विवाह में मदद हेतु संस्था द्वारा संचालित पहल की प्रशंसा की। मदद कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) ने बताया कि अब तक समिति व जन सहयोग से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की 68 बेसहारा व जरूरतमंद लड़कियों के विवाह में यथासंभव मदद की जा चुकी है। समिति के संस्थापक औरैया रत्न आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि सर्व समाज के जरूरतमंदों की यह सेवा आगे भी जारी रहेगी। मदद कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बैंक से संजय अग्रवाल, सखी ग्रुप की संरक्षक बबिता गुप्ता, सीता पोरवाल आदि रहीं।


लोगों की समस्याओं को सुनते समाजसेवी। अमृत विचार

## समाजसेवी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**बिधूना, औरैया।** ताजपुर निवासी युवा समाजसेवी विपिन अवस्थी ने ग्राम पंचायत में भ्रमण कर लोगों से उनकी समस्यायें जानीं वहीं आर्थिक रूप से कमजोर विश्वनाथ के आवास पर पहुंच कर वर बधू को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उन्होंने वर बधू को उपहार भी भेंट किए। इससे पूर्व विपिन अवस्थी और उनके अनुज पूर्व सैनिक उमेश अवस्थी ने ग्राम पंचायत के डहरियापुर पुर्वा किन्नर,खरगपुर ताजपुर कमलपुर आदि में सर्दी से बचाव के लिए जरुरतमंदों को कंबल आदि प्रदान किये थे जबकि बुजुर्गों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया था। उन्होंने ग्राम पंचायत में प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कराया जबकि खराब पड़े हैंडपंप अपने निजी कोष से ठीक कराए। जनहितकारी कार्यों और लोगों के सुख दुख में शामिल होकर उनकी यथा संभव मदद के जज्बे की क्षेत्र के लोगों द्वारा सराहना की जा रही है।

# फार्मर रजिस्ट्री में औरैया अव्वल

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में भी शीर्ष स्थान पर रहा जिला

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने जूम मीटिंग के माध्यम से जनपद में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु कोटेदार, आंगनवाड़ी कार्यकत्री आदि की आईडी बनाई जा चुकी है। अतः जिला पूर्ति अधिकारी तथा कार्यक्रम अधिकारी कोटेदार व आंगनवाड़ी कार्यकत्री/ संगिनी को लिखित रूप में निर्देशित करें कि प्रतिदिन उनके द्वारा पांच-पांच व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाएं तथा इस बात का भी ध्यान रखा जाए की बनाई गई आईडी क्रियाशील भी रहे। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ-साथ नवनिर्मित आंगनवाड़ी केन्द्रों का हस्तांतरण, आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कराते हुए प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने एसआईआर व फार्मर रजिस्ट्री कार्य में प्रदेश में प्रथम स्थान आने पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश में प्रथम स्थान पर आना सहज नहीं होता है और प्रथम स्थान पर बने रहना उससे अधिक कठिन होता है। अतः उक्त कार्यों में लगे अधिकारी व कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुए आगे भी जनपद को प्रथम स्थान पर बनाए रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य 15 मार्च तक पूर्ण किया जाना है अतः प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष लेखपाल का लक्ष्य भी निर्धारित किया जाए तथा प्रतिदिन तहसील स्तर पर समीक्षा भी की जाए। उन्होंने कहा कि एस आईआर में नामित अतिरिक्त/ सहायक/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने क्षेत्र में सुपरवाइजर व बीएलओ के माध्यम से नोटिस उपलब्ध कराए जाने के साथ-साथ नोटिस की सुनवाई भी करायें जिससे समय की बचत हो और व्यर्थ में परिश्रम न करना पड़े। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रतिदिन 5वें तथा 15वें वित्त आयोग में प्राप्त बजट के सापेक्ष व्यय धनराशि का विवरण उपलब्ध करायें साथ ही उन्होंने ग्राम बरौना कला में विगत वर्षों में कराए गए विकास कार्यों की जिला स्तरीय समिति के माध्यम से जांच कराते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण को निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार हेलीपैड बनाएं जाने हेतु चिन्हित स्थानों का सर्वे कर उपयोगिता के अनुसार सूची उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर बनाई जा रही डिजिटल लाइब्रेरी को प्राथमिकता के आधार पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कराते हुए संचालित कराना सुनिश्चित करें।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि। अमृत विचार

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विशाल हिंदू सम्मेलन

**फफूंद, औरैया।** ककोर मार्ग पर ग्राम रामपुर स्थित मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से समाज में जागरण के उद्देश्य से एक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मधुराम मौजूद रहे। मंच का संचालन गोपाल पांडेय (कवि) द्वारा हुआ। सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसके बाद रश्मि द्वारा भारत माता की वंदना हुई। उसके बाद मधुराम ने बताया कि हिंदू एकत्रित रहें। इस मौके पर कार्यक्रम में तिलक सिंह , हरिओम तिवारी, विष्णु दत्त शुक्ला, नारायण दास, लल्ला कठेरिया, मुकेश नायक, रामचन्द्र दोहरे, शिवाजी शुक्ला, मृदुल तिवारी, सहित ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

कवि गोपाल पाण्डेय ने बड़े ही ओजस्वी छन्द पढ़े व एक स्वर में कहा हम सब एक हैं तथा सम्पूर्ण समाज ने मिलकर एक साथ जलपान किया।

# 15 परिवार रजिस्टर की नकल जारी

संवाददाता अछल्दा (औरैया)


बैठक के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनते जिम्मेदार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्लॉक की न्याय पंचायत भैंसोल में प्रशासन द्वारा चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में पहुंचे ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुनकर अधिकारियों ने उनका निस्तारण किया।

चौपाल के दौरान डीसी (स्वयं रोजगार) श्री श्याम नारायण सिंह व एडीओ ग्राम विकास श्री राजबहादुर सिंह ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान 15 परिवार रजिस्टर की नकल जारी की गई, किसान पंजीकरण (फार्मर रजिस्ट्री) के चार फार्म भरे गए तथा एक समूह की शिकायत का भी निस्तारण किया गया। ग्रामीणों ने भैंसोल पंचायत में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक न होने की शिकायत भी दर्ज कराई, जिस पर अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। आयोजन के दौरान एसआईआर से जुड़े प्रकरण, किसान पंजीकरण तथा कुटुंब नकल जैसे मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की बात कही। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी सलीम अहमद, ग्राम प्रधान साधना सिंह रहे।

## डंपर चालक पर महिला को कुचलने की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता अयाना

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मुढी नहर पुल के पास गुरुवार सुबह तेज रफ्तार गिट्टी लदे डंपर ने पैदल जा रही महिला को कुचल दिया था। महिला के पति ने डंपर चालक पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

अयाना थाना क्षेत्र के प्यागपुर निवासी सुरेंद्र सिंह ने शुक्रवार को अयाना थाना में तहरीर दी। बताया कि वह परिवार के साथ औरैया में रहते हैं। 10 फरवरी को बहन राधा की शादी में शामिल होने के लिए वह परिवार के पास गांव आया था। गुरुवार सुबह 7:30 बजे के करीब वह पत्नी रिंकी देवी 32 के साथ औरैया जा रहा था। ऑटो लेने के लिए वह दोनों करमपुर तक पैदल जा रहे थे। मुढ़ी- करमपुर मार्ग पर मुढ़ी रसूलपुर हुलासराय निवासी तेज सिंह व नवीन के खेत के सामने पहुंचने पर आगे चल रही पत्नी को करमपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार गिट्टी लदे डंपर ने कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पूछताछ में चालक ने अपना नाम मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के खास चंदेरा निवासी वीरेंद्र राजपाल बताया।

# चौपाल लगा सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

संवाददाता अछल्दा, औरैया



चौपाल के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत छछुंद के सचिवालय में शुक्रवार को एक चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान शिशु पाल सिंह, पंचायत सचिव सौरभ यादव और पंचायत सहायक मौजूद रहे। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से परिवार रजिस्टर की नकल (एसआईआर) उपलब्ध कराने की मांग की। अधिकांश ग्रामीणों ने अपनी उन बहनों के नाम की नकल मांगी, जिनकी शादी हो चुकी है। इन दस्तावेजों की आवश्यकता विभिन्न शासकीय कार्यों के लिए पड़ रही है। इसके अतिरिक्त, कई लोगों ने आय प्रमाण पत्र बनवाने की भी मांग की। इस संबंध में पंचायत सचिवालय से ही ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सभी प्राप्त प्रार्थना पत्रों का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

**समीक्षा बैठक** जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को लेकर की बैठक

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए डीएम ने दिए जरूरी निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- कहीं भी नकल या गड़बड़ी की शिकायत मिली तो संबंधित केंद्र व्यवस्थापक होंगे जिम्मेदार
- स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से कहा कि परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंचकर परीक्षा को सकुशल संपन्न कराएं



बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को जनपद में सकुशल शांतिपूर्ण एवं सुचिता पूर्ण व नकल विहीन संपन्न कराए जाने के लिए जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों के साथ आयोजित बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर शासन की गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रहें, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी केंद्र व्यवस्थापकों की होगी तथा परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कहीं भी नकल या गड़बड़ी की शिकायत मिली तो संबंधित केंद्र व्यवस्थापक और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा में दी गई जिम्मेदारी को पूरी सजगता के साथ निभाते हुए अंजाम दें और आपसी समन्वय के साथ किसी आने वाली चुनौती को निष्पक्ष होकर निस्तारित करें जिससे परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि सभी लोग जिम्मेदार हैं। इसमें किसी प्रकार की कोई शिथिलता और अनियमितता न हो इसलिए निर्धारित समय और व्यवस्थाओं सहित परीक्षा को सम्पन्न कराएं। जिलाधिकारी ने समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि जिनके द्वारा अभी तक अपने नामित परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति दर्ज नहीं कराई गई है वह प्रत्येक दशा में उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा नकल बिहीन संपन्न कराना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से कहा कि परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंचकर परीक्षा को सकुशल संपन्न कराएं अगर कोई समस्या है तो एक दिन पूर्व ही अवगत कराये और परीक्षा के दौरान मुख्यालय पर ही रहे यह आप लोग सुनिश्चित करें, प्रत्येक दशा में हम लोगों को जनपद में बोर्ड परीक्षाएं नकल विहीन, सुचिता पूर्ण संपन्न कराना है। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा संचालित रहे एवं डीवीआर सही तरह से चले इसका आप विशेष ध्यान दें इसके अलावा शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, फर्नीचर, बाउंड्री वॉल बैठने की समुचित व्यवस्था कराई जाए। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि पूर्व में ही सभी परीक्षा केंद्रों का आप लोग भ्रमण अवश्य कर ले। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतया प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि जो परीक्षा संपन्न कराने के लिए बोर्ड द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं उसी के अनुसार परीक्षा को सकुशल संपन्न कराना है उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान विद्युत आपूर्ति निर्वाध रूप से संचालित रहे इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने सभी केंद्र प्रभारियों/ व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि केंद्रों पर सभी लगाए गए कार्मिक परिचय पत्र के साथ ड्यूटी करें और कोई भी अवांच्छित व्यक्ति परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र के एक किलोमीटर के अंतर्गत फोटोकॉपी मशीन संचालन भी प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों को तभी जाने दें जब सभी प्रपत्र संकलित कर लिए जाए। परीक्षा हेतु शस्त्र पुलिस की तैनाती कर दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि पूर्व में भी आप लोगों द्वारा बोर्ड की परीक्षाएं संपन्न कराई गई है बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक संपन्न कराई जाएगी। परीक्षाएं प्रथम पाली में प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 02:00 बजे से 05:15 बजे तक संपन्न कराई जाएगी। जनपद में कुल 71 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं हाई स्कूल में 20878 परीक्षार्थी एवं इंटरमीडिएट में 19886 परीक्षार्थी, कुल 40764 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिले में कंट्रोल रूम की स्थापना जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय ककोर मुख्यालय में की गई है, जिसके प्रभारी अधिकारी जिला सेवायोजन अधिकारी आशीष शुभम चौधरी है, कंट्रोल रूम का नंबर- 7350734134 है। परीक्षा संबंधी किसी भी समस्या के लिए संपर्क कर अवगत कराये ताकि समस्या का निराकरण किया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अविनाश चंद्र मौर्य, अपर जिलाधिकारी न्यायिक नीरज प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 16 से 27 फरवरी तक होगा खसरा-रूबेला टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- 5 से 10 वर्ष के बच्चों को लगेगा एमआर टीका

**अमृत विचार।** जनपद में 16 से 27 फरवरी तक विशेष खसरा-रूबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत कक्षा 1 से 5 तक (5 से 10 वर्ष आयु वर्ग) के बच्चों को खसरा-रूबेला का टीका लगाया जाएगा। टीकाकरण सरकारी व निजी स्कूलों, मदरसों तथा अन्य शिक्षा संस्थानों में विशेष सत्रों के माध्यम से किया जाएगा।

जिला मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अभियान की सफलता के लिए जिला प्रशासन, बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अभियान के नोडल अधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. राकेश सिंह ने जानकारी दी कि जनपद के सभी विकासखंडों में माइक्रोप्लान तैयार कर लिए गए हैं। टीकाकरण टीमों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। वैक्सीन, आवश्यक लॉजिस्टिक्स और कोल्ड-चेन व्यवस्था भी सुनिश्चित कर ली गई है, ताकि अभियान सुचारू रूप से संचालित हो सके।

जनपद में कुल 1589 शिक्षा संस्थान हैं, जिनमें 1248 सरकारी स्कूल, 324 निजी स्कूल और 17 मदरसे शामिल हैं। इन संस्थानों में टीकाकरण के लिए प्रतिदिन 139 टीमें कार्य करेंगी। यह कार्यक्रम बुधवार और शनिवार को छोड़कर सभी कार्यदिवसों में संचालित किया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी ने अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन और जनसामान्य से अपील की है कि वे अपने बच्चों को निर्धारित तिथि और समय पर स्कूल या मदरसे में आयोजित टीकाकरण सत्र स्थल पर अवश्य भेजें।

न्यूज ब्रीफ

### ठेका से शराब, नकदी और मशीन ले गए चोर

**मौदहा।** खरेला थानाक्षेत्र के बरांव गांव निवासी ब्रजेश कुमार यादव ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी मिथलेश के नाम पर शराब ठेका आवंटित है, जो गहबरा चौकी क्षेत्र में संचालित है। वह दुकान में सेल्समैन है। 8 फरवरी की रात जब वह ठेका बंद कर अपने घर चला गया तो चोर ठेका का ताला तोडकर सात पेटी देशी शराब, तीन पेटी बीयर, ई पाश मशीन और 6 हजार नकदी ले गए। तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अलाव तापते आग में गिरकर अधेड़ जला

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के पतारा गांव मे अर्धविक्षिप्त 50 वर्षीय अधेड़ अलाव तापने के दौरान आग में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गया। पतारा निवासी सत्य स्वरूप (50) पुत्र रामस्वरूप के घर के पास बृहस्पतिवार की शाम करीब 7 बजे आग जल रही थी। तभी आग में गिर जाने से गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे परिजन उपचार के लिए सीएचसी लाए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होते देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष चुने गए सुनील पटेल

**मौदहा।** तहसील सभागार में शुक्रवार को लेखपाल संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें सुनील कुमार पटेल को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा दिलीप कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अभिषेक तिवारी को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, धीरेन्द्र सिंह मौर्य को सचिव, अनुराग ओमर को उप सचिव, ऋषभ राठौर को कोषाध्यक्ष और वसुन्धरा यादव को आडिटर चुना गया है। यह चुनाव लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश, जिला मंत्री डॉ.प्रदत्त, निर्वाचन अधिकारी राजकुमार सिंह और सहायक निर्वाचन अधिकारी कमलेश चतुर्वेदी की देखरेख में संपन्न हुआ।

### दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के ककरऊ व सरसई गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मौके पर आई छह शिकायतों का निस्तारण किया गया। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरसई में ग्राम प्रधान जय देवी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की भूरी ने आंगनबाड़ी केंद्र मे राशन न मिलने की शिकायत की। बद्री प्रसाद व बिटोला ने पेंशन न मिलने की शिकायत की। भूरी ने विधवा पेंशन न मिलने की शिकायत की। जिनका मौके पर निस्तारण किया गया। उधर ककरऊ गांव में ग्राम प्रधान लखन यादव की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें गोपीचरन ने हैंडपंप मरम्मत की मांग की। नंदलाल ने किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायत की। जिनका मौके पर निस्तारण किया गया। ग्राम चौपाल में ग्राम प्रधान, सचिव, कोटेदार एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी आदि मौजूद रहे।

### अपर आयुक्त ने ब्लाक व नगर पंचायत का किया निरीक्षण

**कुरारा हमीरपुर।** विकास खंड कार्यालय व नगर पंचायत का अपर आयुक्त ने निरीक्षण किया। वहीं डामर गांव के ग्रामीणों ने विकास कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत कर जांच करवाने की मांग की। शुक्रवार को चित्रकूटधाम मंडल से आए अपर आयुक्त भगवान शरण ने ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने स्थापना बजट, स्टोर, उपस्थित स्टाफ रजिस्टर, कर्मचारियों की सूची जिनका स्थानांतरण किया गया है। कर्मचारियों को बिना चार्ज दिए छुट्टी दी गई है उनकी जांच की। स्थापना रजिस्टर सहित महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना का बारीकी से निरीक्षण किया, वहीं क्षेत्र के डामर गांव के ग्रामीणों को जैसे ही अपर आयुक्त के आने की सूचना मिली तो मौके पर पहुंचकर विकास कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की जांच कराये जाने की मांग का शिकायती पत्र दिया। इसके बाद उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय के निरीक्षण में निर्माण, भवन नामांतरण, जन्म मृत्यु, ऑनलाइन शिकायत, स्वच्छ भारत मिशन आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी राजकुमार गुप्ता, एपीओ मनरेगा चंदा वर्मा, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (एसडीएम सरीला) बलराम गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर, अनुरुद्ध पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

# दबंगों का आतंक, मंडप के साथ सड़क पर बैठी दुल्हन

## मंडप वाले दिन पड़ोसियों ने घर में किया पथराव, पुलिस पहुंची

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



घर के बाहर सड़क पर बैठी दुल्हन की मां और घर की महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक दुल्हन दबंगों के आतंक से इतनी मजबूर हो गई कि न्याय मांगने को लेकर वो अपनी शादी का मंडप घर से ले जाकर परिजनों सहित बाहर सड़क पर बैठ गई और सड़क जाम कर दिया। अचानक हुई इस घटना से हड़कंप मच गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद पीड़ित पक्ष को समझा बुझाकर जाम खुलवाया और आरोपी पक्ष पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बिवांर थाना क्षेत्र के कुनहेटा गांव की रहने वाली पान कुमारी पत्नी विनय कुमार ने बताया कि 14 फरवरी को दिव्यांग बेटी श्वेता पुत्री विनय श्रीवास की हिंदू रीति रिवाजों के साथ शादी होनी है। उसी की तैयारी में परिजन और नाते रिश्तेदार लगे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसी कल्लू, शारदा, मुकेश और उसकी पत्नी रामपति ने मंडप के दिन घर में पथराव शुरू कर दिया, जिससे दुल्हन की मां सहित अन्य लोग घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए मौदहा सीएचसी ले जाया गया।

दबंगों की इस हरकत से मजबूर दुल्हन अपने परिजनों के साथ मंडप लेकर घर के बाहर मुख्य सड़क पर बैठ गईं और वाहनों का यातायात बंद करा दिया। इसकी सूचना मिलते ही थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाने का प्रयास करने लगी। वादे पर जाम खुला। थाना प्रभारी नंदराम प्रजापति ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज कर जांच, फिर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रकों में सीधी भिड़ंत तीन गंभीर घायल

**हमीरपुर।** थाना जलालपुर क्षेत्र में ग्राम राजामऊ के पास दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस बीच ट्रकों की चपेट में एक बाइक सवार भी आ गया। घटना में दोनों ट्रकों के चालकों तथा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस से छानी सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

जलालपुर थानाक्षेत्र के ग्राम राजामऊ के पास दो ट्रकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। वहीं इन ट्रकों की चपेट में एक बाइक भी आ गई। घटना में ट्रक चालक विनय (24) पुत्र बालखंडी पाल निवासी ग्राम टिकरौली व दूसरे ट्रक का चालक चालक सुरेश (30) पुत्र मन्नालाल निवासी ग्राम धरमंगलपुर थाना सजेती जनपद कानपुर नगर के साथ बाइक सवार राहुल (18) पुत्र राजाराम निवासी ग्राम बंगरा थाना जलालपुर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची जलालपुर थाने की पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को छानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया और फिर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

# रामपुर में अधिवक्ता की हत्या को लेकर वकीलों ने किया प्रदर्शन



रामपुर कांड को लेकर जिलाधिकारी घनश्याम मीणा को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

**अमृत विचार।** रामपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता की हत्या के विरोध में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह एवं महामंत्री अश्वनी प्रजापति की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम तीन सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सौंपा। साथ ही अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच जमकर नारेबाजी की।

ज्ञापन में बार एसोसिएशन ने घटना को निंदनीय व चिंता का विषय बताया। कहा ऐसी घटनाएं आए दिन अधिवक्ताओं के साथ होती रहती हैं। जिससे अधिवक्ता समाज असुरक्षित महसूस कर रहा हैं। रामपुर की हुई घटना को लेकर कहा अधिवक्ता फारुख अहमद खान की हत्या करने वालों के खिलाफ एनएसए के तहत कार्रवाई की जाए। मृतक अधिवक्ता के परिवार को 1.5 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दिलाई जाए और परिवार के किसी आश्रित सदस्य को नौकरी दिलाई जाए। बार एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र अति शीघ्र लागू कराए जाने को कहा। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह यादव, रामकिशन यादव, मुनिंद कुमार, संजय अवस्थी, देवी शुक्ला, प्रकाश चंद ओमर, विनीत प्रजापति, रघुपति प्रसाद शर्मा, दीपक चक्रवर्ती, अजय कुमार शर्मा, बाबूराम कुशवाहा, जीत सिंह आदि वकील मौजूद रहे।



अभिलेखों का निरीक्षण करते पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस। अमृत विचार

# अच्छी सेहत व अनुशासन प्रभावी पुलिसिंग का आधार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- चित्रकूटधाम के पुलिस डीआईजी राजेश एस ने किया पुलिस लाइन में परेड का किया निरीक्षण
- दंगा नियंत्रण इंतजाम परखने के साथ ही रिक्रूट आरक्षियों की शारीरिक दक्षता देखी

**अमृत विचार।** पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस ने परेड ग्राउंड में आयोजित शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया। परेड की सलामी लेने के बाद अधिकारी/कर्मचारियों की ड्रेस, टर्नआउट, शस्त्र संचालन, अनुशासन एवं एकरूपता का सूक्ष्म परीक्षण किया। उन्होंने पुलिस बल की कार्य कुशलता एवं सामूहिक समन्वय को सुदृढ़ करने के लिए टोलीवार ड्रिल करा आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए।

उन्होंने पुलिस बल को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से दौड़ एवं अन्य व्यायाम गतिविधियां भी कराईं। कहा उत्तम स्वास्थ्य एवं अनुशासन ही प्रभावी पुलिसिंग की आधार शिला है। यूपी 112 पीआरवी, चार पहिया वाहनों, दंगा नियंत्रण उपकरणों, सुरक्षा संसाधनों एवं संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण भी किया। उपकरणों की कार्यशीलता, रख-रखाव एवं आपातकालीन परिस्थितियों में तत्परता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इसके साथ ही प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की गई। ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण, कानून संबंधी ज्ञान एवं व्यवहारिक दक्षता का आकलन करते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों व रिक्रूट आरक्षियों के साथ सम्मेलन कर संवाद किया। इस दौरान विभिन्न प्रशासनिक एवं संचालन संबंधी विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा दीक्षा शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता, क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मनरेगा को बचाने के लिए पदयात्रा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)




मनरेगा बचाओ पद यात्रा निकालते कांग्रेसी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कांग्रेसियों ने मनरेगा बचाओ पद यात्रा निकाली। पदयात्रा विभिन्न गांवों से गुजरती हुई जराखर गांव पहुंची। जहां पदयात्रा एक सभा में तब्दील हो गई।

शुक्रवार को केंद्रीय आह्वान पर मनरेगा बचाओ पद यात्रा का शुभारंभ हुआ। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रानी राजेंद्र कुमारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार के नेतृत्व में सैकड़ों किसान यात्रा में शामिल हुए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीपत सहाय रावत के पैत्रिक गांव जराखर पहुंचीं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा रोजगार गारंटी अधिनियम था जिसे योजना में परिवर्तित कर दिया गया।

जिसका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष 100 दिनों का गारंटीकृत रोजगार प्रदान करना था। खुले बाजार में न्यूनतम मजदूरी 500 रुपये प्रति व्यक्ति को मिल रही है। इस योजना में मजदूरों का शोषण हो रहा है। पंचायत अधिनियम के तहत ग्राम पंचायत को वित्तीय अधिकार प्राप्त थे, लेकिन सरकार में मनरेगा संबंधी वित्तीय अधिकार केंद्र सरकार को दे दिए गए। कहा कि उनकी मांग है कि इसे योजना से हटाकर एक्ट के रूप में पुनः परिवर्तित किया जाए तथा मजदूर को यह आजादी दी जाए।

इस दौरान प्रभारी लालू दुबे, कौशल किशोर तिवारी, हिमांशु सैनी, दिनेश सिंह, दुष्यंत राजपूत, महेश सिंह राणा, शीर्ष राजपूत, धर्मपाल राजपूत, आशा राम अहिरवार, सलीम अहमद, शकील अहमद, मैयादीन साहू, नीरज प्रजापति, हरनारायण श्रीवास व विनीता राजपूत सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 14 माह के मानदेय के लिए बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



बीडीओ को ज्ञापन देते संविदा कर्मी।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में कार्यरत संविदा कर्मियों ने समय से मानदेय भुगतान न होने के विरोध में खंडविकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कर्मियों का कहना है कि वह अक्टूबर 2024 से अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कर रहे हैं। लेकिन जनवरी 2025 से अब तक (लगभग 14 माह) मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है।

ज्ञापन में कहा मानदेय न मिलने के कारण सभी कर्मियों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। कर्मियों का कहना है कि विभागीय कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद समय से भुगतान न होना अन्यायपूर्ण है, जिससे उनके मनोबल और कार्यक्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे बाध्य होकर कार्य बहिष्कार जैसे कदम उठाने पर विवश होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने मे सभी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

## पंचायत चुनाव की सियासी गर्माहट

**हमीरपुर।** हाईकोर्ट में पिछड़ा वर्ग आयोग गठित कर पंचायत चुनाव कराने का हलफनामा सरकार द्वारा दिए जाने के बाद पंचायत की राजनीति में फिर से गर्माहट आ गई है। फिलहाल अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पंचायत चुनाव कब होगा।

बीते पंचायत चुनाव की अधिसूचना 26 मार्च को जारी की गई थी। लेकिन अभी यह संभव नहीं है क्योंकि पिछड़े वर्ग के आरक्षण के लिए अभी तक सरकार आयोग का गठन नहीं कर सकी है। इससे यह तय होता जा रहा है कि पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो सकेंगे। पंचायत चुनाव में पिछड़े वर्ग के आरक्षण के लिए आयोग गठन के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। न्यायालय ने सरकार से जवाब तलब किया था।

# छात्राओं ने सीखी पोषणयुक्त व्यंजन बनाने की कला

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



कैंटीन का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्रह्मानंद महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में चल रही कैंटीन का समापन हो गया। मुख्य अतिथि कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के चित्र पर माल्यार्पण किया।

छात्रा नेहा एवं शाहिस्ता ने कहा कैंटीन का उद्देश्य केवल खाना खाना नहीं है। इसके माध्यम से हम साफ सफाई युक्त पाक कला, एवं उपयुक्त पोषण से भरपूर, सेहत युक्त भोजन बनाना सीखते हैं। अतिथियों ने इस कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की। डॉ.शीला सिंह, डॉ.कमलेश राजपूत, डा.प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ.शिल्पा राजपूत आदि ने छात्राओं को पाकशाला से संबंधित सुझाव दिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्राएं सभी क्षेत्रों में सफल हैं। फिर चाहे वह शिक्षा स्वास्थ्य रक्षा एवं वैज्ञानिक हो। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.सुरेंद्र सिंह ने छात्राओं के कार्य की सराहना की। बताया कि पाकशाला एक कला है। कार्यक्रम की संयोजिका डा.शीला सिंह ने बताया कि प्रतिदिन छात्राएं 10 नई नई रेसिपीज बनाती थी। इस दौरान महिला थाना प्रभारी सरिता शर्मा एवं वंदना सिंह ने भी मिशन शक्ति के बारे में प्रश्नों के जबाव दिए। इस मौके पर प्रोफेसर नरेश कुमार सिंह, डा.दशरथ सिंह, डा.एसजी राजपूत, डा.शैलेंद्र कुमार, डा.आरबी शर्मा, रामप्रकाश एवं धर्मेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे। छात्रा काजल, संजना, कुंती, स्नेहा, रजनी, भारती, कोमल, अंजलि, सपना नेहा कुशवाहा सुमरा शुभा वीरवती, सोनम सूफिया आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

फेरे पड़े

लोक भारती मानव सेवा संस्थान की ओर से सर्वजातीय सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया

# 21 जोड़ों ने एक–दूजे का हाथ थाम चुना हमसफर

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)



समारोह में वर–वधु को आशीर्वाद देते अतिथिगण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोक भारती मानव सेवा संस्था के तत्वावधान में छानी में सर्व जातीय सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न जातियों के 21 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला डालकर एक दूजे को अपना जीवन साथी बनाया।

सामूहिक विवाह में गायत्री ने शिव शंकर, आरती ने दीपक, नेहा ने भानु प्रताप, सनम ने राघवेंद्र सिंह, प्रियंका ने सोहित, रीता ने साहिल, सावित्री ने महेश, मोहिनी ने अभय, मनीषा ने धीरेंद्र, रिमझिम ने राहुल को वरमाला पहनाकर एक-दूसरे का हाथ थामकर नए जीवन की शुरुआत की। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक राहुल साहू ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद कन्याओं का विवाह कराना सबसे बड़ा पुण्य है। संस्था का उद्देश्य फिजूलखर्ची रोककर समाज के हर वर्ग को साथ लाना है। कार्यक्रम अध्यक्ष दीपक साहू ने सफल आयोजन के लिए पूरी टीम और क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक भेदभाव मिटता है। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे, जिन्होंने पुष्प वर्षा कर नवविवाहित जोड़ों को सुखी जीवन का आशीर्वाद दिया।

## पाल धनगर समाज के भी 20 जोड़ों ने चुना जीवनसाथी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के दुग्ध डेयरी मार्ग के एक गेस्ट हाउस में पाल धनगर समाज का आठवां सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ।समारोह में 20 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनकर जीवनसाथी चुना।

शुक्रवार को कस्बे की दुग्ध डेयरी मार्ग के एक गेस्ट हाउस में पाल धनगर समाज का आठवां सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हुआ। इसमें 20 जोड़ों ने एक दूसरे को जीवनसाथी चुना। सामूहिक विवाह समारोह के मुख्य अतिथि झांसी के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश पाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में व्याप्त कुरीतियों के साथ फिजूल खर्ची पर अंकुश लगता है। ऐसे कार्यक्रम प्रत्येक जनपद में होने चाहिए। उन्होंने समाज को एकजुट होने तथा शिक्षित करने पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपाल सिंह पाल ने की। समारोह में मलखान सिंह पाल, राजेश पाल, जमुना प्रसाद पाल, प्रदीप पाल, श्यामबाबू पाल, राजबहादुर पाल, राजाराम पाल, राजाभैया पाल, आनंद पाल, डीडी पाल, जिलाध्यक्ष नरेंद्र पाल, जयराम पाल, प्रहलाद पाल, कुलदीप पाल, बद्रीप्रसाद पाल,दृगपाल पाल,बृजेश पाल आदि सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहकर वर वधू को आशीर्वाद देकर घर गृहस्थी का सामान भेंट करके विदा किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. भवानीदीन अमृत विचार

# सही अर्थों में मां भारती की एक सच्ची देशभक्त थीं सरोजिनी नायडू

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सुमेरपुर में वर्णिता संस्था की ओर से देशभक्त भारत कोकिला सरोजनी नायडू को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

संस्था के अध्यक्ष डा.भवानीदीन ने कहा कि सरोजिनी नायडू सही अर्थों में मां भारती की एक सच्ची देशभक्त थी, उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनका जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में अघोरनाथ चट्टोपाध्याय एवं वरदा वसुंधरा के घर हुआ था। वे उप्र की पहली महिला राज्यपाल बनीं। उन्होंने आजादी के संघर्ष का नेतृत्व किया, जेल भी गईं। कांग्रेस की अध्यक्ष भी रहीं। मार्च 1949 में लखनऊ में निधन हो गया। गोष्ठी में सिद्धा, प्रेम, प्रिन्स, सागर, रामनारायन सोनकर, विकास, महावीर प्रजापति इलेक्ट्रीशियन, रिचा, बाबूलाल, सतेंद्र और राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

अमृत विचार

कानपुर, शनिवार,14 फरवरी 2026



न्यूज ब्रीफ

### एसपी ने परेड के बाद ड्रिल का किया निरीक्षण

**महोबा।** एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने शुक्रवार को परेड की सलामी ली और फिर अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्रिल का निरीक्षण किया। एसपी ने परेड में कदमताल, ड्रिल मूवमेंट, टर्नआउट एवं एकरूपता की बारीकी से समीक्षा करते हुए सुधारात्मक निर्देश दिए। परेड में जिले के विभिन्न थानों एवं समस्त शाखाओं में नियुक्त पुलिस कर्मी के साथ-साथ (आरटीसी) प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आरक्षी भी सम्मिलित हुए, जिन्होंने अनुशासन एवं समर्पण के साथ परेड में सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परेड उपरांत पुलिस अधीक्षक ने आदेश कक्ष में उपस्थित होकर सभी गार्द रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान ड्यूटी व्यवस्था, गार्द डिटेल एवं अभिलेखों के रखरखाव की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियो, कर्मचारियों को ड्यूटी में सतर्कता, समयबद्धता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा गया कि नियमित परेड से पुलिस बल में अनुशासन, शारीरिक फिटनेस एवं कार्यकुशलता का विकास होता है, जो कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं प्रभावी सेवा प्रदान करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### थानों में शस्त्रों की कराई गई सफाई

**महोबा।** त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए एसपी के निर्देश में समस्त थानों के थाना प्रभारियों ने शस्त्रागार का निरीक्षण कर शस्त्रों की सफाई कराई और चाल वाले पुर्जों (मूविंग पार्ट) की सूक्ष्मता से जांच की गई। साथ ही कारतूस एवं अन्य सामग्री का भी भौतिक सत्यापन किया गया। इस मौके पर पुलिसटीम ने अपने अपने थाना कार्यालय, परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफ सफाई करते हुए अभिलेखों का सुव्यवस्थित रखा और अनावश्यक सामग्री का निष्पादन कर साफ-सुथरा कार्य वातावरण सुनिश्चित किया। अधिकारियों के निर्देशित किया गया कि त्योहारों के दौरान कानून, शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी संसाधन पूर्ण रूप से तैयार अवस्था रखे गए। पुलिस अधीक्षक के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए निरंतर सतर्कता बरती जाए, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए और किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल पूरी तरह तैयार रहे।

# सूर्य महोत्सव में सजे बुंदेली व्यंजन

## एक जनपद-एक उत्पाद के तहत प्रदर्शनी में गौरा पत्थर और धातु शिल्प का किया गया प्रदर्शन

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** सूर्य महोत्सव पर शुक्रवार को मोदी ग्राउंड में बुंदेलखंडी व्यंजन और एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत गौरा पत्थर शिल्प व धातु शिल्प की प्रतियोगिता का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में बुंदेलखंडी व्यंजन के अंतर्गत 11 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जबकि एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत 18 प्रतिभागियों ने अपने स्टॉल के माध्यम से शानदार प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सल्तनत परवीन ने बुंदेली व्यंजनों का स्वाद चखा और गौरा पत्थर व धातु शिल्प की बनी वस्तुओं को नजदीक से देखकर कलाकारों की खासी सराहना की।

बुंदेलखंडी व्यंजन के अंतर्गत यहां के प्राकृतिक उत्पादों चने का साग, माडे, कढ़ी, चटनी, सामा की खीर आदि के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपने व्यंजन कला का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने स्वादिष्ट व्यंजन बनाने के लिए अपने अपने घरों से सामान लाकर मन से तैयार किया। बुंदेली व्यंजन तैयार होने के बाद जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ बुंदेली व्यंजनों को चखा और तारीफ की। अफसरों ने प्रतिभागियों के स्टाल पर जा जाकर सभी के व्यंजन का स्वाद लिया। प्रतिभागी भी अधिकारियों को अपने बनाए हुए व्यंजन को खिलाने के लिए खासे उत्साहित दिखाई दिए।

एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत जिले के गौरहारी श्रीनगर व कुलपहाड़ से आए हुए गौरा पत्थर शिल्प तथा धातु शिल्प के प्रतिभागियों ने अपने सूर्य थीम व सामान्य थीम के अंतर्गत बने हुए उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें मेले में आए तमाम दर्शनार्थियों ने इन उत्पादों को देखते हुए इनकी प्रशंसा भी की। कार्यक्रम का जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी सुखवीर, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मुईनुलस्लाम आदि उच्च अधिकारियों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम के मौके पर संयोजक का कार्य अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, उपायुक्त उद्योग, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व पर्यटन विभाग का विशेष सहयोग रहा।



सूर्य महोत्सव में बुंदेली व्यंजन का स्वाद लेतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार



प्रदर्शनी में गौरा पत्थर की नक्काशी देखते अधिकारी। अमृत विचार

### मोदी ग्राउंड के मेले में झूलों का आनंद ले रहे लोग, एलईडी से प्रसारण

- सूर्य महोत्सव के मौके पर मोदी ग्राउंड में लगाए गए मेले में लगी दुकानों से लोगों ने खरीददारी की। वहीं महिलाओं और बच्चों ने दूर दराज से आए बड़े बड़े झूलों का आनंद लिया। मेले में खासी चहल पहल दिखाई दे रही है। अधिकारी भी रात में सूर्य महोत्सव में पहुंचकर दूर दराज से आने वाले और बुंदेली कलाकारों का उत्सहवर्धन कर रहे हैं। मेले में किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो इस गरज से लोगों को अलग अलग स्थानों पर बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है साथ ही कई स्थानों पर एलईडी लगाकर सजीव प्रसारण भी कराया जा रहा है।

# भूजल विकास एवं प्रबंधन में 162 प्रतिभागी प्रशिक्षित

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सेमिनार हाल में केंद्रीय भूमि जल बोर्ड की ओर से भूजल विकास एवं प्रबंधन पर शुक्रवार को एक दिनी प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें 162 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महोबा के भूजल परिदृश्य की पुस्तिका का विमोचन भी हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि लेफ्टि प्रोफेसर सुशील बाबू, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी झांसी चित्रकूट धाम मंडल ने दीप प्रज्ज्वलन एवं जल कलश भरकर जल संरक्षण संदेश के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके बाद सरस्वती वंदना और बुंदेलखंडी लोक नृत्य तथा जल नाटिका कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का पूर्ण लाभ उठाने व जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहन किया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर प्रदीप कुमार रहे कार्यक्रम प्रबंधन डॉ. सोवित कुमार गुप्ता ने किया। प्रशिक्षण समन्वयक जगदंबा प्रसाद ने प्रशिक्षण के बारे में अवगत कराया। परमार्थ समाज सेवी संस्थान के रामेश्वर एवं मंजू पाठक ने जिले में किये जा रहे जल संरक्षण एवं अटल भूजल योजना में अपनी प्रस्तुति दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश व जिले में भूजल से संबंधित प्रमुख मुद्दों को समझने में ज्ञान को समृद्ध करने कृत्रिम रिचार्ज भूजल में भू भौतिकी तकनीक का उपयोग व भूजल गुणवत्ता संबन्धी जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में भूजल प्रबंधन के लिए सार्वजनिक भागीदारी के साथ क्रियान्वयन योग रणनीतियों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम की समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन विपिन कुमार मिश्रा एवं डॉ. संतोष कुमार पांडे ने किया।



पुस्तिका का विमोचन करते अतिथि।

# अतरौली को नहीं मिली पक्की सड़क

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** चरखारी तहसील क्षेत्र के अतरौली गांव को देश की आजादी के बाद से पक्की सड़क नसीब नहीं हुई है। लोगों को जलभराव का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिधियों से लेकर अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन पक्की सड़क का सपना अधूरा है। ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग उठाई।

अतरौली के ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के बाद से वे लगातार बदहाली का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों की मुख्य समस्या काकून कीरतपुरा मार्ग से जुड़े अतरौली के लिंक रोड से संबंधित है। गांव से लगभग तीन किलोमीटर तक सड़क बनी हुई है, लेकिन गांव की सीमा पर पहुंचते ही करीब 350 मीटर का हिस्सा पूरी तरह दलदल में बदल जाता है। बताया कि बरसात के दिनों में यहां आवागमन बेहद जोखिम भरा हो जाता है साथ ही बारिश होते ही जलभराव के कारण आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर जलभराव और कीचड़ के चलते स्कूली बच्चों को विद्यालय आने जाने में भारी असुविधा होती है, जिस उनका शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। बीमारों को अस्पताल ले जाने या रोजमर्रा के कामों के लिए ग्रामीणों को कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। बताया कि चुनाव के समय नेता वादे करते हैं, लेकिन जीतने के बाद गांव की सुध लेने तक नहीं आते। ज्ञापन देने वालों में संतोष सिंह, आलोक सिंह, धर्मदास, अरविंद, रवींद्र आदि शामिल रहे।



डीएम को प्रार्थना पत्र देने पहुंचे अतरौली के ग्रामीण। अमृत विचार

# मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 22 को

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- शिविर को लेकर जिला जज की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक

**अमृत विचार।** 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर को सफल बनाए जाने को लेकर जनपद न्यायाधीश राम नगीना यादव की अध्यक्षता में न्यायालय सभागार में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में होने वाले विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के माध्यम से निर्वल वर्ग, दिव्यांग बच्चों, महिलाओं, आमजन आदि को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाए जाने पर जोर दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जनपद न्यायाधीश ने बताया गया कि उक्त मेगा, वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का उद्देश्य निर्बल वर्ग, दिव्यांग बच्चों, महिलाओं, पुरूषों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आदि लाभार्थियों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कराना है। इस शिविर में केनोपी, स्टॉल के माध्यम से समस्त विभाग आम जनमानस को सरकार की चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। कहा कि मेगा शिविर के लिए गठित प्रशासनिक कमेटी की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार व नोडल अधिकारी के रूप में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) महोबा सुखवीर सिंह व सदस्य के रूप में विभिन्न प्रशासनिक विभागों के पदाधिकारी करेंगे।

बैठक दौरान अपर जिला जज प्रथम ध्रुव राय, अपर जिला जज द्वितीय लखविन्दर सिंह सूद, अपर जिला जज एफटीसी तेन्द्र पाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नितिन कुमार राठी, सिविल जज सीनियर डिविजन प्रभारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव पूजा आदि न्यायिक अधिकारियों ने बताया गया कि उक्त मेगा शिविर के लिए प्रचार प्रसार प्रत्येक विभाग करेगी और प्रचार प्रसार के माध्यम से विभिन्न विभाग सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे। उक्त मेगा शिविर के पूर्व अन्य लघु शिविरों का भी आयोजन किया जायेगा, जिसके माध्यम से विभिन्न विभागों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुये लाभार्थियों को चिन्हित किया जायेगा।



बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

# ब्रह्मानंद कालेज को विवि बनाने की मांग

संवाददाता, पनवाड़ी (महोबा)

- केंद्रीय शिक्षामंत्री को पत्र लिखकर सांसद ने उठाई क्षेत्र की आवाज

**अमृत विचार।** संसदीय क्षेत्र के महोबा और हमीरपुर में एक भी विश्वविद्यालय न होने से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता है या मजबूरन शिक्षा से दूरी बनना पड़ी हैं। सपा सांसद आजेंद्र सिंह लोधी ने केंद्रीय शिक्षामंत्री को पत्र लिखकर संसदीय क्षेत्र के ब्रह्मानंद डिग्री कालेज को विश्वविद्यालय बनाए जाने मांग की है।

शिक्षामंत्री को भेज गए पत्र में सपा सांसद ने बताया कि स्वामी ब्रह्मानंद ने पने जीवन काल में हमीरपुर महोबा में अथक प्रयास और क्षेत्र से सहयोग मांग कर शिक्षा की अखल जलाकर शिक्षा विहीन क्षेत्रों में इंटर कालेज व डिग्री कालेज की नींव रखने का काम किया है, जिससे जिले के अलावा कई प्रांत के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आ रहे हैं। कहा कि जब से देश आजाद हुआ है तब से लेकर आज तक लोकसभा क्षेत्र में एक भी विश्वविद्यालय नहीं है। महंगी शिक्षा के चलते क्षेत्र के गरीब और आम विद्यार्थी शिक्षा से दूर हो रहे है। पत्र में सांसद ने बताया कि बुंदेलखंड की सबसे पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण क्षेत्रीय युवा हाईस्कूल और इंटर के बाद मजबूरन बाहर जाकर मेहनत मजदूरी कर रहे हैं, क्योंकि प्राइवेट कालेजों की फीस व अन्य व्यय उठाना उनके परिवार के वश में नहीं है। रोजगार न होने से लोग पलायन करने को मजबूर हैं। सांसद ने केंद्रीय शिक्षामंत्री से ब्रह्मानंद डिग्री कालेज को विश्वविद्यालय बनाने की मांग की है।



सांसद अजेंद्र सिंह लोधी।

# महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर एसपी ने किया नगर का भ्रमण

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- एसपी ने व्यापारियों से संवाद कर सुनीं समस्याएं और सुझाव लिए
- संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता के निर्देश

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने आगामी महाशिवरात्रि त्योहार के मद्देनजर जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के लिए नगर में पर्याप्त पुलिस बल के साथ सघन भ्रमण किया गया। भ्रमण दौरान एसपी ने शहर के प्रमुख मार्गों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही व्यापारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और व्यापारियों के दिए गए सुझावों को सुनकर अमल करने की बात कही।

पुलिस अधीक्षक ने राम कथा मार्ग, आल्हा चौक, उदल चौक सहित अन्य प्रमुख स्थानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया साथ ही संवेदनशील व भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में तैनात पुलिस बल को आवश्यक निर्देश देते हुए सतर्कता के साथ ड्यूटी करने पर जोर दिया। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय व्यापारी बंधुओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके सुझाव भी लिए। उन्होंने त्योहार दौरान पुलिस द्वारा पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने का आश्वासन दिया साथ ही प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक कर उनकी क्रियाशीलता के संबन्ध में जानकारी लेकर आवश्यकतानुसार कैमरों को सुचारु स्थिति में रखने के निर्देश भी दिये।

भ्रमण के समय एसपी ने यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के लिए विशेष चेकिंग अभियान भी चलाया और बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों को रोककर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया करते हुए ट्रिपलिंग कर रहे वाहन चालकों एवं बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई भी की गयी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व दौरान जिले में शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सजग और प्रतिबद्ध है। उन्होंने आमजन से भी अपील करते हुए कि त्योहार को शांति एवं आपसी भाईचारे के साथ मनायें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।



भ्रमण दौरान निरीक्षण करते एसपी प्रबल प्रताप सिंह। अमृत विचार

दिखाया दमखम

कबूतर उड़ाकर मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ

# 50 मीटर दौड़ में बांदा के आशीष, चित्रकूट की सबीना अव्वल

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** 39वें मंडलीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि जिला पंचातय अध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि जिला सेवायोजन अधिकारी ने शुक्रवार को शांति के प्रतीक कबूतर और दीप प्रज्जलित कर शुभारंभ किया गया। इसके बाद चित्रकूट धाम मंडल के परिषद विद्यालयों से आई छात्र छात्राओं ने दौड़ खोखो, कबड्डी और पीटी प्रदर्शन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। क्रीड़ा प्रतियोगिता के पहले दिन 50 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में बांदा के आशीष और 50 मीटर बालिका वर्ग चित्रकूट की सबीना खातून ने पहला स्थान प्राप्त किया। सारा दिन चली प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में हमीरपुर की रिया ने प्रथम और बांदा की प्रियांशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में चित्रकूट की सबीना खातून अव्वल रही, जबकि बांदा की सुमन ने दूसरा स्थान हासिल किया। बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में बांदा के आशीष ने पहला और महोबा के अनुज ने दूसरा स्थान पाया। प्राथमिक वर्ग की बालिका कबड्डी प्रतियागिता में बांदा की टीम विजेता और महोबा की टीम उपविजेता रही।

इसी तरह जूनियर वर्ग की खोखो प्रतियोगिता में चित्रकूट की टीम विजेता और महोबा की टीम उपविजेता रही। क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न कराने में जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद शफी और ब्लाक व्यायाम शिक्षक केके वर्मा ने अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा चित्रकूट बांदा और हमीरपुर के भी व्यायाम शिक्षकों ने प्रतियोगिता संपन्न कराने में सहयोग किया। प्रतियोगिताओं का लेखाजोखा तैयार करने में केके सोनी, बाबूलाल, गोपाल कृष्ण शुक्ला, हरीश स्वर्णकार ने मदद की।

मंडलीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेने महत्वपूर्ण है, बल्कि विजय प्राप्त करना नहीं। खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। खेल के जरिए यही बच्चे आगे चलकर जिला प्रदेश और देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को नियमित अभ्यास करता रहना चाहिए, इससे उन्हें कामयाबी मिलती है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि जिला सेवा योजन अधिकारी आकांक्षा बाजपेयी ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद भी जरूरी है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राहुल मिश्रा, खंड शिक्षाधिकारी कबरई प्रवेश बाजपेयी ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीजानगर के प्रधानाचार्य कुलदीप तिवारी, जूनियर विद्यालय सिजहरी दयाराम वर्मा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय रैपुरा के शिक्षक हरीश सोनी, विजय वर्मा सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।



कबड्डी प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। अमृत विचार



कार्यक्रम के दौरान हुनर का कमाल दिखाते बच्चे। अमृत विचार

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने धरना-प्रदर्शन कर जताया विरोध

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर मे धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। धरना उपरांत राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर शिध्यान पांडेय को सौंपा। ज्ञापन में अमेरिका भारत व्यापार को रद्द करने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि अमेरिका भारत व्यापार समझौता किसान विरोधी है। भारत की आत्मा गांव में बसती है, लेकिन जिस तरह से यह व्यापार समझौता किया है उससे सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या किसानों की सहमति ली गई है।

ज्ञापन में बताया कि सस्ती विदेशी उपज से भारतीय किसान तवाह होगे। अमेरिका की खेती भारी सब्सिडी पर आधारित पूरी तरही मशीनीकृत और बड़े कारपोरेट फार्म पर आधारित है अगर भारत सोयाबीन मक्का गेहूं, डेयरी उत्पाद दालों पर आयात शुल्क घटाता है तो सस्ती अमेरिकी फसल भारतीय मंडियो में आएगी। इससे भारत के किसानों को पहले ही एमएसटी की लड़ाई लड़नी पड़ रही है, वह इस प्रतिस्पर्था में कैसे टिकेगा। इस समझौते से यहां के किसानों की आर्थिक स्थिति और अधिक खराब होगी। धरने को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामखिलावन शुक्ला ने कहा कि एमएसपी और खाद्य सुरक्षा पर अब खतरा बढ़ गया है। व्यापार संतुलन के नाम पर भारत के ऊपर कृषि सब्सिडी कम करने और सार्वजनिक खाद प्रणाली को कमजोर करने का दबाव होने से एमएसपी व्यवस्था और खाद्य आत्मनिर्भरता पर प्रहार होगा। महिला प्रकोष्ठ की जिला महासचिव रजनी राठौर ने कहा कि यह समझौता केवल व्यापार का मामला नहीं बल्कि यह किसान की आय, ग्रामीण रोजगार, खाद्य सुरक्षा, राष्ट्रीय आर्थिक स्वायत्ता का प्रश्न है। इसलिए अमेरिका भारत व्यापार समझौता रद्द होना चाहिए। धरने में जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार राजपूत, जिला महामंत्री ईश्वरी प्रसाद तिवारी, तहसील अध्यक्ष मोहम्मद कमर सहित तमाम किसानों ने विचार व्यक्त किए।



एसडीएम को ज्ञापन देते किसान नेता। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### नाले में गिरी डेढ़ वर्षीय मासूम, मौत

चित्रकूट। भरतकूप थाना क्षेत्र के इटखरी के नेता का पुरवा गांव में गुरुवार को खेलते-खेलते घर से निकली गांव निवासी राजेश की डेढ़ वर्षीया मासूम लक्ष्मी की नाले में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि लक्ष्मी दूसरे बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान वह घर के पास के नाले के पास चली गई। काफी देर तक दिखाई नहीं दी तो परेशान परिवार ने तलाश शुरू की। शाम करीब पांच बजे नाले मे उसका शव देख रोना पीटना मच गया। भरतकूप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अब तक किसी प्रकार की तहरीर नहीं मिली है।

### सवा किलो गांजा बरामद, आरोपी पकड़ा

मऊ (चित्रकूट)। एसआई अभिषेक कुमार ने आदर्श त्रिपाठी पुत्र महेश त्रिपाठी निवासी ग्राम बस्ती तालाब पोस्ट बरोंचा थाना कौशांबी को एक किलो 218 ग्राम सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में आरक्षी प्रकाश मिश्रा, सोनपाल, संदीप यादव शामिल रहे।

### एंबुलेंस के अंदर हुआ सुरक्षित प्रसव

चित्रकूट। शुक्रवार को 102 एंबुलेंस में जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही प्रसव हो गया। प्रसव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में ईएमटी पूनम और पायलट चरनजीत का सराहनीय काम रहा। एंबुलेंस सेवा प्रोग्राम मैनेजर सुरेंद्र शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार दोपहर एक काल आई, जिसमें बताया कि मडैयन गांव की गर्भवती महिला मनीषा (21) पत्नी संजय को भीषण प्रसव पीड़ा हो रही है। इस पर 102 एंबुलेंस तत्काल मडैयन गांव गर्भवती को लेने पहुंची। गांव से कुछ ही दूरी पर उसे असहनीय पीड़ा हुई। इस पर ईएमटी पूनम ने एंबुलेंस को रोड किनारे खडी कराकर प्रसव प्रक्रिया को कुशलता पूर्वक संपन्न किया।

### जल निकासी योजना को धनराशि अवमुक्त

चित्रकूट। नगर पालिका परिषद के विस्तारित क्षेत्रों में स्थानीय लोगों की मांग पर जलभराव की समस्या से निजात पाने के लिए नगर विकास विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर में सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अंतर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए 104 .08 लाख रुपये की धनराशि दी गई है।

# राष्ट्रीय रामायण मेला कल से समापन में आएंगे सतुआ बाबा

## उद्घाटन जगद्गुरु स्वामी राघवाचार्य करेंगे, 19 फरवरी को होगा मेले का समापन

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। माघ मेले के दौरान चर्चा में रहे विष्णु संप्रदायाचार्य जगद्गुरु संतोषाचार्य (सतुआ बाबा) राष्ट्रीय रामायण मेले का समापन करेंगे। मेला 15 फरवरी से शुरू होगा और उद्घाटन जगद्गुरु स्वामी राघवाचार्य करेंगे। मेले का समापन 19 फरवरी को होगा।

यह जानकारी मेला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया और महामंत्री डा. करुणाशंकर द्विवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि उद्घाटन अवसर पर उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अजित कुमार भी मौजूद रहेंगे। देश के संत-महंत, कथाव्यास, सांस्कृतिक दल आदि मेले में अपने विचार और प्रस्तुतियां देंगी। उद्घाटन के अवसर पर शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें चित्रकूट के सभी अखाड़ों के संत-महंत, रामघाट से मेला भवन पहुंचेंगे। यहां तुलसी द्वार में उनका स्वागत किया जाएगा। अपराह्न दो बजे से उद्घाटन सभा प्रारंभ होगी। प्रशांत ने बताया कि मेले में वृंदावन, देवघर, छिंदवाड़ा, बलिया, लखनऊ, बांदा आदि से कथाव्यास और मनीषी आएंगे। इनके अलवा प्रयागराज , नोयडा, वाराणसी आदि जगहों से सांस्कृतिक कलाकारों की टीम आएंगी। रामायण मेले के दोपहर के सत्रों में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन और लीलाओं पर व्याख्यान होंगे। बताया कि आयोजन में जिला प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है। पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, चंद्रप्रकाश खरे, सदस्य राजाबाबू पांडेय, प्रद्युम्न कुमार दुबे, मनोज गर्ग, राजेंद्र मोहन त्रिपाठी, मो. यूसुफ, कलीमुद्दीन बेग, घनश्याम अवस्थी, सत्येंद्र पांडेय, ज्ञानचंद्र गुप्त आदि मौजूद रहे।



राष्ट्रीय रामायण मेले की जानकारी देते कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया।

### एडीएम ने किया मेला क्षेत्र का मुआयना

सीतापुर (चित्रकूट)। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) / नोडल अधिकारी रामायण मेला अरुण कुमार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर का मुआयना कर मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारी और मेला समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि मेले में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए जाने हैं। इनको कोनिकल शेप में लगाए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा एडीएम ने मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरों के लिए कंट्रोल रूम बनाने, 20 स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाने और बिजली, पानी, सफाई आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। बताया कि मेले में शांति / कानून व्यवस्था के लिए जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा जा चुका है, जिससे किसी को कोई असुविधा न हो।


कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का जन्मदिन मनाते लोग। अमृत विचार

### वृद्धाश्रम में मनाया गया मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का जन्मदिन

चित्रकूट। बुंदेली सेना ने प्रदेश सरकार में जलशक्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह का जन्मदिन विनायकपुर स्थित वृद्धाश्रम में केक काटकर मनाया। इस दौरान वृद्धजनों ने उनके दीर्घायु होने की कामना की। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह जननेता हैं। पार्टी से इतर उनके प्रदेश में लाखों समर्थक हैं। हर भाषण में भी वह युवाओं को सिर पर बर्फ, पांव में चक्कर और जुबान में शक्कर रखने का मंत्र देते हैं। इस मौके पर विराग सिंह एडवोकेट, मैनेजर महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# सदन में उठाया मानदेय शिक्षकों को पूर्णकालिक करने का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। प्रदेश की संस्कृत पाठशालाओं में कार्यरत मानदेय शिक्षकों को पूर्णकालिक करने की मांग तेज हो गई है। शुक्रवार को विधानपरिषद में एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने यह मुद्दा उठाया।


शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सनातन परंपरा और देववाणी संस्कृत को जीवित रखने में इन शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन अल्प मानदेय और अस्थायी व्यवस्था के कारण कई पाठशालाएं प्रभावित हो रही हैं। वर्तमान में हाईस्कूल और इंटर स्तर पर नियुक्त मानदेय शिक्षकों को क्रमशः 20,000 और 25,000 रुपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। यह मानदेय वर्ष में 11 माह के लिए प्रदान किया जाता है। पूर्णकालिक शिक्षकों के अभाव में कई संस्कृत पाठशालाएं इन्हीं मानदेय शिक्षकों के भरोसे संचालित हो रही हैं। सदन में कहा गया कि हजारों की संख्या में कार्यरत ये शिक्षक लंबे समय से नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं। मानदेय संस्कृत शिक्षकों द्वारा सरकार से लंबे समय से गुहार लगाई जा रही है कि रिक्त पदों के सापेक्ष उन्हें पूर्णकालिक शिक्षक बनाया जाए। शिक्षकों का कहना है कि अस्थायी व्यवस्था के चलते उनमें असंतोष व्याप्त है और स्थिति चिंताजनक बनती जा रही है। इस मुद्दे पर बुद्धिजीवियों, संस्कृत प्रेमियों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों ने भी समर्थन जताया है। एमएलसी ने सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए मांग की कि संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत मानदेय शिक्षकों को शीघ्र पूर्णकालिक किया जाए कि शिक्षा व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके। बताया कि अध्यक्ष ने इस विषय पर सरकार को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित करने की बात कही है। जनपद के मानदेय संस्कृत शिक्षकों द्वारा एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी का आभार व्यक्त किया है। संस्कृत शिक्षक उत्थान समिति के प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष पुष्कर पांडेय, महामंत्री रवींद्र कुमार मिश्र, मंत्री डॉ. दीप नारायण शुक्ल, संयुक्त मंत्री दया शंकर पाठक, कोषाध्यक्ष अजय कुमार ने त्रिपाठी का धन्यवाद दिया।

# थम नहीं रहा दो गुटों में शुरू हुआ विवाद, पुलिस रख रही नजर

संवाददाता, कालपी

अमृत विचार। गत दिनों झांसी में एक पार्टी के दौरान शुरू हुई कहासुनी अब जंग का रूप ले चुकी है। बुधवार की शाम, फिर मारपीट हुई है जबकि गत सप्ताह भी झगड़ा हुआ था। यह जंग बड़ी घटना में न बदल जाए इसको लेकर पुलिस भी सतर्क हो गई है।

मालूम हो कि गत सप्ताह झांसी में आयोजित एक समारोह के दौरान सपा के नगर अध्यक्ष अजीत सिंह यादव व इसी पार्टी के युवा नेता शिवम यादव के मध्य किसी मामले को लेकर तकरार हो गई थी। हालांकि मारपीट होती कि इससे पहले मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर मामले को टाल दिया था लेकिन वापस आते ही दोनों पक्ष हरीगंज मुहल्ले में आमने-सामने आ गए थे और जमकर लात घूंसे चले थे। इसमें शिवम पक्ष के लगभग आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद लगा था कि मामला शान्त हो गया है आरोप है कि बुधवार शाम अजीत यादव गुट ने शिवम यादव के ऊपर हमला कर दिया। इस दौरान घटना सड़क किनारे एवं जोल्हूपुर में लगे सीसी टीवी कैमरे में भी दर्ज हुई है। इस दौरान शिवम यादव ने लगभग आधा दर्जन युवाओं के खिलाफ मारपीट के साथ फायरिंग करने का भी आरोप लगाया। हालांकि फायरिंग के कोई सबूत न होने के चलते पुलिस ने इस घटना को मानने से इनकार कर दिया था। कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी के अनुसार जोल्हूपुर में शिवम यादव की गाड़ी के आसपास कई युवा लाठी डन्डे के साथ कैमरों में भी दिखाई दे रहे हैं जो ठीक नहीं है इसलिए उचित तहरीर मिली तो मामला दर्ज किया जाएगा। हालांकि पुलिस ने माना कि युवकों ने अराजकता की है इसके लिए पुलिस क्षेत्र में अराजकता करने वाले युवकों को चिह्नित कर रही है उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

कालपी (जालौन)। काशीखेरा रोड से शुक्रवार को पुलिस ने गैर जनपद निवासी दो बदमाशों को चार पहिया वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से लगभग डेढ़ किलो गांजा बरामद हुआ है।

कोतवाली पुलिस को शुक्रवार दोपहर सूचना मिली थी कि मारुति कार सवार दो लोग वनखण्डी देवी रोड से नगर की ओर आ रहे है जिनकी गतिविधियां संदिग्ध लग रही है। सूचना को संज्ञान में लेकर सीओ अवधेश कुमार सिंह की अगुवाई में रामगंज चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना सब इंसपैक्टर देवेंद्र भदौरिया, सिपाही अभिषेक यादव आदि के साथ वनखण्डी देवी रोड पर खड़े होकर इंतजार करने लगे थे। इस दौरान कार आती दिखी तलाशी ली तो उसमें एक पैकेट गांजा निकला। इस पर पुलिस ने चांद बाबू उर्फ शकील पुत्र मुईनुद्दीन निवासी जावेद चकेरी कानपुर, गुडडू उर्फ सूरज नरायण चकेरी कानपुर नगर को गिरफ्तार किया है।

# पारदर्शिता और शुचिता से संपन्न कराई जाएं बोर्ड परीक्षाएं : एडीएम

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के संबंध में बैठक हुई। एडीएम ने निर्देश दिए कि परीक्षा पारदर्शिता, शुचिता और सरकार के निर्देशों के अनुसार संपन्न कराई जाए।

बैठक में 18 फरवरी से 12 मार्च तक होने वाली परीक्षाओं के केंद्रों पर मूलभूत व्यवस्थाएं दुरुस्त करने एवं परीक्षा को शासन की मंशानुरूप संपन्न कराने के लिए जोनल, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापक एवं सबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। विशेष रूप से स्ट्रांग रूम, परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, संकलन केंद्र, उत्तरपुस्तिकाओं को संकलन केंद्र तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। डा. सनत कुमार द्विवेदी प्रभारी कंट्रोल रूम ने केंद्रों की तैयारियां, उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण तथा उनके रखरखाव, प्रश्नपत्रों की प्राप्ति एवं स्ट्रांग रूम में नाइट विजन कैमरे के साथ चौबीस घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में चारों डबल लॉक आलमरियां, अवशेष प्रश्नपत्र, बंडल स्लिप, रिजर्व सेट को रखने, स्ट्रांग रूम एवं डबल लॉक आलमारियों को खोलने, उनको सील किए जाने तथा चाबियों को रखने एवं पूरी परीक्षा प्रक्रिया के साथ जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट के उत्तरदायित्वों को विस्तार के साथ अवगत कराया गया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह सहित सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सचल दल प्रभारी,उप नियंत्रक, केंद्र व्यवस्थापक आदि मौजूद रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने परीक्षा में अधिकारियों से पूर्ण सहयोग करने का आग्रह किया।



रानीपुर खाकी गांव में चौपाल लगाकर लोगों की दिक्कतें जानते एडीएम अरुण कुमार।

### वरासत के मामलों में नियमानुसार कार्य करने के निर्देश

चित्रकूट। अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने शुक्रवार को विकास खंड कर्वी की ग्राम पंचायत रानीपुर खाकी में चौपाल लगाई। अपर जिलाधिकारी ने कानूनगो और लेखपाल को वरासत के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चौपाल में ग्राम पंचायत के कामों की समीक्षा की गई। ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। ग्राम प्रधान ने योजनाओं के बारे में बताया। लेखपाल पंकज कुमार ने ग्राम खतौनी को पढ़कर सुनाया। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने कानूनगो को वरासत के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर धर्मेंद्र कुमार एडीओ पंचायत, डा. कुलदीप सिंह पशु चिकित्साधिकारी, लव सिंह राजस्व कानूनगो, मान सिंह सचिव, जनार्दन पटेल ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# कानून और नियम सभी की सुरक्षा के लिए इनकी जानकारी बहुत जरूरी

संवाददाता, कालपी (जालौन)

अमृत विचार। शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम, सैदपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान मौजूद अपर जिला जज ने ग्रामीणों को विभिन्न तरह की कानूनी जानकारी देकर जागरूक किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत तहसील क्षेत्र में आम जनता को शासकीय योजनाओं तथा जरूरी कानूनी जानकारियां तथा अधिकारों की जानकारी के लिए विधिक सहायता शिविर का आयोजन होता है। इसी के चलते शुक्रवार को महेवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सैदपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में आयोजित शिविर के दौरान अपर जिला जज ने ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारियां देते हुए बताया कि कानून और नियम सभी की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं।

इनकी जानकारी भी जरूरी होती हैं जिससे कोई उनके खिलाफ गलत इस्तेमाल न कर सके। इस मौके पर मुंसिफ मजिस्ट्रेट कालपी अभिषेक चौधरी ने महिला उत्पीड़न, दहेज एक्ट आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

बताया इस मौके पर मौजूद तहसीलदार अभिनव तिवारी ने दाखिल खारिज, जमीन संबंधित अन्य जानकारियों के अलावा आम जनता के लिए चलाई जा रही शासकीय योजनाओं की भी जानकारी दी। शिविर के दौरान ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव तथा क्षेत्रीय लेखपाल सहित बडी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।



महेवा ब्लॉक के ग्राम सैदपुर के प्राथमिक विद्यालय में शिविर आयोजित किया गया। अमृत विचार

कार्यक्रम

समाजसेवियों ने जगह-जगह अकीदतमंदों का किया स्वागत

# कालपी में शान-ओ-शौकत से निकला जुलूस-ए -मोहम्मदी

कालपी (जालौन)

अमृत विचार। धर्म नगरी कालपी 376वें उर्स आलिया मुहम्मदिया के दूसरे दिन शुक्रवार को नगर में इस्लामी झंडों को फहराते हुए शानो-ओ-शौकत के साथ मुख्य मार्गों से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। मेरे नवी की देखो शान बच्चा-बच्चा है कुर्बान, नारा-ए-तकवीर अल्लाह हु अकबर जैसे नारे बुलंद किए गए। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों का विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह स्वागत करके हिंदू मुस्लिम सद्भाव की मिसाल पेश की।

शुक्रवार को उर्स मुहम्मदी के अवसर पर प्राचीन परंपराओं के अनुसार नगर के विभिन्न मदरसों के बच्चे, धार्मिक कमेटियों के कार्यकर्ता झंडे तथा बैनर लेकर छोटे बड़े वाहनों के साथ मोहल्ला रावगंज स्थित हजरत मखदूम साहब के आस्ताने में एकत्रित हुए। दोपहर 3 बजे खानकाह ए मोहम्मदिया दरगाह के सज्जादा नशीन सैयद गयासुद्दीन मियां के नेतृत्व में इस्लामी परचम लहराते हुए विशाल जुलूस मोहम्मदी शुरू हुआ। महमूदपुरा, दुर्गा मंदिर चौराहा, बाईपास, हरीगंज चौराहा, जुलैहटी चौराहा, फुल पावर, टरननगंज बाजार, बिजलीघर होते हुए जुलूस-ए-मोहम्मदी शाम साढ़े 6 बजे खानकाह शरीफ की दरगाह में पहुंचा। अनुशासित ढंग से जुलूस-ए-मुहम्मदी में चल रहे अकीदतमंद अपने प्यारे नबी सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम, गौस पाक, हिंदलवली ख्वाजा गरीब नवाज, आला हजरत बरेलवी, मीर मोहम्मद तिर्मीजी की शान में कसीदे पढ़ते हुए नारे लगाते हुए चल रहे थे। जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल अकीदतमंदों का स्वागत करने के लिए जगह-जगह इंतजाम किये गये। कई संगठनों के द्वारा अपने-अपने बैनर लगाकर अकीदतमंदों का स्वागत करने में जुटे रहे। डाकघर के सामने लोक कल्याण सेवा समिति अध्यक्ष डॉ. सुरेश वर्मा के पंडाल में राठौर समाज के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह राठौर, सलीम अंसारी, शिवबालक सिंह यादव, अजीत यादव आदि के द्वारा हलुआ खिलाकर स्वागत किया गया। फुल पावर चौराहा में पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि जगजीवन अहिरवार की अगुवाई में अकीदतमंदों का इस्तकबाल किया गया। समाजसेवी आसिफ कुरैशी एडवोकेट ने भी अकीदतमंदों का स्वागत किया। तलैया मस्जिद में कांग्रेस के जिला महासचिव तसलीम खान की अगुवाई में स्वागत किया गया। टरननगंज बाजार में व्यापारियों द्वारा फुल पावर चौराहा में समाजसेवी संस्था सुल्तान उल हिंद के सदस्यों फैसल आली, रजा चिश्ती, अनवर चिश्ती, इरफान चिश्ती, शकील चिश्ती, आदमी तथा अधिकारियों का फूल मालाओं के साथ सम्मान किया गया। बसपा नेता दीवान अतीक सिद्दीकी की ओर से परवेज कुरैशी एडवोकेट ने अपने साथियों सहित जुलूस में शामिल लोगों का शरबत पिलाकर स्वागत किया। बसपा के जिलाध्यक्ष अतर सिंह पाल, अमरसिंह चंदेल तथा व्यापारियों की ओर से जगह जगह अकीदतमंदों का स्वागत किया गया। शाम करीब 7 बजे खानकाह शरीफ दरगाह में पहुंच कर जुलूस का समापन हुआ। दरगाह परिसर में आयोजित सामूहिक फातिहा में मुल्क एवं कौम की खुशहाली के लिए अल्लाह से दुआ की गई। मुफ्ती अशफाक अहमद बरकाती, हाफिज मोहम्मद इरशाद, हाजी मुजीब अल्लामा आदि शामिल रहे।

जुलूस ए मोहम्मदी को मद्देनजर रखकर प्रशासन तथा पुलिस विभाग के द्वारा पुख्ता इंतजाम किए थे। कालपी नगर में कई थानों की फोर्स की तैनाती जगह जगह की गई । उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह,सीओ अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना समेत संख्या में तैनात रहे।खुफिया विभाग के कर्मचारी भी बराबर सक्रिय रहे।


जुलूस-ए-मुहम्मदी तथा सज्जादानशीन मौलाना सैयद ग्यासुद्दीन। अमृत विचार

### लोगों ने नगरपालिका परिषद पर लगाया गड़बड़ी का आरोप

कालपी। तरीबुल्दा के वाशिन्दों ने नगरपालिका परिषद के जिम्मेदारों पर विकास कार्यों में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। शुक्रवार को मुहल्ला निवासी शैलेष यादव, श्रीराम निषाद, अश्विनी निषाद, रीना निषाद आदि ने एसडीएम मनोज कुमार सिंह को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि नगरपालिका परिषद द्वारा अनोखे निषाद के दरवाजे से रीना निषाद के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग कार्य कराया जा रहा है। जो बेहद घटिया है इसके लिए उन्होंने वार्ड सभासद प्रतिनिधि आशुतोष यादव से कहा तो कोई सुधार नहीं हुआ। उल्टा पालिका के जिम्मेदार उन्हें धमकाने लगे। उन्होंने एसडीएम से कहा कि खराब गुणवत्ता से सरकारी धन का दुरूपयोग हो रहा है जिससे लोगों मे आक्रोश है। उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2011 अनुक्रमांक 2272422 प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। – प्रार्थी सोहन चौहान पुत्र श्री राजेश चौहान ग्राम- कैथावा पोस्ट- धनऊपुर ,तहसील - कादीपुर, जनपद- सुल्तानपुर

सूचना
मैने अपने बड़े पुत्र जावेद तथा उसकी बीबी नाजनी को उनके खराब आचरण के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उन लोगो से सारे रिश्ते समाप्त कर लिये हैं। परवीन पत्नी स्व0 मोईनुद्दीन 633, वजीरबाग, झरियन तालाब, सआदत गंज लखनऊ

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम बालमती देवी धरमदेवराम पासी पत्नी धरमदेवराम पासी और पता 73 गणेश बाग रहिवाशी संघ रूम नं. 25, टी.जे. रोड न्यू चाइना मिल समोर शिवडी मुंबई महाराष्ट्र – 400015 अंकित है जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम बालमती देवी पासी पत्नी धर्मदेव पासी और पता ग्राम बसही जरमजेपुर पोस्ट मधसिया तहसील सदर जिला आजमगढ़ –276208 है। यही नाम और पता मेरे सभी दस्तावेजों में मान्य है।

नीलामी सूचना
दिनाँक 18–02–2026 प्रातः 10.00 बजे क्वार्टर मास्टर डिपार्टमेन्ट, कमान्ड अस्पताल (सेन्ट्रल कमान्ड) लखनऊ में अनुपयोगी/निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों की नीलामी, सिक्योरिटी रु0–10,000/ –नकद जी.एस.टी. पंजीकरण, आधार, पैनकार्ड के साथ जमा होगी।
आई0पी0 सिंह एण्ड सन्स – मो0– 9919503110

सूचना
सूचित हो कि मेरे पुत्र सगीर और उसकी पत्नी एवं उसके बच्चों का मेरे व मेरे परिवार के प्रति उसका आचरण ठीक नहीं है। जिससे मैं काफ़ी आहत हूँ यह लोग मेरी किसीं प्रकार से सेवा नहीं करते है। जिस कारण मै अपने पुत्र सगीर और उसकी पत्नी वा बच्चों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरे व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। सभी कृत्यों की जिम्मेदार वह स्वयं ही होंगे। अब्दुल शरीफ पुत्र स्व अब्दुल बारी खान निवासी मोहल्ला केवलहार परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ

सूचना
सूचित हो कि मैंने अपने दोनों मृतक पुत्रों के वारिसान जिनके नाम सरोज पत्नी रविंद्र प्रताप,संदीप कुमार पुत्र रवीन्द्र प्रताप, कुलदीप कुमार व शिवा पुत्रगण रवींन्द्र प्रताप तथा मीना पत्नी शिव प्रसाद उर्फ लाखन,ज्योति पुत्री शिव प्रसाद, पूजा पुत्री शिव प्रताप उर्फ लखन, रवी कुमार पुत्र शिव प्रताप उर्फ लाखन को चल अचल संपत्ति से उनके क्रियाकलापों के चलते बेदखल कर दिया है। संपत्ति के वारिस प्रमोद कुमार व विनोद कुमार उपरोक्त ही हकदार होंगे। दूबरि उर्फ़ देवी चरन पुत्र जुराखन निवासी मोहल्ला कटरा गंगारामपुर कस्बा व पोस्ट मल्लावां,तह0 बिलग्राम,हरदोई।

सूचना
उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद, इलाहाबाद (प्रयागराज) द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (T.E.T.) 2011 प्राथमिक स्तर का अंक पत्र वास्तव में खो गया है। जिसका रोल नं. 16034985 है। संजीव कुमार श्रीवास्तव पुत्र प्रेमचन्द्र श्रीवास्तव, पोस्ट – भैंसऊ, जिला – कानपुर नगर।

सूचना
सूचित हो कि मेरे दूसरे नंबर के बेटे रिंकू का चाल–चलन ठीक नहीं है। अपनी मां निर्मला पिता मेड़ई लाल पुत्र भगवान से आए दिन मारपीट व विवाद करता है। उसके द्वारा किया गया कृत्य समाज में गलत संदेश देता है। ऐसे में पुत्र को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार से कोई लेनादेना नहीं है। मेड़ई लाल पुत्र भगवान निवासी ग्राम सुकईपुरवा रामगांव, जिला बहराइच, उ0प्र0।

# अमृत विचार

**शनिवार, 14 फरवरी 2026**




सपने वो नहीं है, जो आप नींद में देखते हैं। सपने वो होते हैं, जो आपको सोने नहीं देते।
–एपीजे अब्दुल कलाम, पूर्व राष्ट्रपति



## बहुप्रतीक्षित निर्णय

रक्षा खरीद परिषद द्वारा 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की मंजूरी से वायुसेना की क्षमता में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। उम्मीद है कि अगले तीन साल के भीतर ही हमें शुरुआती तौर पर विमानों की आपूर्ति होने लगे और सात साल के भीतर ही हम देश में ही 60 फीसद स्वदेशी कल पुर्जों से राफेल विमान बनाने भी लगें। ऐसे में यह सौदा हमारी हवाई शक्ति को पुनर्स्थापित करने के साथ स्वदेशी रक्षा उद्योग को भी गति देगा। रक्षा आधुनिकीकरण, तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ाने वाला यह कदम वैश्विक सुरक्षा संरचना में भारत की भूमिका को मजबूत करने, फ्रांस के साथ रणनीतिक सहयोग गहराने के अलावा सामरिक संतुलन और वैश्विक रक्षा साझेदारियों के पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। इससे सैन्य क्षमता में ही नहीं भारत की रक्षा-उद्योग प्रतिष्ठा और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन पर भी असर पड़ेगा।

सौदे में राफेल के अलावा 6 पी-8आई समुद्री टोही विमान, तकनीकी हस्तांतरण सहित रूसी आईएल-76एमडी-90ए परिवहन विमान, टी-72 टैंक, एयरशिप हाई एल्टीट्यूड सूडो सेटेलाइट, एंटी-टैंक माइंस और डोर्नियर विमान भी शामिल हैं। ये सेना की लॉजिस्टिक, टोही एवं युद्ध क्षमता को मजबूत करेंगे, विशेषकर लद्दाख जैसे दुर्गम क्षेत्रों में। कुल मिलाकर तीनों सेनाओं का एकीकरण बढ़ेगा तथा आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा। ठीक है कि सौदा अब सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति के समक्ष जाएगा, जिसकी राष्ट्रीय सुरक्षा से सीधे जुड़े मामलों पर स्वीकृति प्रक्रिया अपेक्षाकृत तेज़ रहती है पर आमतौर पर तकनीकी-वित्तीय समीक्षाएं और विस्तृत वार्ता कुछ माह का समय लेती ही हैं, पर इस बार देरी की आशंका कम है, क्योंकि एक तो उसके अध्यक्ष खुद प्रधानमंत्री हैं, दूसरे फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों भी दो दिन बाद ही आने वाले हैं, जो इस पर हस्ताक्षर करेंगे, हालांकि इस श्रेणी के युद्धक विमानों की खरीद का प्रस्ताव 13 साल पहले दिया गया था, पर वित्तीय और नीति निर्णयों में इतनी जटिलता थी कि कई दौर की समीक्षा और लागत-लाभ गहन विचार के बावजूद बात सिरे नहीं चढ़ सकी थी। कभी मेक-इन-इंडिया और तकनीकी हस्तांतरण पर विवाद तो कभी कोविड के दौर और उसके बाद वैश्विक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियां, रक्षा क्षेत्र की पुनर्निर्माण प्रक्रिया में देरी ने इस सौदे को लंबित रखा, जबकि स्क्वाड्रन संख्या की कमी लंबे समय से वायुसेना के लिए लगातार चिंता का विषय थी। 2016 में हुई 36 विमानों की खरीद वाली पहली राफेल डील के बावजूद भारत की वायु सेना 42 स्क्वाड्रनों की अधिकृत ताकत के मुकाबले लगभग 29 स्क्वाड्रनों के स्तर पर काम कर रही है।

इस सौदे के बाद वायु सेना की एयर सुपीरियोरिटी और 'स्टैंड-ऑफ' स्ट्राइक क्षमता में इज़ाफा होगा, समुद्री निगरानी और समुद्र में सामरिक क्षमता को बल मिलेगा। अलग-अलग सैन्य क्षेत्रों में आधुनिक उपकरण से समग्र शक्ति में वृद्धि होगी। विमान निर्माण में 60 फीसदी ऐसे स्थानीय सामग्री और स्वदेशी कल पुर्जे के इस्तेमाल जिनकी गुणवत्ता अंतर्राष्ट्रीय मानकों और फ्रांसीसी तकनीक-प्रशिक्षण नियंत्रणों के तहत सुनिश्चित होगी, दूरगामी निर्णय है। इससे भारत के रक्षा क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी क्षमता विकसित होगी।

### प्रसंगवश

## मदनोत्सव को विस्मृत कर दिया वेलेंटाइन डे ने

बीते कुछ वर्षों में मदनोत्सव की परंपरा पर विस्मृति की परत कुछ ऐसी जमीं कि करीब दो दशक पूर्व रोम से आकर वेलेंटाइन बाबा प्रेम का संदेश देने लगे हैं। वैलेंटाइन डे को पैसा बरसाने का माध्यम बना दिया है। यानी प्यार आज एक बाजार का रूप ले चुका है। इसमें दोष बाबा वेलेंटाइन का तो कतई नहीं है। दोष उन उर्वर दिमागों का है, जिन्हें बाजारवाद के मौजूदा दौर में यह भली-भांति पता है कि दिल का सौदा सिर्फ लेन-देन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसकी बदौलत चोखा मुनाफा कमाया जा सकता है।

कहते हैं प्यार दिलों को जोड़ता है, पर बिकता भी यही है। शायद संत वेलेंटाइन का दिल इस बात को सुनकर टूट जाए, पर बाकी लोगों को इससे क्या, वे तो पूरा मजा ले रहे हैं। 14 फरवरी, वेलेंटाइन डे का जिक्र आते ही युवा दिलों की धड़कनें बढ़ जाती हैं। दिलो-दिमाग में कल्पनाओं को नए पंख मिल जाते हैं और



दीपक नौगांई
लेखक

मन प्रणय की नई उड़ान भरने लगता है। शोशेबाजी में डूबीं इस नई पीढ़ी का झुकाव दिखावे की तरफ देखकर ही व्यापारियों ने मध्ययुगीन पश्चिमी परंपरा को प्यार के देसी कारोबार में तब्दील कर दिया है। प्रेम तो किसी से भी, कैसे भी और कभी भी हो सकता है। प्रेमी अपने दिल की बात आसानी से कह सके, इसलिए प्रणय निवेदन का एक खास दिन नियत किया गया होगा।

हमारे देश में बसंत के मौसम में मदनोत्सव हुआ करता था। बसंत को ऋतुओं का राजा माना जाता है। मदन का अर्थ है काम का देवता। महोत्सव प्रेमियों के चरम उत्कर्ष की परिणिति हुआ करता था, क्योंकि अपनी परंपराओं को भुला दिया गया, इसलिए 90 के दशक में उदारीकरण के नाम पर बाजारवाद को मुख्य दरवाजे से बुलाया गया, तो खिड़की से बाजारू प्रवृत्तियों ने वेलेंटाइन बाबा को भी बुला लिया, इसलिए मदनोत्सव की परंपरा तो अब पहले जैसी दिखती नहीं, लेकिन वेलेंटाइन डे जरूर अपने पूरे यौवन के साथ फल-फूल रहा है।

वेलेंटाइन बाबा का प्रेम संदेश पूरी मानव जाति के लिए था और उसे केवल दो प्रेमियों के प्रणय के मध्य सीमित नहीं किया जा सकता, इसलिए वेलेंटाइन डे को बहुत सादगी से मनाया जाना और सभी को प्रेम संदेश देना ही प्रेम के उस मसीहा का सम्मान करना माना जाता है। 14 फरवरी का प्रेम पर्व बाबा वेलेंटाइन तथा देशी मदनोत्सव को जानने और मनाने का भी है।

यह बहुत ही सादगी पूर्ण और प्यारा सा त्यौहार है। इसे संत वेलेंटाइन को याद कर मनाया जाना चाहिए, जिन्होंने प्यार के सम्मान के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया, लेकिन इसके विपरीत हमारे यहां वेलेंटाइन डे की पवित्रता का मजाक उड़ाया जाता है। इसकी वजह सिर्फ दुस्साहसी प्यार का बढ़ता चलन ही नहीं है, देसी बाजार की समझ रखने वाले बड़े माहिर अंदाज में वेलेंटाइन डे को भुनाने लगे हैं। सच्चे प्यार का अर्थ उपहारों या प्रतीकों के आदान-प्रदान तक सीमित होकर रह गया है और वेलेंटाइन की फिजा पूरी मदहोशी के साथ सोशल मीडिया, टीवी और उपहारों की दुकानों में नजर आती है।

प्यार ने जब बाजार का रूप ले लिया है, तो लोगों में यह भावना पैदा हो रही है कि प्रेम का इजहार करने के लिए महंगे उपहारों की जरूरत होती है। साथ में यह भावना भी कि यदि आपका प्रेमी आपको कीमती उपहार नहीं दे सकता, तो उसे छोड़कर दूसरा प्रेमी चुन लीजिए। इस तरह का संदेश हमारी सामाजिक मान्यताओं को तो चोट पहुंचा ही रहा है, लोगों को बाजारवाद की दौड़ में शामिल होने के लिए आकर्षित भी कर रहा है।

## आस्था से तर्क की ओर बढ़ती दुनिया





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

विश्व में नास्तिकता अथवा अनीश्वरवाद का प्रसार अब केवल बौद्धिक या दार्शनिक विमर्श का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह आधुनिक समाजों में हो रहे गहरे सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का संकेतक बन चुका है। बीसवीं सदी के उत्तरार्ध से लेकर इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक तक आते-आते अनेक देशों में ईश्वर में पारंपरिक आस्था कमजोर पड़ी है और स्वयं को नास्तिक, अज्ञेयवादी या किसी संगठित धर्म से असंबद्ध बताने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ी है। यह बदलाव अचानक नहीं हुआ, बल्कि इसके पीछे शिक्षा का विस्तार, वैज्ञानिक चेतना, तकनीकी विकास, शहरीकरण और धार्मिक संस्थाओं के प्रति घटता विश्वास जैसे कई कारण रहे हैं।

आंकड़े इस प्रवृत्ति को स्पष्ट रूप से सामने रखते हैं। अमेरिका में इक्कीसवीं सदी की शुरुआत में, जहां लगभग छठा हिस्सा आबादी का स्वयं को किसी धर्म से असंबद्ध बताता था, वहीं हाल के वर्षों में यह अनुपात लगभग एक तिहाई तक पहुंच गया है। यूरोप के कई देशों में स्थिति इससे भी आगे निकल चुकी है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और नीदरलैंड जैसे देशों में नियमित धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने वालों की संख्या लगातार घट रही है और बड़ी आबादी ईश्वर के अस्तित्व को अपने जीवन के लिए आवश्यक नहीं मानती। स्कैंडिनेवियाई देशों में तो लगभग आधी आबादी स्वयं को नास्तिक या धर्मनिरपेक्ष मानवतावादी दृष्टिकोण से जोड़ती है।

इन देशों की तुलना में भारत की स्थिति बिल्कुल भिन्न दिखाई देती है। भारत को प्रायः एक गहरे धार्मिक समाज के रूप में देखा जाता है, जहां धर्म केवल व्यक्तिगत आस्था नहीं, बल्कि सामाजिक पहचान, सांस्कृतिक परंपरा और सामूहिक जीवन का आधार है। यहां विवाह, जन्म, मृत्यु और पर्व-त्योहार सभी धार्मिक रीति रिवाजों से जुड़े होते हैं। इसके बावजूद आधुनिक भारत में भी नास्तिकता और धार्मिक असंबद्धता की प्रवृत्ति धीरे-धीरे उभर रही है।

उत्तरी यूरोप के देशों में, जहां नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी को धर्म से अलग करके देखा जाता है, वहीं भारत में नैतिकता को अक्सर धार्मिक मूल्यों से जोड़ दिया जाता है। यह अंतर नास्तिकता की स्वीकार्यता को भी प्रभावित करता है। स्वीडन या डेनमार्क जैसे देशों में नास्तिक होना सामाजिक रूप से सामान्य और स्वीकार्य है, जबकि भारत में नास्तिकता अब भी संदेह या सामाजिक दूरी का कारण बन सकती है। इसके बावजूद शहरी और शिक्षित वर्गों में ईश्वर और धर्म को लेकर प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति पहले की तुलना में कहीं अधिक बढ़ी है।

पूर्वी एशिया के देशों के साथ भारत की तुलना भी रोचक है। चीन में बड़ी आबादी स्वयं को किसी धर्म से नहीं जोड़ती, क्योंकि वहां लंबे समय से राज्य व्यवस्था और सामाजिक ढांचे में संगठित धर्म की भूमिका सीमित रही है। जापान में धार्मिक परंपराएं सांस्कृतिक रूप में मौजूद हैं, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर ईश्वर में विश्वास अपेक्षाकृत कमजोर है। भारत में इसके विपरीत धार्मिक आस्था व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों स्तरों पर गहराई से जुड़ी है, हालांकि नई पीढ़ी इस संबंध को पुनः परिभाषित कर रही है।

वैश्विक सामाजिक सर्वेक्षण यह संकेत देते हैं कि युवा पीढ़ी अपने माता-पिता की तुलना में अधिक धर्मनिरपेक्ष या नास्तिक विचारों वाली है। यह प्रवृत्ति भारत में भी दिखाई देने लगी है। विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और महानगरों में रहने वाले युवाओं के बीच संगठित धर्मों से दूरी बढ़ रही है। वे स्वयं को धार्मिक कहने के बजाय तर्कवादी, वैज्ञानिक सोच वाला या केवल सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा हुआ मानना अधिक सहज समझते हैं, हालांकि सामाजिक और पारिवारिक दबाव के कारण यह दूरी अक्सर सार्वजनिक पहचान का रूप नहीं ले पाती।

वहीं भारत की एक विशिष्टता यह भी है कि यहां नास्तिकता कोई विदेशी या आधुनिक अवधारणा नहीं है। प्राचीन भारतीय दर्शन में चार्वाक जैसे भौतिकवादी विचारक मौजूद रहे हैं, जिन्होंने ईश्वर और परलोक की अवधारणाओं को अस्वीकार किया। बौद्ध और जैन दर्शन में भी सर्वशक्तिमान ईश्वर की केंद्रीय भूमिका नहीं मिलती। इसके बावजूद आधुनिक भारत में नास्तिकता को प्रायः पश्चिमी प्रभाव के रूप में देखा जाता है, जिससे इसकी सामाजिक स्वीकार्यता सीमित रह जाती है।

शिक्षा का प्रभाव इस तुलना को और स्पष्ट करता है। पश्चिमी देशों में जैसे-जैसे शिक्षा और वैज्ञानिक प्रशिक्षण का स्तर बढ़ा, वैसे-वैसे धार्मिक आस्था में गिरावट आई। भारत में शिक्षा के विस्तार के बावजूद यह गिरावट उतनी तेज नहीं रही। यहां विज्ञान और धर्म अक्सर साथ-साथ चलते दिखाई देते हैं। एक ही व्यक्ति वैज्ञानिक सोच में विश्वास भी रखता है और धार्मिक अनुष्ठानों में भी भाग लेता है। यह द्वैत भारतीय समाज की जटिलता और बहुस्तरीय चरित्र को दर्शाता है।

तकनीक और इंटरनेट ने भारत में नास्तिकता और तर्कवाद को नई आवाज दी है। सामाजिक माध्यमों और डिजिटल मंचों के माध्यम से धार्मिक मान्यताओं पर खुली बहस संभव हो पाई है। पहले जो प्रश्न सीमित बौद्धिक दायरों में रहते थे, वे अब आम लोगों तक पहुंच रहे हैं। इसके बावजूद सामाजिक संरचना और पारिवारिक अपेक्षाएं अब भी इतनी मजबूत हैं कि नास्तिकता को खुली पहचान के रूप में अपनाना आसान नहीं है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि नास्तिकता के बढ़ने का अर्थ नैतिकता या सामाजिक जिम्मेदारी का क्षरण नहीं है। कई कम धार्मिक समाजों में सामाजिक सुरक्षा, कानून का पालन और नागरिक सहयोग का स्तर ऊंचा पाया गया है। भारत के लिए यह अनुभव महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां अक्सर नैतिक मूल्यों को धर्म से जोड़कर देखा जाता है। बदलते समय में यह समझ विकसित हो रही है कि नैतिकता का आधार केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना, शिक्षा और सामाजिक संस्थाएं भी हो सकती हैं।

> बीसवीं सदी के उत्तरार्ध से लेकर इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक तक आते-आते अनेक देशों में ईश्वर में पारंपरिक आस्था कमजोर पड़ी है और स्वयं को नास्तिक बताने वालों की संख्या लगातार बढ़ी है।

### आमने सामने



हरियाणा में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर पेंशन डबल की जाएगी। भाजपा सरकार न केवल लगातार बुजुर्गों की पेंशन काट रही है, बल्कि नवंबर से अब तक बढ़ी हुई पेंशन भी नहीं दी गई है। अभी तक एक लाख से अधिक लोगों की पेंशन काटी जा चुकी है।
**–अभय सिंह चौटाला**
राष्ट्रीय अध्यक्ष, इनेलो

जब उनकी सरकार आएगी तब वे अपने वादे पूरे कर लें। अभी तो हालात ऐसे हैं कि 'न नौ मण तेल होगा और न राधा नाचेगी'। यानी फिलहाल यह केवल बयान के अलावा और कुछ नहीं है।
**–कृष्ण बेदी**
काबीना मंत्री
हरियाणा सरकार



## चंबल के दस्यु जैसे ही हैं डिजिटल डकैत



अजय दयाल
हल्द्वानी

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में साइबर ठगी के जरिए लूटी गई रकम के आपराधिक कृत्य को यूं ही डकैती नहीं करार दिया। किसी का घर बैठे उसके मेहनत की बड़ी कमाई लुट जाना वाकई डकैती ही है। आज भले दृश्य चंबल के डाकुओं जैसा न हो पर डिजिटल दुनिया के नये डाकू आपराधिक कृत्य ठीक वैसा ही कर रहे हैं। फर्क इतना ही है कि घर में दरवाजा तोड़ कर नहीं घुस रहे, हथियार के बल पर धमका कर आबरू, गहना, दौलत लूटना या मर्डर नहीं कर रहे, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि किसी को डिजिटल अरेस्ट कर, वही सब कुछ अनैतिक, आपराधिक कर रहे हैं, जैसा कि चंबल के दस्यु किया करते थे।

अब वीडियो कॉल पर किसी स्त्री-पुरुष का चारित्रिक हनन करने के नाम वसूली क्या है? अब तो डिजिटल रेप की भी शब्दावली आम होती जा रही है। वहीं, डिजिटली बंधक बनाकर किसी की जमा-पूंजी लूट लेना क्या है? और जिसका यह सब कुछ लुट जाए उसकी सदमे से मृत्यु हो जाना अथवा उसका सुसाइड कर लेना क्या हत्या नहीं? दरअसल, साइबर ठगी किसी व्यक्ति या परिवार को केवल आर्थिक रूप से ही चोट नहीं पहुंचाती, बल्कि इस कारण उसे मानसिक आघात भी पहुंचता है और सामाजिक दुर्गति हो जाती है। यहां तक कि ऐसे कारणों से उसकी मृत्यु तक हो जाना वाकई गंभीर और दुखदायी है।

यानी ऐसी वारदातों के चलते जीवन भर की जमा-पूंजी, रिटायरमेंट फंड या बच्चों की शिक्षा के लिए रखे पैसे एक झटके में चले जाते हैं, जिससे परिवार कर्ज में डूब जाता है। पीड़ित शख्स और उसके परिजन अक्सर गहरे सदमे, अवसाद में चले जाते हैं, आत्म-दोष महसूस करते हैं। इतना ही नहीं, तमाम मामलों में पीड़ित परिवार आपसी झगड़ों और अलगाव का शिकार बन जाते हैं। डिजिटल क्राइम के शिकार का समाज में मजाक बनने लगता है, उसे लोग मूर्ख तक करार देने लगते हैं। यही कारण है कि इस भय से कई लोग इसकी पुलिसिया रिपोर्ट तक कराने की हिम्मत नहीं जुटाते कि बात सार्वजनिक होगी और लोग मजाक बनाएंगे। वास्तव में यह स्थिति भुक्तभोगी को अंदर से खोखला कर देती है।

एक रिपोर्ट बताती है कि डिजिटल डकैतों ने हमारे देश में बीते साढ़े चार सालों में साइबर ठगी के जरिए 50 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की रकम लूटी है। यह आंकड़ा इतना बड़ा है कि देश के कई छोटे राज्यों का वार्षिक बजट भी इसके मुकाबले कम है। स्वाभाविक है, सुप्रीम कोर्ट ने इसी भयावह स्थिति पर चिंता प्रकट की और साफ शब्दों में कहा कि यह कृत्य महज धोखाधड़ी नहीं, बल्कि 'खुलेआम डकैती' है।

अदालत ने बैंकों की भी कार्यशैली पर कटाक्ष किया। कहा कि डिजिटल अरेस्ट के जाल में फंसकर जो ग्राहक बड़े लेन-देन कर देते हैं, उसके लिए बैंक भी जिम्मेदार हैं। कायदे से बैंकों को एक ऐसा तंत्र विकसित करना चाहिए कि बड़ा लेनदेन समय रहते तत्काल चिन्हित हो सके। अदालत ने यह भी सुझाव दिया कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार पीड़ितों को मुआवजा देने के मामले में एक व्यावहारिक और उदार नजरिया अपनाया जाना चाहिए।

कोर्ट ने बैंकों की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष भी पूरे होमवर्क के साथ किया। मुख्य न्यायाधीश के मुताबिक, अगर कोई बड़ी व्यापारिक कंपनी करोड़ों का लेन-देन करती है, तो यह सामान्य प्रक्रिया हो सकती है और माना जा सकता है कि बैंक की व्यवस्था उस पर संदेह न करे, लेकिन जब कोई आम ग्राहक, जो आमतौर पर केवल 10 हजार या 20 हजार रुपये निकालता है, अचानक 25 लाख या 50 लाख रुपये का लेन-देन करने लगे, तो ऐसे में बैंकों को 'अलर्ट' जारी करना चाहिए। ऐसा अलर्ट जारी करने में बैंकों में लगे एआई टूल्स कब काम आएंगे।

ग्राहकों को सतर्क, सावधान करने संबधी संदेश बैकों और केंद्र की सुरक्षा इकाईयों के माध्यम से चलते रहते हैं। बस इन जागरूकता फैलाने वाले संदेशों को अमल में भी लाने की आवश्यकता है। जैसे कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना है, ओटीपी, पासवर्ड या पिन किसी के साथ शेयर नहीं करना है, संदेह होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करना है या फिर नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी है वगैरह-वगैरह। यही नहीं अगर आप या आपका परिचित ऐसे किसी घटनाक्रम का शिकार होकर डिप्रेशन में जा रहा है, तो हेल्पलाइन–निमहांस (एनआईएमएचएएनएस) जैसे संसाधनों से सहायता भी ली जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से आरबीआई, बैंकों और दूरसंचार विभाग जैसी इकाईयों के साथ मिलकर ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक 'स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर' (एसओपी) बनाने को कह दिया है। पिछले साल दिसंबर में, सर्वोच्च न्यायालय ने डिजिटल अपराधियों द्वारा देश से बाहर भेजी जा रही भारी-भरकम धनराशि पर भी चिंता प्रकट की थी। उस वक्त भी अदालत ने केंद्र सरकार से 'एमिकस क्यूरी' (अदालती मित्र) द्वारा पीड़ितों को मुआवजा सुनिश्चित करने के सुझावों पर विचार करने को कहा था।

> डिजिटल ठगी करने वाले दुनिया के नए डकैत हैं। बस वो घर का दरवाजा तोड़ कर नहीं घुस रहे, लेकिन डिजिटल अरेस्ट कर चंबल के दस्यु जैसा ही काम कर रहे हैं।

### सोशल फोरम

## बलेसरा काहें बिकाला

जैसे कोई नरम और मीठी ऊंख हो। एक गुल्ला छीलिए तो पोर खुल जाए। कुछ वैसे ही मीठी, नरम और फोफर आवाज बलेसरा की है। अपनी गमक, माटी की महक और एक खास ठसक लिए हुए। बलेसरा मतलब बालेश्वर। आठवीं तक पढ़े बालेश्वर का नाम आज की तारीख में भोजपुरी लोक गायकी में शिखर पर है। उनकी गायकी



दयानंद पांडेय
ब्लॉगर

में ही कहें तो, 'आज बलेसरा बिकाला।' इसी बलेसरा से जब पूछा कि 'तू गायक नाईं होत न का होत?' तो वह बोले, खेती-मजूरी करतीं और का होतीं? दरअसल तथ्य भी यही है कि बलेसरा की लोक गायकी की यात्रा सुविचारित तो नहीं है। वह छूटते ही कहते हैं, 'कोई गुरु नहीं।'

तो सीखा कैसे? -बस गाते गाते। और शिष्य? -शिष्य मानता ही नहीं किसी को।' फिर भी हमारे गाने बहुत लोग गाते हैं।

बलेसरा ने बचपन में गायकी की यात्रा शुरू की नकल कर-कर के। वह कहते हैं, 'गांव में शादी ब्याह में, रामलीला, नौटंकी में गाना शुरू किए। कलाकारों की कॉपी करना शुरू किया।'

किन कलाकारों की?

-भोजपुरी लोक गायकों की। जैसे वलीउल्लाह थे, जयश्री थे। हमने न सिर्फ़ इनकी कॉपी की, बल्कि कोशिश की कि इन की टीम में आ जाऊं। पर इन लोगों ने अपनी टीम में हमें नहीं लिया। गावों के मंचों पर चंग बजा-बजा कर अकेले ही गाना शुरू किया। पैसे कुछ भी नहीं मिलते थे। खाली वाहवाही मिलती थी।' जिला पोस्ट मधुबन गांव बदनपुर में पहली जनवरी, 1942 में जनमे बालेश्वर वाहवाही से ही खुश थे कि उन का नाम होने लगा था।

लखनऊ आ कर काफी भटका। मैंने लखनऊ में ही गली-चौराहों पर भटकना ठीक समझा। इधर-उधर घूम-घाम गाता रहा। 1965 में आकाशवाणी लखनऊ में गाने के लिए इम्तेहान दिया, लेकिन फेल हो गया। अनुभव नहीं था। मेरी परेशानी बढ़ती गई। तभी एक छोटी सी नौकरी कर ली। गाना फिर भी नहीं छोड़ा। बाद में सूचना विभाग के केबी चंद्रा ने बताया कि आकाशवाणी का इम्तहान कैसे दूं। फिर दस बरस बाद दोबारा आकाशवाणी लखनऊ में इम्तहान दिया तो पास हो गया। आकाशवाणी पर हमारी बुलंद आवाज़ जब छा गई तो कई और लोग भी मौका देने को तैयार हो गए। हरवंश जायसवाल ने सरकारी प्रोग्राम में हम से चार साल तक कार्यक्रम करवाया। अब कार्यक्रमों से पैसा तो मिलने लगा था, नाम-मात्र का ही सही पर वाहवाही खूब मिलती थी और मैं खुश था। **–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' से भारतीय भी प्रभावित

जितना स्क्रीन टाइम, उतना बड़ा नुकसान, लेकिन चिकित्सा से जुड़ी नई रिसर्च रिपोर्ट ने रोंगटे खड़े कर दिए हैं। रिसर्च बताती है कि मोबाइल या स्क्रीन का अत्याधिक प्रयोग ने नाना प्रकार की स्वास्थ्य बीमारियों को परोसना आरंभ कर दिया है, जिससे दृष्टि हानि, मांसपेशियों और हड्डियों से संबंधित विकार, अजीब किस्म के कैंसर लक्षण और मोटापा जैसी दीर्घकालिक समस्याओं के होने का पता चला है। 10 मुल्क इस समस्या से ज्यादा प्रभावित हैं, जिसमें भारत भी शामिल है।

गाजियाबाद जिला अस्पताल की इस रिपोर्ट में स्मार्टफोन को सिरहाने रखकर सोने को सबसे अधिक खतरनाक बताया गया है, जिन्हें अक्सर ऐसा महसूस होता है कि जेब में रखा फोन वाइब्रेट कर रहा है या बज रहा है, पर चेक करने पर न कोई कॉल और न कोई मैसेज होता है। अगर ऐसा किसी भी मोबाइल धारक को एहसास होता है, तो सावधान



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक

हो जाना चाहिए। ये सिर्फ वहम नहीं, बल्कि एक नई मानसिक बीमारी की दस्तक है। इसे 'फोन फोबिया' या 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' कहते हैं। इससे भारत में काफी बड़ी आबादी प्रभावित है, जिनमें नाबालिग, जिनकी उम्र 14 से 17 के बीच है, ज्यादा हैं। कामकाजी लोगों को छोड़कर स्कूल-कॉलेज बच्चे और युवा पीढ़ी इस समस्या में सर्वाधिक फंसा है। रिपोर्ट की मानें तो ये खतरनाक मानसिक संकट भविष्य के लिए किसी चुनौती से कम नहीं? सेलफोन विकिरण से लोगों की ग्रैनुलोसा कोशिकाएं सूखने लगी हैं। गर्भवती महिलाओं में भ्रूण के आसपास पानी की मात्रा में कमी और एएलटी-एएसटी का स्तर बढ़ना भी रिपोर्ट में बताया गया है।

डब्ल्यूएचओं की मानें तो पिछले चार वर्षों में विभिन्न प्रकार के कैंसर इंसानों में पाए जाने लगे हैं, क्या उनका संबंध मोबाइल से है? इसकी खोज और पड़ताल के लिए दुनिया भर में बड़े स्तर पर अध्ययन किए जा रहे हैं। मोबाइल फोन से निकलने वाली रेडियो फ्रीक्वेंसी तरंगें ब्रेन ट्यूमर और कैंसर का कारण भी बनने लगी हैं। सालाना छह लाख से ज्यादा मोबाइल फोबिया के शिकार मरीज देशभर के अस्पतालों में भर्ती होते हैं। विश्व का आंकड़ा करोड़ों में है। बढ़ती समस्या के बाद नौबत ऐसी आ चुकी है कि विभिन्न प्रदेशों के मुखिया अपने प्रदेश वासियों से कम मोबाइल इस्तेमाल और सर्तकता बरतने का आह्वान करने लगे हैं। जिला अस्पताल की इस रिपोर्ट के बाद ही बीते दिनों देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को युवाओं के नाम एक सार्वजनिक खत लिखना पड़ा। जागरूकता फैलाने के लिए बकायदा अखबारों में इश्तेहार भी सरकार को देने पड़े।

गाजियाबाद जिला अस्पताल की ओर से यह सर्वे बीते माह जनवरी में करवाया गया था, जिसमें 70-75 फीसदी युवाओं ने माना कि वो प्रत्येक चार या पांच मिनट में अपना मोबाइल देखते हैं, जिसमें 40 फीसदी ने यह भी स्वीकारा कि ज्यादा देर तक मोबाइल नहीं देखने पर उन्हें बेचैनी, अनिद्रा और चिड़चिड़ेपन का एहसास होने लगता है।

मनोवैज्ञानिकों और काउंसलरों की सलाह है कि अगर मोबाइल फोबिया से खुद को बचाना है, तो मोबाइल के प्रयोग का वक्त तय करें, सोने से पहले फोन का इस्तेमाल कतई न करें और गैरजरूरी नोटिफिकेशन को इग्नोर करते रहें। इसके अलावा ट्रैकर का उपयोग करना चाहिए। अलार्म के लिए फोन की जगह घड़ी का उपयोग किया जाए। एक्टिविटी जरूर बढ़ाएं, खाली समय में किताबें पढ़ें, व्यायाम करें या मित्रों-परिजनों से बात करें। लत अगर बहुत अधिक है, तो बिना देर किए किसी एक्सपर्ट से सलाह लेने में बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। विशेषज्ञों की मानें तो वयस्कों के लिए दो से तीन घंटे और बच्चों-किशोरों के लिए दो घंटे तक ही एक दिन में मोबाइल चलाना चाहिए।


स्वामी- रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा।)

# शब्द रंग





# आग राग गाता मदमाता आया फागुन

आसमान का रंग बदला और धरती खिलखिला उठी। ऋतु ने अंगड़ाई ली, प्रकृति मुस्कुराई। धूप थोड़ी तपी तो ढेरों फूल खिले। कूक-कूक कर हूक उठाती कोयल की पंचम तान प्राणों को सुलगाती अंग-अंग में आग जगाने लगी। दबी आग किस अनुराग से जगती है यह बसंत को पता है। बाग-बगीचों में, दूर सुदूर खेतों में, नदी तालाब के कूल कछारों में, हरे-हरे पत्तों, डालियों और रंग-बिरंगे फूलों की नरम-नरम पंखुड़ियों पर कोमल मुलायम मखमली आग तैरने लगी -

तन मन यौवन जल रहा,जले फाग की आग।
जमकर आज दिगंत में, गुंजे आग का राग।।'



संजय पंकज
वरिष्ठ लेखक

दिग्वधुओं ने अपने घूंघट उठा लिए। लाज के अंदाज बदल गए। पेड़ों ने साज संभाला। लताओं ने पाजेब पहन ली। जीवंतता से भर गया जर्रा जर्रा। जड़ में चैतन्य क्या उतरा कि कंकड़ कंकड़ में शिवशंकर नाच उठे। भूत-प्रेत-बैताल भी साज सज्जा में सुसज्जित हो रंग गुलाल उड़ाने लगे। बाबा बौड़म अघोरेश्वर देवाधिदेव महादेव आशुतोष भूत भावन भोलेनाथ बारात लेकर निकल पड़े। वसंत का राग-अनुराग शिव की बारात में रंग-गंध की तरंग लिए जा घुसा। रागी-विरागी योगेश्वर शिव लय के आरोह-अवरोह से पोर-पोर झंकृत हुए, तो उनके पांवों में थिरकन उतर आई और वे उमंग में लगे नाचने। वसंत ने अनंत शिव में असीम ऊर्जा का संचार किया तो वे नटराज हो गए और जब वसंत ने उन्हें मदन-रूप में उन्मत्त करना चाहा तो रौद्र रूद्र बनकर, उन्होंने प्रलयंकारी तांडव का धमाल मचाया। वसंत छंद बनकर कंठहार होता है, तो बेतरतीब होकर अंगार भर रह जाता है। लास्य और तांडव का संतुलन है वसंत। सलीके से वसंत को संभाल लेने का उन्नत अवसर महाशिवरात्रि है। महाशिवरात्रि शिव-शक्ति के महामिलन का विराट आध्यात्मिक पर्व है।

वसंत फागुन की अगवानी करता हर दिशा में दमक रहा है। रंग-तरंगों पर मंद-मंद लहराती मलय बयार, टेसू के फूलों से फूटती लाल-लाल बौछार, पिक पंचम की उल्लसित ज्वार। ऐसे में भला कैसे न झरना हुआ मन सागर हो जाए। पूरा का पूरा वासंती परिवेश है। खुशबू से भरी झूमती हवाएं, बहकती हुई दिशाएं। आम पर बौर लद गए, पीपल के पत्तों में चमक बढ़ गई। गेहूं की बालियां निखरने लगीं, महुए की मादकता बिखरने लगीं। बलखाती लहराती नदियों को सूरज की किरणों ने चूमा तो वह लहर-लहर पर चमक उछालती कौंधने लगीं। अपने आप ही सबकी चाल बहकी, हर गाल बिना गुलाल मले ही गुलाबी हो गए, अनजाने ही मद में पद डगमग-डगमग होने लगे। आसमान मदहोश मुस्कुराहटों से धरती को निहारने लगा तो धरती भी निहाल हुई और सरसों के पीले फूलों की पिचकारियां मारने लगी। उड़ने लगी बहुरंगी तितलियां, मचलने लगे भौंरे, गाने लगी चिड़ियां। अंग अंग में तैरने लगा सुरीला नशा, पूरे वातावरण में फैल गया सुरूर और मृदुल गुदगुदाहटों से मादक हो उठा अंतरिक्ष। आक्षितिज आलोड़ित होने लगा अनकहे आस्वाद का अद्भुत आलोक। ऐसा आलोक जिसमें अदृश्य है रंग ही रंग, गंध ही गंध, संगीत ही संगीत। कुछ भी अछूता नहीं रहा। जड़ चेतन सब स्पंदित उद्वेलित हो उठे। लय की लहरियों पर तरंगित होता हुआ प्रेम पुलकित पैंगें मारता फागुन आ गया। -

'फागुन ने अंकित किया,प्यार प्यार बस प्यार।
प्यार नाम है जिंदगी, प्यार धरा का हार।।'







शिव-शक्ति को संयोजित करता वसंत रंग गंध की पालकी उठाए फागुन का अलख जगाने लगा। 'नव गति नव लय ताल छंद नव' पर जब सब मदहोश होने लगे तो फागुन ने कोयल-स्वर में मधुर शोर मचाना शुरू किया। तब भी मदहोशी नहीं टूटी, तो फागुन ने पेड़ों पर मंजरियों की आग जला दी। टेसू और पलाश के फूल दहक उठे। फागुन ने आग की लपटें उठाई तो आकुल आह्लाद के उन्मादी स्फुलिंग उड़ने लगे। फागुन के अग्नि-अंक में समाहित होने लगा अस्तित्व। कुटिलता की होलिका जलकर राख हो गई और आह्लाद का प्रह्लाद अलौकिक रंग-गंध में डूबकर उबर आया। आह्लाद, आनंद और आत्मीयता का फागुनोत्सव परम सत्ता को भी ऐसा छू गया कि दिगंबर शिव मसान में ही मगन मस्त हो खेलने लगे होली। वसंत की मादकता और फागुनी उल्लास से उन्मादित हुआ कामदेव तो उसने दिगंबर शिव पर ही संधान कर दिया अपना मदन-बाण। काम के बाण से विद्ध हो शिव उन्मत्त नहीं हुए उद्धत हुए और लगे क्रोध में नाचने। ब्रह्मांड के सबसे बड़े प्रेमी शिव। उन्होंने अपने प्रेम की अक्षुण्णता और अखंडता के लिए काम को भस्म कर दिया। एक दूसरे में अंतर्भुक्त शिव और शक्ति काम रहित कामजित हैं। वसंत और फागुन कामोद्वेलन के समस्त द्वंद्वों से परे कामोद्दीपक अलौकिक ऊर्जा हैं। फागुन की मस्ती होली के रूप में व्यक्त होती है। भारतीय समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा में योगीराज शिव और योगेश्वर कृष्ण में सन्निहित फागुनोत्सव के असीम प्रवाह और अनंत उल्लास के दर्शन हमारे चित्त की निर्मलता और भाव के औदात्य के परिचायक हैं। शिव और कृष्ण दोनों प्रेमी हैं। असीम, अनंत, अटूट, अखंड, अछोर और अनीह है दोनों का प्रेम। प्रेम की पराकाष्ठा और दिव्यता में डूबे शिव और कृष्ण शाश्वत हैं। शाश्वत है वसंत और शाश्वत है फागुन भी। -

' प्रेम अनोखा रंग है , प्रेम अनोखा छंद।
फागुन ने चिल्ला कहा,इसको दिया अनंत।।

अहर्निश अनंत राग गाता अंबर और धरती के बीच अनुराग से भरा हुआ जो शून्य है वह अनछुआ, अनदेखा, अनकहा और अलौकिक है। जाने कब से सौंदर्य का अदृश्य सागर लगातार लहरा रहा है धरती और अंबर के बीच। धरती और अंबर के बीच ही जीवन और मरण का महारास चलता रहता है। यह शून्य ही ब्रह्म और जीव का सम्मोहक क्रीडा स्थल है। माया का खेल चल रहा है निरंतर। रंग और गंध का आनंद उत्सव मनाता आग राग गाता मदमाता फागुन आया है। फागुन के आते ही आए हैं अनेकानेक भाव विभाव अनुभाव। आई हैं अंतश्चेतना में अनंत अनुभूतियां।

वसंत और फागुन को अंतर में समाहित कर हम प्रार्थना करें कि इन अनुभूतियों की आग में असीम करुणा समाहित हो और राग अनुराग की ऐसी लय संपूर्ण विश्व में फैल जाए, जिसमें सब रंग-गंध के प्रेमपुलक में डूब एकरस एकतान हो जाएं। कोई किसी से विलग नहीं हो और फाग-आग के राग में ऐसे लहराएं कि एक दूसरे के अस्तित्व को कोई विलग भी नहीं कर सके। फागुन का संदेश है कि हम शुद्धआत्मा प्रबुद्ध बनें और हर युद्ध के विरुद्ध करुणा का ध्वजारोहण करें।

'होली में सबको मिले, हंसी-खुशी सौगात।
सराबोर दिन रंग में, गंध भरी हो रात।।

सक्सेस स्टोरी

# कल्पना सरोज : झोपड़ी से उद्योगपति तक

कल्पना सरोज भारत की एक प्रेरणादायक महिला उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने गरीबी, जातिगत भेदभाव और व्यक्तिगत संघर्षों से उबरकर एक सफल व्यवसाय साम्राज्य स्थापित किया है। वे कमानी ट्यूब्स की चेयरपर्सन हैं और उनकी कुल संपत्ति लगभग 112 मिलियन डॉलर आंकी जाती है। उनकी कहानी को अक्सर 'स्लमडॉग मिलियनेयर' की वास्तविक संस्करण के रूप में वर्णित किया जाता है।



## प्रारंभिक जीवन

कल्पना सरोज का जन्म 1960 के दशक की शुरुआत में महाराष्ट्र के एक छोटे से गांव रोपरखेड़ा में एक दलित परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस कांस्टेबल थे और परिवार गरीबी और जातिगत भेदभाव से जूझता था। गांव में लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध था, लेकिन उनके पिता ने उन्हें स्थानीय स्कूल में दाखिला दिलाया, जहां वे पढ़ाई में उत्कृष्ट रहीं। हालांकि, दलित होने के कारण उन्हें स्कूल में भेदभाव का सामना करना पड़ाकृवे स्कूल के कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं ले सकती थीं, और अन्य बच्चों के माता-पिता उन्हें अलग रखते थे।



रूफिया खान
शिक्षिका

## विवाह और शुरुआती संघर्ष

उस समय ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह आम था, और लड़कियों को परिवार का बोझ माना जाता था। मात्र 12 वर्ष की उम्र में कल्पना का विवाह कर दिया गया। वे मुंबई के एक स्लम में पति और ससुराल वालों के साथ रहने लगीं, जहां उन्हें शारीरिक और मानसिक यातनाएं सहनी पड़ीं। वे भूखी रखी जातीं, पीटी जातीं और नौकरानी से भी बदतर व्यवहार किया जाता। छह महीने बाद, उनके पिता ने उन्हें पहचानकर वापस घर ले आए और विवाह समाप्त कर दिया। लेकिन गांव में वापस आने पर उन्हें और उनके परिवार को ताने और अपमान सहने पड़े। हताश होकर उन्होंने तीन बोतल कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन परिवार ने उन्हें बचा लिया।

## मुंबई में नई शुरुआत

गांव में नौकरी के अवसर न होने पर, कल्पना ने माता-पिता को मनाकर मुंबई में चाचा के घर जाने की अनुमति ली। वहां उन्होंने एक गारमेंट फैक्ट्री में काम शुरू किया, जहां उन्हें महीने में 60 रुपये मिलते थे। वे सीनियर टेलर बन गईं और अतिरिक्त सिलाई से 100 रुपये और कमातीं। जब उनके पिता की नौकरी चली गई, तो वे परिवार की एकमात्र कमाने वाली बनीं। उन्होंने 40 रुपये में एक कमरा किराए पर लिया और परिवार को मुंबई बुला लिया। एक दुखद घटना में उनकी छोटी बहन की बीमारी से मौत हो गई, क्योंकि इलाज के पैसे नहीं थे। इसने उन्हें धन कमाने की प्रेरणा दी और वे 16 घंटे काम करने लगीं, एक आदत जो आज भी जारी है।

## व्यावसायिक यात्रा

1975 में महात्मा ज्योतिबा फुले योजना के तहत 50,000 रुपये का लोन लेकर उन्होंने एक बुटीक खोला और फर्नीचर का रीसेलिंग बिजनेस शुरू किया। वे उल्हासनगर से सस्ते फर्नीचर खरीदकर बेचतीं। व्यवसाय स्थिर होने पर, उन्होंने बेरोजगारों की मदद के लिए एक एसोसिएशन बनाई। 1995 में, उन्होंने एक विवादित जमीन ख़रीदी, जिस पर दो साल मुकदमा चला, लेकिन जीत हासिल की। फिर एक बिल्डर के साथ साझेदारी में 35 प्रतिशत लाभ पर विकास किया, और रियल एस्टेट में प्रवेश किया। 1998 तक, उनका रियल एस्टेट टर्नओवर 4 करोड़ रुपये पहुंच गया। उन्होंने गन्ने की फैक्ट्री में निवेश किया और कई कंपनियां स्थापित कीं, जैसे कमानी स्टील री-रोलिंग मिल्स, कमानी ट्यूब्स, कल्पना सरोज एंड एसोसिएट्स, कल्पना बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, सैकृपा शुगर फैक्ट्री, और केएस क्रिएशन्स फिल्म प्रोडक्शन। उनके कुल बिजनेस टर्नओवर हजारों करोड़ रुपये है।

## कमानी ट्यूब्स का पुनरुद्धार

2000 में, कल्पना के पास व्यक्तिगत संघर्ष, उद्यमिता और ब्लू-कॉलर वर्कर्स की फाइनेंस का अनुभव था। 2001 में, दिवालिया कमानी ट्यूब्स के वर्कर्स ने उनकी एनजीओ से मदद मांगी। कंपनी पर 116 करोड़ रुपये का कर्ज था, 140 मुकदमे थे, और उपयोगिताएं बंद थीं। कल्पना ने सीईओ बनकर कर्ज चुकाए, मशीनरी बदली, उत्पादन शुरू किया, और कंपनी को लाभदायक बनाया। यह भारत की पहली कंपनी थी जहां सुप्रीम कोर्ट ने मालिकाना हक वर्कर्स यूनियन को सौंपा था। आज कंपनी 750 करोड़ रुपये की है।

## सामाजिक कार्य

कल्पना ने एक छोटी एनजीओ शुरू की, जो वंचितों को सरकारी लोन और योजनाओं की जानकारी देती है। उन्होंने कल्पना सरोज फाउंडेशन स्थापित किया, जो सामाजिक कल्याण कार्य करता है। वे दलित समुदाय की मदद करती हैं, बेरोजगारों को सहायता प्रदान करती हैं, और महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देती हैं। वे भारतीय महिला बैंक के बोर्ड मेंबर भी रहीं। वे भारतीय महिला बैंक के बोर्ड मेंबर रहीं और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) बैंगलोर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में शामिल हैं। एक बौद्ध अनुयायी के रूप में, वे डॉ. भीमराव अंबेडकर से प्रेरित हैं और महिलाओं के सशक्तिकरण पर ज़ोर देती हैं।

## पुरस्कार और सम्मान

2013 में, उन्हें ट्रेड एंड इंडस्ट्री के क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया। वे विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त उद्यमी हैं, और भारत सरकार ने उन्हें भारतीय महिला बैंक के बोर्ड में नियुक्त किया।

## वर्तमान स्थिति

आज 60 के दशक में होते हुए भी, कल्पना सक्रिय रूप से अपने व्यवसायों का नेतृत्व करती हैं। उनकी कहानी साबित करती है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनका दर्शन है, ''कड़ी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। जो आप चाहते हैं, वह आपको मिलेगा अगर आप पूरे मन से काम करें और एकाग्रचित्त होकर लक्ष्य की ओर बढ़ें।'' कल्पना सरोज की जीवन गाथा लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो दिखाती है कि विपरीत परिस्थितियों से उबरकर सफलता कैसे पाई जा सकती है।

# एक खत के जरिए छलका पलायन का दर्द

प्रिय भाई, मैं आशा करती हूं कि तुम अपने परिवार के साथ दिल्ली में कुशलता से और प्रसन्न होगे। पिछले दिनों धुमाकोट के पड़ोसियों से पता चला कि मां जी और बाबूजी दोनों का स्वास्थ्य इन दिनों ठीक नहीं चल रहा है। आसपास के लोग यथासंभव उनकी देखभाल कर रहे हैं। मैं पीरुमदारा में रहते हुए भी बराबर उनका हाल-चाल लेती रहती हूं, फिर भी मन आशंकित रहता है। तुम्हें भी उनकी तबीयत के बारे में जानकारी लेते रहना चाहिए और समय निकालकर उनसे फोन पर बात किया करो। यह बात मैं पहले भी कह चुकी हूं। इस वर्ष पहाड़ों में अधिक वर्षा के कारण मौसम कुछ ज्यादा ठंडा हो गया है और आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। पिताजी को कफ की शिकायत रहती है, खासकर जाड़े के दिनों में, जिससे उनका अस्थमा बढ़ जाता है। वहीं वात रोग के कारण मां जी के दाहिने घुटने में सूजन आ गई है। मेरा मन नहीं माना और मैं उन्हें देखने गांव पहुंच गई। मुझे देखकर मां जी और बाबूजी की आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने भावुक होकर कहा, "बेटी, तुम हमारा कितना ख्याल रखती हो। भावेश दिल्ली जाकर बस गया है, अब हमारा हाल-चाल भी नहीं लेता।" यह सुनकर मेरा हृदय बहुत व्यथित हो उठा। तुम्हारा दूसरा भाई सुनील निजी कंपनी में काम करने के कारण नोएडा में अत्यधिक व्यस्त रहता है। पिछले वर्ष गांव में पूजा के अवसर पर वह बहुत कम समय के लिए ही आ पाया था। आज सबसे बड़ी समस्या यह है कि गांव में मां-बाबूजी की देखभाल कैसे हो और कौन करे। इस विषय पर मैं लगातार सोचती रहती हूं। मैंने जीजा जी से बात की तो उन्होंने सुझाव दिया कि मैं मां-बाबूजी को पीरुमदारा ले आऊं, पर बात इतनी सरल नहीं है। गांव में हमारा पुश्तैनी मकान और दो नाली जमीन है। मैंने कई बार मां-बाबूजी से कहा कि वे मेरे साथ पीरुमदारा चलकर रहें। एक बार बहुत समझाने पर उन्हें यहां ले भी आई, लेकिन उनका मन नहीं लगा और वे वापस गांव लौट गए। अब स्थिति पहले जैसी नहीं रही। दोनों ही कमजोर हो चुके हैं। उनके स्वास्थ्य, खान-पान और दवाइयों का नियमित ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यह लिखते हुए मेरा मन बहुत भावुक हो रहा है कि तीन संतानों के माता-पिता बुढ़ापे में आज अकेले जीवन काट रहे हैं। पड़ोस की सरुली ताई बताती हैं कि वे रामनगर की ओर से आने वाली हर बस को उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं, शायद भावेश या सुनील आ रहे हों। तुम जानते हो कि मेरी शादी को बारह वर्ष हो चुके हैं और मैं अपने परिवार व बच्चों की जिम्मेदारियों में भी बंधी हूँ। कोविड काल में सासू मां के निधन के बाद मेरे ससुर जी अकेले पड़ गए हैं। उन्हें शुगर और बीपी की समस्या है। इसके बावजूद उन्होंने स्वयं कहा कि मैं धुमाकोट जाकर अपने माता-पिता के साथ कुछ दिन रह आऊं। मैं केवल यही चाहती हूं कि अम्मा-बाबूजी का शेष जीवन सम्मान और सुकून के साथ बीते। तुम आर्थिक रूप से सक्षम हो और माता-पिता के त्याग व संघर्ष को भली-भांति समझते हो। उन्होंने कभी बेटा-बेटी में भेद नहीं किया। इसलिए गांव में लोग कहते हैं कि "राधिका पटवाल जी का तीसरा बेटा है।" इन सभी बातों पर गंभीरता से विचार करना और मेरे इस पत्र का उत्तर देना।





संतोष कुमार तिवारी
नैनीताल

जॉब का पहला दिन

# जिम्मेदारी की दहलीज पर पहला कदम

20 दिसंबर 2010 का दिन था, जब मुझे पहली बार स्थायी तौर पर अपनी प्रथम नियुक्ति के विद्यालय प्राथमिक विद्यालय जाहिदपुर, शाहबाद, रामपुर में जाना था। मेरा जन्मदिन 24 दिसंबर को होता है। इस प्रकार से दिसंबर में सरकारी सेवा में आना एक प्रकार से जन्मदिन के पूर्व उपहार जैसा था। मैंने जीवन में कभी कोई ट्यूशन तक नहीं पढ़ाई थी। बस बीएड और विशिष्ट बीटीसी के प्रशिक्षण के दौरान, जो शिक्षण अनुभव था वही था। ऐसे में जब पहली बार विद्यालय पहुंचा, तो वास्तविक परिस्थितियां किताबी ज्ञान से अलग और चुनौतीपूर्ण थीं।



इन परिस्थितियों ने मुझे जहां जीवन की सच्चाइयों से रूबरू करवाया, मुझे तपाया वहीं मुझे मजबूत भी किया। विद्यालय में बिताया गया हर एक पल मेरे अनुभव को पुख्ता कर रहा था। मैं धीरे-धीरे इन चुनौतियों से लड़ना और मुस्कराकर हर समस्या का हल ढूंढना सीख गया। परिषदीय विद्यालयों में होने वाली दैनिक प्रार्थना 'वह शक्ति हमें दो दयानिधे' ने मुझे बहुत हिम्मत प्रदान करी। जब इस प्रार्थना को प्रतिदिन सुनता था। तब मन में एक ही बात आती थी कि 'हम दीन दुखी निबलों विकलों के सेवक बन संताप हरें' क्योंकि इस राह पर चलेंगे तभी तो 'उनको तारें खुद तर जावें' वाली पंक्ति सत्य सिद्ध होगी। पदोन्नति के बाद 2016 में बरेली में स्थानांतरण भी हो गया। 2016 से अब तक मैं उच्च प्राथमिक विद्यालय रहटुइया, मझगवां, बरेली में कार्यरत हूं। रामपुर में मैं कक्षा 1- 5 तक के बच्चों को पढ़ाता था, तो यहां कक्षा 6 से 8 के बच्चों को शिक्षित करने लगा और इनमें प्रतियोगिता की भावना का संचार किया। परिणामस्वरूप वर्ष 2023 और 2025 में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति जैसी कठिन प्रतियोगिता में विद्यालय से छात्र सफल हुए और 2026 में भी दो छात्रों के सफल होने की संभावना है। विद्यालय और बच्चों से मुझे इतना प्रेम है कि 2024 में 'भूतिया मास्साब' नाम का उपन्यास लिखा है जिसमें एक ऐसे अध्यापक की कहानी है जो मृत्यु के बाद भी भूत के रूप में अपने बच्चों की सहायता करते रहते हैं। हिन्दी फंतासी जो लगभग अछूता क्षेत्र है उसमें मैं 'हाथिस्तान' नाम की शृंखला लिख रहा हूं।



प्रांजल सक्सेना
शिक्षक, बरेली

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,626.76 | 25,471.10 |
| गिरावट | 1,048.1 | 336.10 |
| प्रतिशत में | 1.25 | 1.30 |

सोना 1,58,500 प्रति 10 ग्राम
चांदी 2,55,000 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, शनिवार, 14 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### केरल शहरी नीति तैयार करने वाला देश का पहला राज्य बना

**तिरुवनंतपुरम।** केरल भविष्य की शहरी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए व्यापक शहरी नीति तैयार करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। शुक्रवार को घोषित इस नीति में राज्य के शहरी विकास के लिए दीर्घकालिक रूपरेखा पेश की गई है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में स्थानीय स्वशासन विभाग द्वारा तैयार शहरी नीति के मसौदे को मंजूरी दी गई। इस नीति की परिकल्पना में वर्ष 2050 तक केरल को 'जलवायु-अनुकूल शहरों और कस्बों के एक निरंतर नेटवर्क' के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, जहां वैज्ञानिक नियोजन और सुशासन सुनिश्चित होगा।

### बैंक कर्ज में जनवरी के दूसरे पखवाड़े में 14.41 प्रतिशत की वृद्धि

**मुंबई।** बैंक ऋण में वृद्धि लगातार दहाई अंक में बनी हुई है और 31 जनवरी को समाप्त पखवाड़े में यह सालाना आधार पर बढ़कर 14.41 प्रतिशत पर पहुंच गई। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, बैंकों के गैर-खाद्य ऋण विस्तार का यह प्रमुख आंकड़ा जीएसटी युक्तिसंगत बनाए जाने के बाद पिछले पांच महीनों से दहाई अंक में बना हुआ है। यह हाल के महीनों में खुदरा कर्जदारों और कॉरपोरेट दोनों की कर्ज मांग में सुधार का संकेत देता है। जुलाई में ऋण वृद्धि काफी धीमी थी और दो पखवाड़ों के दौरान यह क्रमशः 9.76 प्रतिशत और 9.98 प्रतिशत रही थी।

### एप्पल इसी महीने बोरीवली में खोलेगी अपना नया स्टोर

**नई दिल्ली।** आईफोन विनिर्माता कंपनी एप्पल बोरीवली में एक नया स्टोर (बिक्री केंद्र) खोलने जा रही है। यह भारत में उसका छठा और मुंबई में दूसरा स्टोर होगा। बोरीवली स्टोर के लिए उसने बैरिकेडिंग कर दी है। कंपनी ने अप्रैल 2023 में मुंबई में अपना पहला और दिल्ली में दूसरा स्टोर खोला था। इसके बाद 2025 में विस्तार जारी रखते हुए कंपनी ने बेंगलुरु में एप्पल हेब्बल और पुणे में एप्पल कोरेगांव पार्क स्टोर खोले। हाल ही में नोएडा में भी नया स्टोर शुरू किया।

# इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ाने के लिए एफटीए का फायदा उठाना आवश्यक

## नीति आयोग की रिपोर्ट में रणनीतिक कलपुर्जों का विनिर्माण बढ़ाने पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ाने के लिए संरचनात्मक लागत संबंधी चुनौतियों का समाधान करना, मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का बेहतर ढंग से फायदा उठाना और रणनीतिक कलपुर्जों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना होगा। नीति आयोग की एक रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है।

आयोग की शुक्रवार को जारी 'ट्रेड वॉच क्वार्टरली' रिपोर्ट के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र का दुनियाभर में 4.6 लाख करोड़ डॉलर का बाजार है, लेकिन 2024 में भारत की हिस्सेदारी लगभग एक प्रतिशत ही रही। कंप्यूटर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले इंटीग्रेटेड सर्किट (आईसी) और सेमीकंडक्टर जैसे उच्च-प्रौद्योगिकी कलपुर्जों के बाजार पर चीन, हांगकांग और ताइवान का दबदबा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल में कई देशों एवं समूहों के साथ हुए एफटीए से भारतीय उत्पादों की विदेशी बाजार तक पहुंच बेहतर हुई है, लेकिन अस्थिर भू-राजनीतिक माहौल में निवेश जुटाने के लिए घरेलू खरीद नीति में अनुमान लगा पाने की क्षमता, निर्यात वित्त और विनियामक सरलीकरण पर अधिक जोर देना होगा।

नीति आयोग ने सुझाव दिया कि भारत की रणनीति को असेंबली आधारित वृद्धि से आगे बढ़कर कलपुर्जा-आधारित विनिर्माण की ओर स्थानांतरित होना चाहिए। आपूर्ति पक्ष पर प्रोत्साहनों को घरेलू मूल्य संवर्धन, निरंतर शोध एवं विकास और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देने वाले एंकर निवेश से जोड़ा जाना चाहिए।

**दुनिया में 4.6 लाख करोड़ डॉलर का है इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार, भारत की हिस्सेदारी सिर्फ एक प्रतिशत, चीन, हांगकांग और ताइवान का दबदबा**



### भारतीय निर्यात में मोबाइल फोन का 52.5% हिस्सा

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात मुख्यतः अमेरिका, यूएई एवं नीदरलैंड को होते हैं और इनमें मोबाइल फोन की हिस्सेदारी 52.5 प्रतिशत है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स आयात में इंटीग्रेटेड सर्किट, मोबाइल फोन और डेटा प्रोसेसिंग मशीनों की बड़ी हिस्सेदारी है। सितंबर तिमाही में देश के कुल वस्तु एवं सेवा निर्यात में लगभग 8.5 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई, जो आयात वृद्धि से अधिक रही। रिपोर्ट के मुताबिक, सीमापार ई-कॉमर्स 2030 तक निर्यात वृद्धि का प्रमुख माध्यम बन सकता है।

### अमेरिका ने ताइवान पर लगे प्रतिबंध कम करने के लिए किया समझौता

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ताइवान के साथ एक व्यापार समझौता किया है जिसके तहत ताइवान अपने 99 प्रतिशत टैरिफ अवरोधों को हटाने या कम करने पर सहमत हुआ है। अमेरिका कंप्यूटर चिप के उत्पादन के लिए ताइवान पर काफी हद तक निर्भर है। वर्ष 2025 के पहले 11 महीने में चिप निर्यात के कारण दोनों देशों के बीच करीब 127 अरब डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज किया गया। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के मुताबिक ताइवान से अमेरिका आने वाले निर्यात पर 15 प्रतिशत शुल्क या अमेरिकी सरकार की सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र दर लागू होगी। यह 15 प्रतिशत दर एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अन्य अमेरिकी व्यापार साझेदारों जैसे जापान व दक्षिण कोरिया पर लागू दर के समान है।

### यात्री वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में 13 प्रतिशत बढ़ी : सियाम

**नई दिल्ली।** घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 4,49,616 इकाई हो गई। जनवरी 2025 में यह 3,99,386 इकाई रही थी। जनवरी में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 26 प्रतिशत बढ़कर 19,25,603 इकाई हो गई जबकि पिछले साल जनवरी में यह 15,26,218 इकाई थी।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को बयान में कहा कि स्कूटर की बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 7,50,580 इकाई हो गई जबकि मोटरसाइकिल की थोक बिक्री 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11,26,416 इकाई रही।

बयान के अनुसार, तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 30 प्रतिशत बढ़कर 75,725 इकाई हो गई जबकि जनवरी 2025 में यह 58,167 इकाई रही थी।

# रिलायंस को वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका से लाइसेंस मिला

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद के लिए अमेरिका से लाइसेंस मिल गया है। इस अनुमति से देश की सबसे बड़ी निजी रिफाइनिंग कंपनी आरआईएल रियायती दर पर उपलब्ध भारी कच्चे तेल का आयात कर सकेगी।

वेनेजुएला का कच्चा तेल गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस रिफाइनरी की संरचना के अनुकूल है और उसके रिफाइनिंग मार्जिन को बेहतर बना सकता है। जनवरी के अंत में अमेरिका ने कुछ अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को वेनेजुएला से सीधे तेल खरीदने की सामान्य अनुमति दी। इससे पहले अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण वेनेजुएला से सीधे तेल खरीद पर रोक लगी हुई थी और तेल की आपूर्ति कारोबारियों के माध्यम से हो रही थी।



● **रियायती दर पर भारी कच्चे तेल के आयात का रास्ता साफ**

पिछले महीने अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को बंदी बनाकर अमेरिकी जेल में भेज दिए जाने के बाद से ही वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही थी। उसके बाद से अमेरिका ने अपने प्रतिबंधों को शिथिल भी कर दिया है। हालांकि वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने का अमेरिकी लाइसेंस मिलने के बारे में रिलायंस इंडस्ट्रीज की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई।

# 25 लाख टन गेहूं के निर्यात को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शुक्रवार को घरेलू बाजारों को स्थिर करने और किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए गेहूं का 25 लाख टन निर्यात करने की मंजूरी दे दी। इसके साथ पांच-पांच लाख टन गेहूं उत्पाद और चीनी के अतिरिक्त निर्यात को भी मंजूरी दी गई है।

खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वर्तमान उपलब्धता और मूल्य परिदृश्य का व्यापक आकलन करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निजी इकाइयों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का भंडारण उपलब्ध है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 32 लाख टन अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल, 2026 तक भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के केंद्रीय भंडार में गेहूं की कुल उपलब्धता लगभग 182 लाख टन होने का अनुमान है। इससे निर्यात अनुमति से घरेलू खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।



● **सरकार ने पांच-पांच लाख टन गेहूं उत्पाद और चीनी के अतिरिक्त निर्यात को भी दी मंजूरी**

रबी 2026 में गेहूं की खेती का रकबा भी बढ़कर लगभग 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया जो पिछले वर्ष 328.04 लाख हेक्टेयर था।

मंत्रालय ने कहा कि अधिक भंडार, कीमतों में गिरावट, उम्मीद से ज्यादा उत्पादन और फसल की बड़ी आवक के दौरान मजबूरी में बिक्री रोकने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सरकार का यह निर्णय घरेलू कीमतें स्थिर करने, बाजार में तरलता बढ़ाने, भंडारण का सही उपयोग सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ किसानों की आय मजबूत करने में मदद करेगा।

चीनी निर्यात को सुगम बनाने के लिए सरकार ने चालू चीनी सत्र 2025-26 के दौरान इच्छुक चीनी मिलों द्वारा अतिरिक्त पांच लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति देने का निर्णय लिया है। इससे पहले, सरकार ने 14 नवंबर, 2025 के आदेश के माध्यम से चालू चीनी सत्र के दौरान 15 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दी थी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के कारण 6 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 14.361 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 723.774 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था।



**स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की भारी गिरावट**

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 6 फरवरी को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 14.208 अरब डॉलर घटकर 123.476 अरब डॉलर पर आ गया। स्वर्ण भंडार में उतार-चढ़ाव की मुख्य वजह सोने की कीमतों में बदलाव है।

आलोच्य सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा रखने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 7.661 अरब डॉलर बढ़कर 570.053 अरब डॉलर पर पहुंच गई। अब इसमें गिरावट आई है।

## आरबीआई ने जारी किया अग्रणी बैंक योजना में संशोधन प्रस्ताव

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अग्रणी बैंक योजना (एलबीएस) के परिचालन ढांचे को सुव्यवस्थित करने और कार्यक्रम की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए संशोधित दिशानिर्देश प्रस्तावित किए। यह योजना 1969 में जिला स्तर पर विकास गतिविधियों के समन्वय के लिए शुरू की गई थी।

एलबीएस का उद्देश्य बैंकों, सरकार और अन्य विकास एजेंसियों की गतिविधियों का समन्वय कर प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाना और वित्तीय समावेश को मजबूती देना है। प्रस्तावित दिशानिर्देशों में योजना के उद्देश्यों को परिष्कृत करने, विभिन्न मंचों की संरचना, सदस्यता एवं कार्यसूची को स्पष्ट करने, प्रमुख पदाधिकारियों की भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों को निर्धारित करने और राज्य-स्तरीय बैंकर समिति और अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालयों को मजबूत बनाने के प्रावधान शामिल हैं।



# लोकसभा में पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा, नहीं चला प्रश्नकाल

## बजट सत्र का पहला चरण पूरा, दोनों सदन नौ मार्च तक के लिए स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में शुक्रवार को कुख्यात यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन से संपर्कों को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। इसके चलते सदन की बैठक एक बार स्थगित करने के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। शुक्रवार को संसद में बजट सत्र का पहला चरण भी संपन्न हो गया जिसके बाद लोकसभा और राज्यसभा की बैठक को नौ मार्च के लिए स्थगित कर दिया गया।

लोकसभा में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल नहीं चल सका और सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद नौ मार्च सुबह 11 बजे के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे फिर शुरू हुई तो पीठासीन सभापति संध्या राय ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए और फिर 12 बजकर छह मिनट पर सभा की बैठक नौ मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, सुबह बैठक शुरू होते ही पीठासीन सभापति संध्या राय ने पूर्व सांसद डॉ. भगवान दास राठौड़ के निधन की सूचना सदन को दी जिस पर सदस्यों ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत पूर्व सदस्य को श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद जैसे ही पीठासीन सभापति ने प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य केंद्रीय मंत्री पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाने लगे और आसन के समीप आ गए। इस बीच कांग्रेस सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने अपना पूरक प्रश्न पूछा जिसका जवाब स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शोरशराबे के बीच ही दिया। पीठासीन सभापति संध्या राय ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर जाकर बैठने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने बैठक पांच मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।



**सरोजिनी नायडू को श्रद्धांजलि**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में सरोजिनी नायडू की जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। बिरला के अलावा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी नायडू को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत कोकिला के नाम से जानी जाने वाली सरोजिनी नायडू प्रतिभाशाली वक्ता, सुविख्यात कवयित्री और प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थीं।

### संसद को बाधित करने का बहाना तलाशते हैं राहुल गांधी: प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बजट सत्र के दौरान लोकसभा के बार-बार बाधित होने का हवाला देते हुए शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि राहुल सदन की कार्यवाही ठप करने के लिए नए-नए बहाने तलाशते हैं। बजट सत्र के हंगामेदार पहले चरण में अमेरिका से व्यापार समझौते और पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की किताब के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध की स्थिति बनी रही। प्रधान ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, संसद को बाधित करने के लिए हर रोज नया बहाना गढ़ना अब कांग्रेस की पहचान बन चुकी है।

## बुलेट ट्रेन को एक लाख करोड़, बुंदेलखंड में रेलों को पांच फीसदी भी नहीं: रघु ठाकुर

**नई दिल्ली।** सरकार यदि आबादी के हिसाब से बजट आवंटित करे तो बुंदेलखंड जैसे अंचलों का पिछड़ापन, बेरोजगारी और ग़रीबी दूर हो सकती है लेकिन सरकार एक ओर बुलेट ट्रेन पर एक लाख करोड़ खर्च कर सकती है लेकिन बुंदेलखंड को रेल लाइन के लिए पांच हजार करोड़ भी नहीं देना चाहती। सही नीति से इसे ठीक किया जा सकता है।

सुप्रसिद्ध सोशलिस्ट चिंतक व जननेता रघु ठाकुर ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर बुंदेलखंड सर्वदलीय नागरिक संघर्ष मोर्चा के धरना में बोलते हुए यह बात कही। उन्होंने आह्वान किया कि सरकार की भेदभावपूर्ण नीति का प्रतीकात्मक विरोध आने वाली होली से शुरू किया जाए। इस धरने में शामिल होने व समर्थन देने बुंदेलखंड सहित छत्तीसगढ़ व विदर्भ से भी लोग आए थे। रघु ठाकुर की अगुवाई में साल 2009 से यह धरना हर साल जाड़ों में होता है। इस साल धरने के तहत भारतीय हॉकी के गौरव मेजर ध्यानचंद व सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक हरिसिंह गौर को भारतरत्न से अलंकृत करने, बुंदेलखंड को रेल सेवाओं से जोड़ने व अंचल में पर्यटन परिपथ विकसित करने की मांग मुख्य रूप से शामिल है।



● **जंतर-मंतर पर बुंदेलखंड सर्वदलीय संघर्ष मोर्चा का धरना, होली पर करेंगे विरोध**

राज्यसभा सदस्य व आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने अपने भाषण में केन्द्र सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि लगातार जनविरोधी और किसान-विरोधी फैसले लिए जा रहे हैं। हाल का भारत-अमेरिका व्यापार समझौता इसका ताजा प्रमाण है जिसमें अमेरिका तो भारतीय माल पर मनमाना आयात कर लगा रहा है लेकिन भारत में अमेरिकी माल आने की पूरी छूट का इंतजाम कर दिया गया है। यह समझौता नहीं बल्कि किसानों के 'डेथ वारंट' पर दस्तखत हैं।

## केरल में बच्ची के यौन शोषण में मंदिर का पुजारी गिरफ्तार

**त्रिशूर।** कोडुंगलूर में एक मंदिर के पुजारी को नाबालिग लड़की के यौन शोषण के आरोप में हिरासत में लिया गया है। आरोपी 48 वर्षीय शाजी कोडुंगलूर के पास एडविलांगु का निवासी है। पुलिस के अनुसार, शाजी ने एडविलांगु स्थित मंदिर में श्रद्धालुओं की निजी समस्याओं का समाधान करने के लिए अनुष्ठान किए। पिछले साल 14 वर्षीय पीड़िता के लिए अनुष्ठान करते समय आरोपी ने उसका यौन शोषण किया। घटना का पता तब चला जब पीड़िता ने शाजी के एक समारोह में शामिल होने से इन्कार करने के बाद अपने रिश्तेदार को शोषण की जानकारी दी। लड़की के माता-पिता की शिकायत के आधार पर कोडुंगलूर पुलिस ने बृहस्पतिवार को पॉक्सो के तहत पुजारी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

### दंपती ने 58 साल के वैवाहिक जीवन के बाद दी तलाक की अर्जी, खारिज

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद मामले में 58 वर्ष से साथ जीवन व्यतीत कर रहे दंपती के तलाक की याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि संपत्ति विवाद या सामान्य पारिवारिक मतभेद को तलाक का कारण नहीं माना जा सकता। करीब 78 वर्षीय पति की ओर से दायर इस याचिका में अपनी 75 वर्षीय पत्नी से तलाक की मांग की गई थी। पति ने दलील दी कि सेवानिवृत्ति के बाद पत्नी ने उनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज कराए और संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद पैदा किया। हाईकोर्ट ने कहा कि दंपती ने 1967 से 2013 तक करीब छह दशक तक सामान्य वैवाहिक जीवन बिताया। अब तलाक का अनुरोध असंवैधानिक और अनुचित है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि वैवाहिक जीवन में छोटी-मोटी खींचतान, आपसी आरोप-प्रत्यारोप और दैनिक जीवन की सामान्य परेशानियों को क्रूरता या तलाक का आधार नहीं माना जा सकता।

● **हाईकोर्ट ने कहा- सामान्य मतभेद नहीं बन सकते तलाक का कारण**

### दिल्ली के पांच स्कूलों को दी बम से उड़ाने की धमकी, अफवाह निकली

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पांच स्कूलों को शुक्रवार सुबह बम की धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए जिन्हें बाद में अफवाह घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे ईमेल में उकसाने वाली आपत्तिजनक सामग्री थी जिसमें दावा किया गया था, दिल्ली खालिस्तान बन जाएगा और स्कूलों में दोपहर 1.11 बजे बम विस्फोट होगा। यह भी कहा गया था कि दोपहर 2.11 बजे संसद के अंदर विस्फोट होगा, जिसके बाद विभिन्न एजेंसियों के बीच सतर्कता बढ़ा दी गई और समन्वय स्थापित किया गया। डीएफएस के मुताबिक दिल्ली तमिल एजुकेशन एसोसिएशन (पूसा रोड), केंद्रीय विद्यालय (गोल मार्केट), हैप्पी पब्लिक स्कूल (दरियागंज), राबिया पब्लिक स्कूल (बल्लिमारान) और सीएल भल्ला डीएवी स्कूल (झंडेवालान) को धमकी भरे ऐसे ईमेल मिले। डीएफएस के अनुसार, व्यापक तलाशी अभियान में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया।

● **ईमेल में दिल्ली को खालिस्तान बना देने का भी किया गया था दावा**

### कर्नाटक : नेशनल हाईवे पर तीन वाहनों की टक्कर में सात की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु ग्रामीण जिले में होसकोटे तालुक के एम सत्यवारा गांव के पास शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। यह हादसा एक कार, एक मोटरसाइकिल और एक कैंटर गाड़ी की टक्कर की वजह से हुआ। यह हादसा होसकोटे-डबसपेटे राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। बताया गया कि पहले एक कार ने आगे चल रही मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। इसके बाद कार एक कैंटर गाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार छह लोगों और मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। कार तेज रफ्तार में चल रही थी। पीछे से बाइक को टक्कर मारने के बाद उसका संतुलन बिगड़ गया और वह फिर कैंटर से टकरा गई।

● **तेज रफ्तार कार पहले एक बाइक से टकराई और फिर कैंटर से भिड़ी**

## पुरी का झूठ पकड़ा गया, फौरन इस्तीफा लें प्रधानमंत्री : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एप्स्टीन मामले में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के स्पष्टीकरण को सरासर झूठ करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि पुरी किसकी तरफ से जेफ्री एप्स्टीन से संपर्क में थे। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने मंत्री से तत्काल इस्तीफा लेना चाहिए।

पुरी ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा था कि वह कुछ मौकों पर एप्स्टीन से मिले थे, लेकिन इसका उसके अपराधों से कोई लेनादेना नहीं था। खेड़ा ने कहा, पुरी ने दावा किया है कि उनकी एप्स्टीन से ज्यादा बात नहीं हुई। ये सरासर झूठ है। यह भी झूठ है कि उन्होंने एप्स्टीन से मिलने का समय नहीं मांगा था। ईमेल से स्पष्ट है कि पुरी खुद एप्स्टीन से मिलने का आग्रह करते थे।

# तमिलनाडु में महिलाओं के खाते में पांच-पांच हजार रुपये

चेन्नई, एजेंसी

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सरकार ने कलैग्नार महिला अधिकार निधि योजना'' (कलैग्नार मगलिर उरिमाई थोगई थिट्टम) के तहत 1.31 करोड़ महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में शुक्रवार को पांच-पांच हजार रुपये जमा कर दिए। इस योजना के तहत महिलाओं को अब तक प्रतिमाह 1,000 रुपये दिए जा रहे थे।

राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले इसे एक बड़े राजनीतिक दांव के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बिहार से संकेत लेते हुए शुक्रवार सुबह महिला लाभार्थियों के खाते में पैसे डालने के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इसकी सूचना दी, जिससे पूरा विपक्ष हैरान रह गया। विधानसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की उम्मीद है और यह कदम चुनाव आयोग की ओर से चुनाव कार्यक्रम की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने से कुछ दिन पहले आया है। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा, हमारी द्रविड़ मॉडल सरकार ने चुनाव के बहाने इस योजना के तहत वित्तीय सहायता रोकने की कोशिश को पहले ही भांप लिया और फरवरी, मार्च तथा अप्रैल के लिए कुल 3,000 रुपये का अग्रिम भुगतान प्रत्येक लाभार्थी के लिए 2,000 रुपये के विशेष ग्रीष्मकालीन भत्ते के साथ जमा कर दिया है।

स्टालिन ने सत्ता में लौटने पर इस योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि को वर्तमान 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रतिमाह करने का वादा करते हुए कहा कि यह उनका बहनों को दिया गया वचन है, जिनके अटूट समर्थन से द्रविड़ मॉडल 2.0 निश्चित रूप से लगातार दूसरी बार सत्ता में आएगा। चूंकि यह घोषणा अचानक हुई, इसलिए विपक्ष दंग रह गया।

● **आदर्श आचार संहिता लागू होने से ऐन पहले स्टालिन का दांव, विपक्ष हैरान**

## अमेरिका से समझौते के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा आंदोलन हो

**नई दिल्ली।** कई किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। इस मुलाकात में अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का विरोध करने और किसानों व खेतिहर मजदूरों की आजीविका की रक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़े आंदोलन की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

कांग्रेस के अनुसार संसद भवन परिसर में यह मुलाकात हुई। राहुल ने कहा कि इस समझौते ने कृषि आयात खोल दिया है और जल्द ही कई फसलें इसकी चपेट में आ सकती हैं। किसान संगठनों के नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का विरोध जताया और मक्का, सोयाबीन, कपास, फलों और मेवों की खेती करने वाले किसानों की आजीविका को लेकर गहरी चिंता जताई।

# संयुक्त राष्ट्र ने एआई पर 40 सदस्यीय वैज्ञानिक पैनल के गठन को दी मंजूरी

- अमेरिका बोला- यह संयुक्त राष्ट्र के अधिकार क्षेत्र का उल्लघंन

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभाव और जोखिमों का आकलन करने के लिए 40 सदस्यीय वैश्विक वैज्ञानिक पैनल के गठन को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी, जबकि अमेरिका ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया।

इस पैनल का गठन करने वाले, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इसे एआई की वैश्विक वैज्ञानिक समझ की दिशा में एक बुनियादी कदम बताया। गुतारेस ने गुरुवार को कहा कि ऐसे समय में जब एआई तेजी से आगे बढ़ रहा है, यह पैनल कठोर, स्वतंत्र वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा ताकि सभी सदस्य देश, भले ही उनकी प्रौद्योगिकी क्षमता जो भी हो, समान आधार पर भागीदारी कर सकें। उन्होंने इसे एआई के वास्तविक आर्थिक एवं सामाजिक प्रभावों का आकलन करने के लिए पहला पूर्णतः स्वतंत्र वैश्विक वैज्ञानिक निकाय बताया। एआई पैनल के पक्ष में, 193 सदस्यीय महासभा में 117 देशों ने मतदान किया, जबकि दो ने विरोध में वोट डाला। अमेरिका और पराग्वे ने इसके विरोध में मतदान किया, जबकि ट्यूनीशिया और यूक्रेन ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। वहीं, अमेरिका के कई सहयोगियों ने रूस, चीन और कई विकासशील देशों के साथ प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी मिशन की काउंसलर लॉरेन लवलेस ने पैनल को संयुक्त राष्ट्र के अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन बताया और कहा कि एआई शासन संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्देशित किए जाने का विषय नहीं है। एआई क्षेत्र में अमेरिका नवाचार को तेजी से बढ़ाने और अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पीएम के दफ्तर का नया पता

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 13 फरवरी 2026 की तारीख एक बड़े प्रशासनिक और वैचारिक बदलाव की साक्षी बनी। दशकों से सत्ता का केंद्र रहे ब्रिटिश काल के साउथ ब्लॉक से निकलकर अब देश का प्रधानमंत्री कार्यालय एक नए आधुनिक परिसर 'सेवा तीर्थ' में स्थानांतरित हो गया है। यह बदलाव केवल ईंट-पत्थरों की इमारत का नहीं, बल्कि शासन की उस संस्कृति का है, जहां सत्ता का स्थान 'सेवा' ने ले लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रधान सेवक की अवधारणा को संस्थागत रूप देने के लिए इस कार्यालय का नामकरण सेवा तीर्थ किया गया है, जिसका अर्थ है सेवा का पवित्र स्थान। नाम बदलने के पीछे का मूल तर्क औपनिवेशिक प्रतीकों को हटाना और भारतीय मूल्यों को शासन में समाहित करना है।

## अब सेवा तीर्थ




### क्या-क्या बदल गया

- एकीकृत कार्यप्रणाली : पहले पीएमओ, कैबिनेट सचिवालय और एनएससीएस अलग-अलग स्थानों पर थे। अब ये तीनों एक ही परिसर सेवा तीर्थ में हैं, जिससे फाइलों की आवाजाही और संचार की देरी खत्म होगी।
- खुला और पारदर्शी डिजाइन : पुराने साउथ ब्लॉक के बंद केबिनों के विपरीत, सेवा तीर्थ में ओपन फ्लोर डिजाइन और पारदर्शी कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिया गया है।
- डिजिटल एकीकरण : यह कार्यालय पूरी तरह से डिजिटल और पेपरलेस कामकाज की दिशा में बड़ा कदम है, जहाँ फाइलों का निपटारा तेजी से होगा।

### सत्ता से सेवा का सफर

- औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति : साउथ ब्लॉक अंग्रेजों द्वारा बनाया गया सत्ता का केंद्र था। 'सेवा तीर्थ' नाम भारतीयता और सेवा भाव को दर्शाता है।
- नागरिक-केंद्रित शासन : नाम का उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि यह कार्यालय आदेश देने के लिए नहीं, बल्कि जनता की सेवा के लिए है।
- पारदर्शिता और जवाबदेही : 'तीर्थ' शब्द पवित्रता और निष्ठा का प्रतीक है, जो शासन में ईमानदारी और पारदर्शिता के संकल्प को दोहराता है।
- सांस्कृतिक पुनर्जागरण : यह बदलाव मोदी सरकार के उस व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है जिसके तहत राष्ट्रीय संस्थाओं को भारतीय विरासत और मूल्यों से जोड़ा जा रहा है।
- संरचना : सेवा तीर्थ को तीन भागों में बांटा गया है। पहले में प्रधानमंत्री कार्यालय, दूसरे में कैबिनेट सचिवालय, तीसरे में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और एनएसए कार्यालय हैं।

### अत्याधुनिक सुविधाएं

- इंडिया हाउस : परिसर में इंडिया हाउस नाम का एक भव्य सम्मेलन केंद्र है। यहाँ विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें आयोजित की जाएंगी।
- स्मार्ट सुरक्षा तंत्र : परिसर में उन्नत एआई-आधारित निगरानी प्रणाली, फेस रिकग्निशन और स्मार्ट एक्सेस कंट्रोल लगाए गए हैं।
- सतत विकास : यह भवन '4-स्टार गृह' मानकों पर बना है, जिसमें सौर ऊर्जा, जल संरक्षण और वेस्ट मैनेजमेंट की आधुनिक व्यवस्था है।
- पब्लिक इंटरफेस जोन : जनता और आधिकारिक आगंतुकों के लिए समर्पित क्षेत्र बनाए गए हैं ताकि प्रशासन-नागरिकों में संवाद सुगम हो।

भविष्य : साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक, जो दशकों तक भारत के सत्ता केंद्र रहे, उन्हें अब युगे युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय में बदल दिया जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### डॉ. उपेंद्र कौल को लाइफटाइम अवार्ड

नई दिल्ली। इंडियन सोसाइटी ऑफ क्लिनिकल रिसर्च (आईएससीआर) के यहां 20वें वार्षिक सम्मेलन में हृदय रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर उपेंद्र कौल को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कार्डियोलॉजी में चार दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले प्रोफेसर कौल ने 400 से अधिक शोध प्रकाशनों का लेखन किया है। उनके योगदान ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति और कई राष्ट्रीय सम्मान दिलाए हैं, जिनमें आईसीएमआर शकुंतला अमीर चंद पुरस्कार, डॉ. बी.सी. रॉय पुरस्कार और पद्म श्री शामिल हैं।

### पशुपतिनाथ पहुंचेंगे आठ लाख श्रद्धालु

काठमांडू। पशुपतिनाथ मंदिर में रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर करीब आठ लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिनमें लगभग 30 प्रतिशत भारतीय होंगे। बागमती नदी के तट पर स्थित मंदिर को देश-विदेश, विशेषकर भारत से आने वाले हिंदू श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए रंग-बिरंगी रोशनी, कागज़ी झंडों, फूलों, मालाओं और बैनरों से सजाया गया है। मंदिर के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालने वाले पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक सुभाष जोशी ने गुरुवार को बताया कि आगामी पांच मार्च को होने वाले चुनाव के मद्देनज़र इस बार मंदिर की सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### मोरक्को में चार प्रांत आपदा क्षेत्र घोषित

काहिरा। मोरक्को सरकार ने बाढ़ के कारण देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित चार प्रांतों, लाराचे, अल केनित्रा, सिदी कासेम और स्लीमेन को आपदा क्षेत्र घोषित किया है। मोरक्को मीडिया ने सरकार के हवाले से यह जानकारी दी है। हेस्प्रेस अखबार ने गुरुवार को कहा कि मोरक्को सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों के लिए तीन अरब मोरक्कन दिरहम का सहायता कार्यक्रम भी शुरू किया है। मोरक्को के अधिकारियों के अनुसार प्रभावित प्रांतों से लगभग 1.88 लाख निवासियों को निकाला गया है।

### मेक्सिकन नौसेना के दो पोत क्यूबा पहुंचे

हवाना। अमेरिकी नाकेबंदी से गहराते ऊर्जा संकट के बीच मेक्सिको की नौसेना के दो जहाज मानवीय सहायता सामग्री लेकर क्यूबा पहुंचे। ये पोत बृहस्पतिवार को ऐसे समय पर क्यूबा पहुंचे जब दो सप्ताह पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा को तेल बेचने या उपलब्ध कराने वाले किसी भी देश पर शुल्क लगाने की धमकी दी थी।

# नई सरकार के कार्यकाल में मजबूत होंगे भारत और बांग्लादेश के संबंध

## बीएनपी ने चुनाव परिणाम को मान्यता देने पर भारत को दिया धन्यवाद

- चुनाव में जीत ने रहमान के नेतृत्व में जनता के भरोसे को दर्शाया

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने देश के आम चुनाव के नतीजे को मान्यता देने के लिए भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को धन्यवाद देते हुए उम्मीद जताई कि नई सरकार के कार्यकाल में दोनों देशों के संबंध मजबूत होंगे। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य और 2026 के चुनाव के मुख्य समन्वयक नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि पार्टी मोदी द्वारा जनादेश को मान्यता दिए जाने की सराहना करती है।

उन्होंने कहा कि हम हमारे नेता तारिक रहमान को बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हैं। किसी लोकतांत्रिक देश द्वारा जनता के फैसले को मान्यता दिया जाना अच्छी बात है और नरेन्द्र मोदी ने ऐसा किया है। हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। खान ने कहा कि हम अपनी पार्टी की ओर से भी उन्हें धन्यवाद देते हैं और हमारा विश्वास है कि हमारे नेता तारिक रहमान के नेतृत्व में इन दोनों देशों और उनके लोगों के बीच संबंध मजबूत होंगे। इससे पहले, मोदी ने बीएनपी के नेता तारिक रहमान की निर्णायक जीत पर शुक्रवार को उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह विकास के साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए उनके साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस जीत ने रहमान के नेतृत्व में जनता के भरोसे को दर्शाया है।


बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के दौरान राजधानी ढाका में एक मतदान केंद्र पर सुरक्षा के लिए तैनात किए गए बांग्लादेश बार्डर गार्ड के जवान।

### बीएनपी और जमात बनेगी एक अच्छी जोड़ी

ढाका। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक शीर्ष नेता ने शुक्रवार को कहा कि पूर्ण बहुमत वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और एक मजबूत विपक्षी जमात-ए-इस्लामी देश में अगले लोकतांत्रिक पथ के लिए एक बहुत अच्छी जोड़ी होगी। चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद बीएनपी सत्ता में वापसी करने के लिए तैयार है। 300 सीटों वाली संसद में 151 से अधिक सीटों के साथ, बीएनपी गुरुवार को हुए ऐतिहासिक संसदीय चुनावों में बड़ी जीत की ओर अग्रसर है। खबरों के अनुसार, दोपहर के आसपास 11 दलों के गठबंधन का नेतृत्व कर रही जमात-ए-इस्लामी लगभग 75 सीटों पर आगे चल रही है या जीत हासिल करने के करीब है। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के सलाहकार सैयद मौअज्जम हुसैन अलाल ने बताया कि यह चुनाव आयोग, अंतरिम सरकार, राजनीतिक दलों और सबसे महत्वपूर्ण कारक, देश की आम जनता के सहयोग से आयोजित एक ऐतिहासिक चुनाव था।

### ढाका निर्वाचन क्षेत्र से हिंदू नेता की जीत

ढाका। बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में शुक्रवार को अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के वरिष्ठ बीएनपी नेता गायेश्वर चंद्र रॉय ने ढाका सीट से जीत हासिल की। रॉय ने ढाका-3 सीट पर 99,163 मत हासिल कर जमात-ए-इस्लामी के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को हराया। देश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सदस्यों के कथित उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में पूर्व मंत्री की ढाका सीट से जीत हुई है। दिसंबर में युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद से इस समुदाय को कई हमलों का सामना करना पड़ा है। भारत बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता व्यक्त करता रहा है। कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी द्वारा उतारे गए एकमात्र हिंदू उम्मीदवार को खुलना-1 निर्वाचन क्षेत्र में हार का सामना करना पड़ा।

## बीएनपी ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण पर दिया जोर

ढाका। बांग्लादेश के आम चुनावों में शानदार जीत हासिल करने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मुकदमा चलाने के लिए उनके भारत से प्रत्यर्पण की अपनी मांग दोहराई है। बीएनपी के वरिष्ठ नेता सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि विदेश मंत्री पहले ही उनके प्रत्यर्पण के पक्ष में तर्क दे चुके हैं, और हम भी इसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि हमनें हमेशा ही कानून के अनुसार उनके प्रत्यर्पण पर जोर दिया है। यह दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों का मामला है। हमने भारत सरकार से भी उन्हें बांग्लादेश वापस भेजने का आग्रह किया है ताकि वह वहां मुकदमे का सामना करें।

अहमद ने इस बात पर जोर दिया कि भारत समेत सभी पड़ोसी देशों के साथ बांग्लादेश सामान्य संबंध चाहता है, लेकिन केवल बराबरी के आधार पर। हमें भारत समेत सभी देशों के साथ परस्पर सम्मान और समानता पर आधारित मैत्रीपूर्ण संबंध चाहिए। उनकी यह टिप्पणी आम चुनावों में बीएनपी की शानदार जीत के तुरंत बाद आई। अगस्त 2024 में हुए जन विद्रोह के बाद यह पहला चुनाव है। इस विद्रोह के चलते हसीना को बांग्लादेश से भारत आने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

# मेघालय खदान धमाके की जांच एसआईटी को

- नौ सदस्यीय दल को त्वरित जांच करने के दिए गए निर्देश

शिलांग, एजेंसी

मेघालय पुलिस ने ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में हुए अवैध कोयला खदान विस्फोट की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। डीजीपी इदाशिषा नोंगरांग ने शुक्रवार को आदेश जारी करते हुए नौ सदस्यीय इस विशेष दल को निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

यह भीषण हादसा पांच फरवरी की सुबह माइन्सगट-थांगस्को क्षेत्र में हुआ था और इसमें अब तक 30 श्रमिकों की जान जा चुकी है। डीजीपी के आदेश के अनुसार, इस एसआईटी का नेतृत्व पुलिस उप महानिरीक्षक (पूर्वी रेंज) विवेकानंद सिंह राठौर करेंगे। जांच दल का मुख्य उद्देश्य खनन स्थल पर हुए विस्फोट के कारणों और उन परिस्थितियों का पता लगाना है, जिनकी वजह से इतना बड़ा हादसा हुआ। साथ ही, यह टीम अवैध खनन गतिविधियों के संबंध में न्यायालय और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन की भी बारीकी से पहचान करेगी। डीजीपी नोंगरांग ने स्पष्ट किया है कि एसआईटी को जांच एक समय सीमा में पूरी करनी होगी ताकि मामले को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जा सके और न्याय सुनिश्चित किया जा सके। इससे पहले 9 फरवरी को मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने भी इस अवैध कोयला खनन त्रासदी की जांच के लिए एक न्यायिक जांच आयोग के गठन की घोषणा की थी, जो हादसे की गहराई से जांच करेगा।

### विदेश में नौकरी तलाशने में नेपाली बरतें सावधानी

शिलांग। नई दिल्ली स्थित नेपाल दूतावास ने शुक्रवार को अपने नागरिकों से विदेश में रोजगार तलाशते समय सावधानी बरतने का आग्रह किया। मेघालय में पिछले सप्ताह एक अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट में मारे गए 31 लोगों में नेपाल के नौ श्रमिक भी शामिल थे। दूतावास ने कहा कि कोयला खदान कथित तौर पर अवैध रूप से संचालित की जा रही थी और अनधिकृत कार्यस्थलों पर दुर्घटनाओं की स्थिति में बचाव सेवाएं, मुआवजा और अन्य सुविधाएं प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए, रोजगार में शामिल होने से पहले जांच लें।

## अमेरिकी विवि में गोलीबारी में दो की मौत, एक घायल

- विश्वविद्यालय के एक आवासीय परिसर में हुई घटना

ऑरेंजबर्ग। अमेरिका के साउथ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी के एक आवासीय परिसर में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस घटना के चलते लगभग आठ घंटे का लॉकडाउन लगाया गया था, जिसे शुक्रवार सुबह हटा लिया गया। गुरुवार रात हुई गोलीबारी की घटना, चार अक्टूबर को एक समारोह के दौरान गोलीबारी की दो घटनाएं होने के चार महीने बाद हुई। उनमें से एक घटना में 19 वर्षीय एक युवती की मौत हो गई थी। वहीं, गोलीबारी की दूसरी घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया था। विश्वविद्यालय ने कहा कि गुरुवार की घटना में मारे गए लोगों की पहचान और घायल की हालत की जानकारी विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने नहीं दी है। गोलीबारी की सूचना मिलते ही रात करीब 9:15 बजे ऑरेंजबर्ग स्थित परिसर में लॉकडाउन लागू कर दिया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे लॉकडाउन हटा लिया गया। घटना के कारण शुक्रवार की कक्षाएं रद्द कर दी गईं।

## ईयू के नेताओं ने आर्थिक पुनर्गठन पर सहमति जताई

बिल्ज़ेन-होसेल्ट। यूरोपीय संघ के नेताओं ने 27 देशों के इस गुट की अर्थव्यवस्था को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए व्यापक पुनर्गठन योजना पर सहमति जताई है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख, चीन की दबावकारी नीतियों और रूस पर हाइब्रिड खतरे पैदा करने के आरोपों के बीच उठाया गया है। गुरुवार को बेल्जियम में हुई बैठक में नेताओं ने एक कार्ययोजना पर सहमति दी। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा, दबाव और तात्कालिकता की भावना बेहद प्रबल है। बताया कि मार्च में औपचारिक रूप से पेश की जाने वाली योजना में ऊर्जा ग्रिड के उन्नयन, वित्तीय एकीकरण को गहरा करने और विलय नियमों में ढील देने जैसे उपाय शामिल होंगे।

## चीनी प्रभुत्व को रोकने को एक मजबूत भारत जरूरी

- हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर अमेरिकी मंत्री ने की टिप्पणी

वाशिंगटन। दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों पर अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री एस. पॉल कपूर ने घोषणा की है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी प्रभुत्व को रोकने के लिए एक मजबूत और स्वतंत्र भारत जरूरी है। मंत्री ने संसदीय सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। संसदीय सुनवाई में दक्षिण और मध्य एशिया के रणनीतिक महत्व पर व्यापक सहमति दिखाई दी, हालांकि चीन के बढ़ते प्रभाव और राजनीतिक उथल-पुथल वाले इस क्षेत्र में अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर सांसद गहराई से विभाजित नजर आए। कपूर ने कहा कि अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है और अमेरिकी नीति का उद्देश्य केवल चीन को रोकना नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र में संतुलन और संप्रभुता बनाये रखना है। सुनवाई के दौरान व्यापार, कूटनीति और अफगानिस्तान नीति पर तीखे दलीय मतभेद हावी रहे। सांसदों ने इस पर बहस की कि अमेरिका को चीन के प्रभाव का मुकाबला कैसे करना चाहिए और बदलते राजनीतिक बदलावों पर क्या प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

# एक और जंगी पोत पश्चिम एशिया भेज रहा अमेरिका

- ईरान की सैन्य घेरेबंदी को और सख्त कर रहे राष्ट्रपति ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर दबाव बनाने और संभावित सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। इन योजनाओं से परिचित एक व्यक्ति ने गुरुवार को बताया कि इसी क्रम में अमेरिका के सबसे बड़े विमानवाहक पोत को कैरेबियन सागर से पश्चिम एशिया की ओर रवाना होने का आदेश दिया गया है।

सैन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी देने वाले व्यक्ति ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड की इस गतिविधि की खबर सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने दी थी। इसके तहत दो विमानवाहक पोत और उनके साथ मौजूद युद्धपोत इस क्षेत्र में तैनात हो जाएंगे। ट्रंप ईरान पर उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौता करने का दबाव बढ़ा रहे हैं। यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत और तीन गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक पोत दो सप्ताह से अधिक समय पहले पश्चिम एशिया पहुंचे थे। यह यूएसएस फोर्ड के लिए एक त्वरित बदलाव का संकेत है जिसे ट्रंप ने पिछले अक्टूबर में भूमध्य सागर से कैरिबियन सागर में भेजा था और प्रशासन ने वहां विशाल सेना की तैनाती की थी तथा अचानक कार्रवाई कर वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ लिया था।

## फलस्तीन एक्शन पर प्रतिबंध अवैध करार दिया गया

लंदन। ब्रिटेन के उच्च न्यायालय ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रदर्शनकारी समूह फलस्तीन एक्शन को आतंकवादी संगठन घोषित करने का निर्णय लिया जाना गैरकानूनी था। न्यायाधीश विक्टोरिया शार्प, जोनाथन स्विफ्ट और करेन स्टेन ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की अपील पर विचार किए जाने तक यह प्रतिबंध लागू रहेगा। पिछले साल ब्रिटेन सरकार ने फलस्तीन समर्थक समूह को अल-कायदा और हमास जैसे आतंकवादी संगठनों की श्रेणी में डाल दिया और फलस्तीन एक्शन की सदस्यता या समर्थन को अपराध घोषित कर दिया, जिसके लिए 14 साल तक की जेल हो सकती है। उस समय से मैं फलस्तीन एक्शन का समर्थन करने पर 2,000 से अधिक को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 14 फरवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 16.01 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- शिशिर।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- पूर्वाषाढ़ा 18.16 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** — आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। संतान के साथ अच्छा समय बिताएंगे। पिता के व्यवहार से आप व्यथित हो सकते हैं। दोस्तों के साथ पर्यटन के उद्देश्य से यात्रा कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में पुरानी पहचान का लाभ मिलेगा।

**वृष** — आज आप से मिलने के लिए मित्र घर आ सकते हैं। अचानक कई तरह के खर्चे सामने आएंगे। जीवनसाथी से अपने संबंध बेहतर रखें। अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। सरकारी कार्यों में थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**मिथुन** — आज दांपत्य संबंधों में सामंजस्य में प्रगाढ़ता का आनंद लेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में परेशानी होगी। नए कारोबार की शुरुआत करना उत्तम होगा। राजनीतिक लोगों को उच्चपद प्राप्त हो सकता है।

**कर्क** — आज आर्थिक स्थिति की उठापटक दूर होगी। सभी काम व्यवस्थित ढंग से पूर्ण हो जाएंगे। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अधिकारी वर्ग आपकी हर संभव सहायता करने को तैयार रहेगा। किसी पर सहज विश्वास न करें।

**सिंह** — आज उलझे हुए मामलों को समझदारी से सुलझा लेंगे। अपनी प्रतिभा को विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। महिलाएं अपने करियर को लेकर चिंतित हो सकती हैं। बच्चों की जरूरतों के लिए आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कन्या** — आज दिन की शुरुआत कमजोर हो सकती है। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें तो हितकर होगा। व्यापार में थोड़ी कमजोर स्थिति रहेगी। पैर में दर्द की समस्या से परेशान हो सकते हैं। प्रेम संबंधों की गलतफहमियां दूर करने के लिए समय उत्तम है।

**तुला** — आज व्यर्थ के विचारों से दूरी बनाकर रखें। कारोबार में इच्छानुसार परिवर्तन कर सकते हैं। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आपको सफलता मिल सकती है। उच्च प्रबंधन के पदों पर स्थित लोगों के ऊपर जिम्मेदारी बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — आज संपत्ति में निवेश के लिए दिन सुखद रहेगा। नया कारोबार शुरू करने में परेशानी हो सकती है। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। भविष्य को ध्यान में रखते हुए किसी योजना में निवेश करेंगे। परिवार के लोग आप से असंतिष्ट हो सकते हैं।

**धनु** — आज कार्यक्षेत्र में अस्थिरता दूर रहेगी। यदि अस्वस्थ हैं, तो डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। विद्वान लोगों से संपर्क बढ़ेगा। नए व्यवसाय में धन निवेश कर सकते हैं। कुछ लोग आपके व्यक्तिगत कार्यों में हस्तक्षेप करेंगे। जीवनसाथी काफी रोमांटिक मूड में रहेगा।

**मकर** — आज घनिष्ठ लोगों से मनमुटाव होने की आशंका है। दवाइयों पर धन खर्च बढ़ सकता है। जीवनसाथी के साथ वैचारिक तालमेल कम रहेगा। विवादित मामलों में अपनी प्रतिक्रिया न दें। विदेश में रह रहे मित्रों से लंबी चर्चा होने की संभावना है।

**कुंभ** — आज दिन का शुरुआती भाग अत्यधिक शुभ रहेगा। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। उत्तम भोजन का लाभ उठाएंगे। शत्रु वर्ग आपके विरुद्ध सक्रिय रहेगा, लेकिन कुछ नुकसान नहीं कर पाएगा। घर में बदलाव और सजावट संबंधी कार्य कर सकते हैं।

**मीन** — आज आप अपने सिद्धांतों में फेरबदल कर सकते हैं। परिजनों से शुभ सूचना मिल सकती है। किसी कानूनी मामले में आपको विजय मिलेगी। व्यापार में बड़ी बिक्री होने की संभावना है। माता-पिता के साथ संबंध बहुत ही अच्छे रहेंगे।

## सुडोकू -61

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 5 | 4 | | 6 | 7 |
| | 5 | | 2 | | | | | |
| | | 9 | | 6 | | | | |
| | | 2 | | | 3 | | 1 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 1 | | 8 | 9 | | 5 | | |
| | | | | 3 | | 4 | | |
| | 3 | | | | 1 | | 2 | |
| 7 | | 6 | | 2 | | | 3 | |

### सुडोकू - 60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 | 9 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 |



पेट के संक्रमण से उबर रहे आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने के लिए पूरी तरह फिट दिख रहे हैं। वह अगला मैच खेल सकते हैं।
–वरुण चक्रवर्ती


# स्टेडियम

कानपुर, शनिवार, 14 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| आयरलैंड-ओमान | पूर्वाह्न 11 बजे |
| स्कॉटलैंड-इंग्लैंड | दोपहर 3 बजे |
| न्यूजीलैंड-दक्षिण अफ्रीका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### ग्रुप में बादशाहत बनाने के लिए उतरेंगे द. अफ्रीका-न्यूजीलैंड

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका का सुपर आठ में पहुंचना तय है और ऐसे में शनिवार को यहां जब दोनों टीम आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल करने की अपनी कोशिशों को अमली जामा पहनाना होगा। दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मैच जीते हैं। न्यूजीलैंड ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। इससे पहले सीफर्ट और फिन एलन के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया था। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए अपनी आक्रामक क्षमता का बेहतरीन नमूना पेश किया है। उन्होंने कनाडा के खिलाफ चार विकेट पर 213 रन बनाए, जिसमें कप्तान एडन मार्क्रम ने 32 गेंदों में 59 रन, डेविड मिलर (नाबाद 39) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 34) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### स्कॉटलैंड पर जीत से अपना अभियान पटरी पर लाना चाहेगा इंग्लैंड

**कोलकाता।** अब तक अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम रही इंग्लैंड की टीम को अगर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में बड़ी जीत हासिल करनी होगी। वेस्टइंडीज लगातार दो जीत के साथ इस ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि स्कॉटलैंड, इटली और इंग्लैंड तीनों ने एक-एक जीत हासिल की है। नेट रन रेट के आधार पर स्कॉटलैंड ने इटली पर मिली बड़ी जीत से दूसरा स्थान हासिल किया है। इसलिए शनिवार को होना वाला मैच दूसरे स्थान की दौड़ में किसी भी टीम को निर्णायक बढ़त दिला सकता है क्योंकि इन दोनों टीम से अपने अंतिम ग्रुप मैच जीत हासिल करने की उम्मीद है। अपने अंतिम लीग मैच में स्कॉटलैंड का सामना नेपाल से और इंग्लैंड का इटली से होगा।

### आयरलैंड के कप्तान स्टर्लिंग को करना होगा प्रेरणादायी प्रदर्शन

**कोलंबो।** आयरलैंड की लगातार दो हार के बाद सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं लेकिन शनिवार को यहां ओमान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में वह अपने कप्तान पॉल स्टर्लिंग से प्रेरणादायी प्रदर्शन की उम्मीद करके जीत हासिल करना चाहेगा। दोनों टीमों ने अब तक अपने दोनों मैच में हार का सामना किया है और वे टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब होंगी। आयरलैंड को सह-मेजबान श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया से क्रमश: 20 और 67 रन से हार का सामना करना पड़ा, वहीं ओमान को जिम्बाब्वे ने आठ विकेट से और श्रीलंका ने 105 रन से करारी शिकस्त दी। बड़े टूर्नामेंटों में खेलने के अनुभव के आधार पर आयरलैंड की टीम ओमान के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी।

# मैं अब बदला गया हूं, चौबीसों घंटे मजाक नहीं करता : ईशान किशन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने स्वीकार किया कि अपने व्यक्तित्व में बदलाव ने उन्हें एक बेहतर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किशन ने पिछले महीने भारतीय टीम में वापसी के बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा है। अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने संजू सैमसन को पीछे छोड़कर विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने गुरुवार रात नामीबिया के खिलाफ 24 गेंदों में 61 रन बनाए और पावरप्ले में भारत को एक विकेट पर 86 रन तक पहुंचाया।

अभिषेक शर्मा की अनुपस्थिति में खेली गई इस तूफानी पारी के चलते भारत ने टी20 विश्व कप के इतिहास में पावरप्ले में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। भारत की जीत के बाद किशन ने पत्रकारों को बताया कि एक व्यक्ति और क्रिकेटर के रूप में उनमें क्या बदलाव आया है। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब वह पहले की तरह मजाक नहीं करते। अतीत में अपने व्यवहार के कारण उन्हें केंद्रीय अनुबंध से हाथ धोना पड़ा था। किशन ने कहा सच कहूं तो मुझे लगता है कि मैं अब काफी बदल गया हूं। मैं अब पहले की तरह बहुत अधिक मजाक नहीं करता। मुझे चुटकुले और इस तरह की चीज पसंद हैं लेकिन अब मैं हर समय ऐसा नहीं करता हूं और दो तीन घंटे के लिए ही ऐसा करता हूं। किशन ने कहा मैं अभी सिर्फ बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग पर ध्यान दे रहा हूं, जिससे टीम और मुझे दोनों को फायदा होगा। बाकी सब चीजें गौण हैं, इसलिए मैं हमेशा मजाक नहीं करता।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने बड़े शॉट खेलने में अधिक निरंतरता हासिल कर ली है। गुरुवार को उन्होंने जेजे स्मिट के एक ओवर में चार छक्के जड़े। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके बल्लेबाजी के तरीके में कोई बदलाव आया है जिससे उन्हें अधिक खुलकर बल्लेबाजी करने की छूट मिल रही है, तो किशन ने कहा कि वह कभी-कभी एक दो रन भी लेते हैं। उन्होंने कहा मैं एक दो रन भी लेता हूं और अच्छी गेंदों को पूरा सम्मान भी देता हूं। लेकिन मुझे नहीं पता कि मैंने इसके लिए बहुत ज्यादा मेहनत की है। मैं पिच पर शांत रहने और गेंद पर नजर रखने की कोशिश कर रहा हूं। मैं उन शॉट को खेलने की कोशिश कर रहा हूं जो मुझे पहले से आते हैं, लेकिन कभी-कभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप उत्साहित हो जाते हैं और ऐसे शॉट खेल देते हैं। उन्होंने कहा इसलिए मैं सिर्फ अपने उन शॉट को खेलने की कोशिश कर रहा हूं जिनमें मैं माहिर हूं और जो उस विकेट पर उपयुक्त हैं।

### अपनी गेंदबाजी पर काम कर रहा हूं : चक्रवर्ती

**नई दिल्ली।** भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नामीबिया के खिलाफ अपनी फिरकी का जादू चलाने के बाद कहा कि वह अपनी गेंदबाजी में और विविधता लाने के अलावा मौजूदा गेंदों को बिलकुल सटीक बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारत के 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया की टीम एक समय 10वें ओवर में दो विकेट पर 86 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन चक्रवर्ती (दो ओवर में सात रन पर तीन विकेट) ने उसके मध्यक्रम की रीढ़ तोड़ दी और टीम 116 रन पर सिमट गई। चक्रवर्ती ने कहा कि उन्होंने अपनी गेंदबाजी में विविधता (वेरिएशन) लाने के अलावा मौजूदा गेंदों को बेहतर करने पर अधिक ध्यान दिया है।



## ब्रायन बेनेट की अर्धशतकीय पारी के बाद ब्लेसिंग मुजरबानी ने की घातक गेंदबाजी

# जिम्बाब्वे का बड़ा उलटफेर ऑस्ट्रेलिया को किया हतप्रभ

**टी-20 विश्व कप**

**कोलंबो, एजेंसी**



ऑस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते जिम्बाब्वे के खिलाड़ी। एजेंसी

सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट की नाबाद 64 रन की पारी तथा तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैड इवांस की घातक गेंदबाजी की मदद से जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को यहां पूर्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर टी20 विश्व कप में बड़ा उलटफेर किया। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद दो विकेट पर 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर हो गई।

मुजरबानी ने 17 रन देकर चार और इवांस ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से केवल मैट रेनशॉ ही संघर्ष कर पाए। उन्होंने 44 गेंद पर 65 रन बनाए जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है। जिम्बाब्वे ने इससे पहले 2007 के टी20 विश्व कप में भी ऑस्ट्रेलिया को हराया था। चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के इस हार से समीकरण बिगड़ गए हैं जबकि जिम्बाब्वे लगातार दूसरी जीत से चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। बेनेट ने 56 गेंदों पर सात चौके लगाकर जिम्बाब्वे के लिए मजबूत स्कोर की नींव रखी। जिम्बाब्वे ने 15 ओवर तक एक विकेट पर 125 रन बना लिए थे लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम ओवरों में वापसी की और आखिरी पांच ओवरों में केवल 44 रन ही दिए। विकेटकीपर तादिवानाशे मारुमानी (35) और रयान बर्ल (35) ने भी उपयोगी योगदान दिया, जबकि कप्तान सिकंदर रजा 13 गेंदों पर 25 रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे के विकेट बचे हुए थे और वह जोखिम भरे शॉट खेल सकता था लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। उसकी पूरी पारी में सिर्फ एक छक्का लगा।

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले पांच ओवर के अंदर ही 29 रन पर चार विकेट गंवा दिए। जोश इंग्लिश (08) में पारी के पहले ओवर में सिकंदर रजा पर छक्का लगाया। इस ओवर में 13 रन बने लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की पारी लड़खड़ा गई। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मुजरबानी ने पारी के दूसरे ओवर में अपनी पहली गेंद पर ही इंग्लिश को आउट कर दिया जबकि कैमरन ग्रीन और टिम डेविड खाता भी नहीं खोल पाए। इवांस ने ग्रीन को विकेट के पीछे कैच कराया जबकि मुजरबानी ने डेविड को आउट करके अपना दूसरा विकेट लिया। विकेटों के पतन की कहानी यहीं पर नहीं रुकी तथा कार्यवाहक कप्तान ट्रैविस हेड (17) पांचवें ओवर में इवांस की गेंद को अपने विकेट पर खेल गए। ऑस्ट्रेलिया ने पावर प्ले में चार विकेट पर 38 रन बनाए। रेनशॉ और ग्लेन मैक्सवेल (32 गेंद पर 31 रन) ने इसके बाद विकेट बचाए रखने को प्राथमिकता दी और पांचवें विकेट के लिए 59 गेंद में 77 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 11 ओवर तक चार विकेट पर 72 रन था। मैक्सवेल ने इसके बाद वेलिंगटन मासकादजा पर छक्का लगाकर अपने हाथ खोले जबकि रेनशॉ ने भी इसी गेंदबाज के अगले ओवर में छक्का और चौका लगाया। इसके बाद लेग स्पिनर रयान बर्ल ने गेंद थामी और अपने पहले ओवर में ही मैक्सवेल को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को करारा झटका दिया। मार्कस स्टोइनिस (06) ने चौका जड़कर खाता खोला लेकिन मासकादजा ने उन्हें अगले ओवर में पवेलियन की राह दिखा दी। मुजरबानी ने इसके बाद रेनशॉ को मिड ऑफ पर कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की सही उम्मीद को भी समाप्त कर दिया।



**04 विकेट**

ब्लेसिंग मुजरबानी।

### यह अविश्वसनीय है : कप्तान रजा

**कोलंबो।** जिम्बाब्वे के कार्यवाहक कप्तान सिकंदर रजा ने आस्ट्रेलिया पर 23 रन से मिली जीत को अविश्वसनीय करार देते हुए कहा कि टीम की एकजुटता, माहौल और संस्कृति ने इसे संभव कर दिखाया। जिम्बाब्वे ने आर प्रेमदासा स्टेडियम पर ग्रुप बी के मैच में आस्ट्रेलिया को हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। रजा ने मैच के बाद कहा बहुत खुश हूं और गौरवान्वित भी। बड़े भाई की तरह महसूस कर रहा हूं जिसके छोटे भाई मिलकर इतना कुछ हासिल कर रहे हैं। रजा ने 13 गेंद में नाबाद 25 रन बनाये और गेंदबाजी की शुरुआत की लेकिन नौवें ओवर में मांसपेशी में खिंचाव के कारण उन्हें मैदान से जाना पड़ा। उन्होंने कहा बाहर से देखकर बहुत अच्छा लगा कि टीम ने कैसे जीत हासिल की। टीम के माहौल, एकता और संस्कृति के कारण ही यह हो सका। बाहर से देखकर गर्व महसूस कर रहा था। यह अविश्वसनीय है।

### अमेरिका ने नीदरलैंड्स को दिया 197 रनों का लक्ष्य

**चेन्नई।** अमेरिका ने साईतेजा मुक्कमल्ला (79 रन) के अर्धशतक और अंत में शुभम रंजने की नाबाद 48 रन की पारी की मदद से शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नीदरलैंड्स के खिलाफ छह विकेट पर 196 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मुक्कमल्ला की 51 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े थे। उन्होंने कप्तान मोनंक पटेल (36) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन और मुंबई के पूर्व ऑलराउंडर रंजने (24 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ चौथे विकेट के लिए 54 रन जोड़े। हैदराबाद में वीवीएस लक्ष्मण की क्रिकेट अकादमी में ट्रेनिंग ले चुके मुक्कमल्ला की बल्लेबाजी की खासियत उनके 'ऑफ-साइड' पर लगाए गए शॉट रहे जिसमें कवर्स के ऊपर लगे छक्के शामिल थे। वहीं रंजने ने पारी के अंत में नीदरलैंड के गेंदबाजों की योजना को असफल करते हुए रन जुटाए। पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतक जड़ने वाले रंजने अच्छी फॉर्म में थे।

# अर्शदीप की जगह कुलदीप को उतारे भारत : गावस्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए दिए सुझाव



श्रीलंका की पिचें स्पिनरों के लिए मददगार हैं और भारत का तीन स्पिनरों के साथ खेलने का इतिहास रहा है। मुझे उम्मीद है कि कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा।
–सुनील गावस्कर

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को उम्मीद है कि रविवार को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में भारतीय टीम तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह लेग स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करेगी।

नामीबिया के बल्लेबाजों ने गुरुवार को अर्शदीप की जमकर धुनाई की और उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर भी पूरे नहीं किए। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा हमारे सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। अर्शदीप ने अपने चार ओवर पूरे नहीं किए, जबकि शिवम दुबे ने दो ओवर और हार्दिक ने अपना कोटा पूरा किया। इससे संकेत मिलता है कि कुलदीप यादव पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्शदीप की जगह ले सकते हैं।

गावस्कर ने कहा कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच को ध्यान में रखते हुए ही अपनी गेंदबाजी में बदलाव किये। उन्होंने कहा हार्दिक ने पहला ओवर किया जिससे संकेत मिलता है कि अर्शदीप पाकिस्तान के खिलाफ शायद नहीं खेलेंगे। वरुण चक्रवर्ती ने केवल दो ओवर फेंके और अगर उन्होंने अपने पूरे चार ओवर फेंके होते तो वह पांच या छह विकेट ले लेते।'''' गावस्कर ने कहा वरुण की सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी उसे गेंदबाजी करने के लिए कहा जाता है, वह विकेट लेता है। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में दो विकेट लिए, यह अच्छा संकेत है। गावस्कर ने इसके साथ ही कहा कि अस्वस्थ अभिषेक शर्मा की जगह अंतिम एकादश में बल्लेबाज के रूप में शामिल किए गए संजू सैमसन को क्रीज से काफी दूर जाकर खेलने में परेशानी हो रही है। सैमसन आठ गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें तीन छक्के शामिल थे। उन्होंने कहा संजू सैमसन की समस्या तकनीकी है। वह क्रीज में बहुत पीछे चले जाते हैं और फ्लिक शॉट खेलते हैं। उन्हें सुधार करने की जरूरत है, खासकर जब वह पारी की शुरुआत करते हैं।



कोलंबो में भारत के खिलाफ मैच के पहले अभ्यास सत्र के दौरान टीम के साथियों के साथ पाकिस्तान के शादाब खान (बीच में)। एजेंसी

# कनाडा को 5 विकेट से हराकर यूएई ने दर्ज की पहली जीत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



अर्धशतकीय पारी के बाद जश्न मनाते यूएई के बल्लेबाज आर्यांश शर्मा। एजेंसी

जुनैद सिद्दीकी के पांच विकेट के बाद आर्यांश शर्मा (53 गेंद में नाबाद 74) और शोएब खान (29 गेंद में 51 रन) की अर्धशतकीय पारियों से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को यहां कनाडा को पांच विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की।

प्लेयर ऑफ द मैच सिद्दीकी ने चार ओवर में 35 रन देकर पांच झटके जिससे कनाडा की पारी सात विकेट पर 150 रन पर रूक गयी। यूएई ने दो गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 154 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। यह दोनों टीमों के बीच इस प्रारूप के दो मैचों में यूएई की दूसरी जीत है। आर्यांश ने 53 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाये जबकि शोएब ने 29 गेंद की पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाकर लक्ष्य का पीछा करते समय दबाव हावी नहीं होने दिया। दोनों की साझेदारी उस समय शुरू हुई जब टीम 13वें ओवर में 66 रन पर चार विकेट गंवा कर मुश्किल में थी। इससे पहले दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। कनाडा को दक्षिण अफ्रीका से 57 रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि यूएई को न्यूजीलैंड ने 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी।

- प्लेयर ऑफ द मैच सिद्दीकी ने चार ओवर में 35 रन देकर पांच झटके

**टी20 विश्व कप**

## पाकिस्तानी गेंदबाज का गेंद फेंकने के दौरान क्षणिक विराम और क्रीज पर मूर्ति जैसी मुद्रा बल्लेबाजों को कर रही हैरान

# उस्मान तारिक का अनोखा एक्शन बना विवाद का विषय

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक का गेंद फेंकने के दौरान क्षणिक विराम और क्रीज पर मूर्ति जैसी मुद्रा ने टी20 विश्व कप के दौरान कई लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। ऐसा लगता है कि वह बल्लेबाजों को भ्रम में डालने के लिए ऐसा करते हैं जिसको लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही विवाद भी खड़ा हो गया है।

तारिक की रुक-रुक कर गेंद फेंकने की शैली को अवैध गेंद कहना या क्रिकेट की भाषा में कहें तो चकिंग कहना। उनके गेंदबाजी एक्शन की दो बार रिपोर्ट भी की गई लेकिन दोनों अवसरों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनके एक्शन को सही करार दिया। इस 28 वर्षीय ऑफ स्पिनर के अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन ने पहले ही खेल के सबसे छोटे प्रारूप में कुछ खिलाड़ियों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उन्होंने इस सप्ताह श्रीलंका में अपने पहले टी20 विश्व कप मैच में अमेरिका के खिलाफ तीन विकेट लिए थे। क्रिकेट के नियमों के अनुसार तारिक के एक्शन को अवैध ठहराना आसान भी नहीं है। किसी गेंदबाज के एक्शन को अवैध करार देने के लिए सबसे पहला कारण 15 डिग्री का नियम है। इस नियम के अनुसार गेंदबाज अपनी कोहनी को 15 डिग्री की सीमा से अधिक नहीं मोड़ सकता है जिसका मैदान पर मौजूद अंपायरों के लिए वास्तविक समय में सटीक आकलन करना लगभग असंभव है। ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन और दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज कुछ ऐसे उल्लेखनीय खिलाड़ी हैं जो तारिक के गेंदबाजी एक्शन से हैरान रह गए थे। नवंबर में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तारिक की दूसरी ही गेंद पर पावर हिटर ब्रेविस आउट हो गए।



### शीर्ष क्रिकेट तक आसान नहीं रहा सफर

पाकिस्तान के स्पिनर तारिक का शीर्ष स्तर के क्रिकेट तक का सफर आसान नहीं था। पिछले दो सत्र में देश के प्रमुख घरेलू टी20 टूर्नामेंट पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए उनके खिलाफ दो बार शिकायत दर्ज की गई, लेकिन दोनों ही मौकों पर लाहौर स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में परीक्षण के बाद उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया।

**11** विकेट लिए हैं अब तक केवल चार टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 88 गेंदों पर

मेरी बांह में दो कोहनी हैं। मेरी बांह स्वाभाविक रूप से मुड़ती है। मैंने इसकी जांच करवाई है और रिपोर्ट में यह स्पष्ट है। हर कोई महसूस करता है कि मैं अपनी बांह मोड़ता हूं। मेरी मुड़ी हुई बांह एक जैविक समस्या है।
–उस्मान तारिक

### जब वह रुकें तो बल्लेबाज क्रीज से दूर हट जाएं : अश्विन

**नई दिल्ली।** दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पाकिस्तान के ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक की अनूठी साइड आर्म एक्शन से की गई गेंदों का सामना करने के लिए भारतीय बल्लेबाजों के लिए एक सरल सुझाव दिया है कि जब वह गेंद फेंकने से पहले रुके तो बस क्रीज से दूर हट जाएं। तीस वर्षीय तारिक की रुक-रुक कर गेंदबाजी करने की शैली काफी चर्चा में है। उन्होंने अब तक केवल चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और प्रति ओवर छह रन से भी कम के इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले मैच में वह प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिच पर निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।